kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-168 ❑ रविवार, 20 जुलाई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



हम एक राष्ट्र हैं, और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का हिस्सा हैं। हम एकजुटता के साथ काम करते हैं, समन्वय के साथ। हमारे बीच आपसी सम्मान है, कूटनीतिक संवाद हैं, लेकिन अंततः, हम संप्रभु हैं और अपने निर्णय स्वयं लेते हैं। जगदीप धनखड़

भारत की अमूल्य धरोहर गिर को देखने अवश्य आना चाहिए: चौहान 11

मुख्यमंत्री नीतीश ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा 12

## संक्षेप

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के तीन अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में भ्रष्टाचार निरोधक (एंटी करप्शन) टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के सहायक अभियंता (एई), कनिष्ठ अभियंता (जेई) सहित तीन लोगों को 25 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रामनगर पड़ाव स्थित वीडीए कार्यालय के बाहर की गई, जहां कार से रिश्वत की राशि बरामद की गई। रामनगर निवासी अजय कुमार गुप्ता की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने यह कार्रवाई की। अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि वे पंचवटी रोड के पास निर्माण कार्य करा रहे थे। इस दौरान वीडीए अधिकारियों ने उनके निर्माण को तोड़ने का दबाव बनाया और कार्रवाई न करने के एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन टीम ने सहायक अभियंता गौरव प्रकाश सिंह, कनिष्ठ अभियंता अशोक कुमार यादव और कर्मचारी मोहम्मद अनस को रिश्वत लेते पकड़ा। टीम इनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल रहा

**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला। जनरल चौहान ने शनिवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने 81वें स्टाफ कोर्स के छात्र अधिकारियों, कॉलेज के स्थायी कर्मचारियों और वेलिंगटन के स्टेशन अधिकारियों को संबोधित किया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक व्याख्यान दिया और भारतीय सशस्त्र बलों के सफल अभियानों के दौरान तीनों सेनाओं के शानदार तालमेल के महत्वपूर्ण पहलुओं का उल्लेख किया। कॉलेज के संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए जनरल चौहान ने तीनों सेनाओं के एकीकरण और संयुक्तता की अनिवार्यता, क्षमता विकास, आत्मनिर्भरता और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों पर ज़ोर दिया। कॉलेज के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने उन्हें कॉलेज में प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी।

### मिनी ट्रक की टक्कर से दो मरे

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में शनिवार अपराह्न डीसीएम की टक्कर से साइकिल सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह ने बताया कि मिर्ची से भरा एक डीसीएम लोडर महाराष्ट्र जा रहा था। शाम करीब तीन बजे देहात थाना क्षेत्र के करहिया गांव निवासी समर सिंह (18) अपने नंदकिशोर (25) के साथ साइकिल से बांदा आ रहा था कि करहिया गांव के मोड़ पर डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### यूपी पुलिस ने एक और अवैध धर्मांतरण गिरोह का किया भंडाफोड़

# छह राज्यों से 10 गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। अवैध धर्मांतरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस का अभियान जारी है। हाल ही में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इसी कड़ी में छांगुर की तरह ही एक और गैंग का आगरा पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया है। गिरोह में शामिल दस लोग अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किये गए हैं। ये लोग प्रेलोभन देकर कम उम्र की लड़कियों को फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन कराते थे। इस काम के लिए इन्हें विदेशों से फंडिंग होती है।

लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में शनिवार दोपहर को आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के साथ पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने प्रेसावर्ता की। डीजीपी ने बताया कि पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में कार्य करते हुए पुलिस ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम गोवा निवासी आयशा, पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी अली हसन, ओसामा, आगरा से रहमान कुरैशी, मुजफ्फरनगर निवासी अब्बू तालिब, उत्तराखंड के देहरादून निवासी अबुर रहमान, राजस्थान के जयपुर निवासी मोहम्मद अली, जुनैद कुरैशी, दिल्ली का मुस्तफा और जयपुर का मोहम्मद अली है।

डीजीपी ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ में पता चला है कि ये विभिन्न राज्यों में रहने वाली कम उम्र की लड़कियों को प्रलोभन, लव जिहाद एवं अन्य तरीके से प्रभावित कर धर्मांतरण का कार्य करते थे। अतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के सिग्नेचर स्टाइल में अवैध धर्मांतरण का काम करने का यह ढंग है। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इस ग्रुप का संबंध पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) और पाकिस्तान आतंकी संगठनों से भी होने के संकेत मिले है। मामले की कार्रवाई में आगरा पुलिस के साथ एसटीएफ, एटीएस को भी लगाया गया है। जरूरत पड़ने पर राज्यों और केंद्रीय जांच एजेंसी का भी सहयोग लिया जाएगा।

आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि मार्च महीने में दो सगी बहनों की गुमशुदी थाना सदर बाजार में दर्ज की गई। पुलिस ने साइबर सेल की मदद ली। घटना की तह तक जाने पर पता चला कि कई प्रदेश में बैठे हुए ऐसे लोग जो लव जिहाद में संलिप्त थे, उनकी फंडिंग कनाडा और अमेरिका से हो रही थी। साक्ष्य जुटाने के बाद पश्चिम बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अभियान चलाकर उपरोक्त 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस नेटवर्क में लव जिहाद के उपयोग के लिए इन लोगों को विदेश से प्राप्त धन और धर्म परिवर्तन के साक्ष्य मिले हैं। अभियुक्त अलग-अलग रोल निभाते थे, जिसमें फंड प्राप्त करना, फंड को चैनलाइज करना, सैफ हाउस देना, लीगल एडवाइस देना, प्रेम जाल में फंसाना, धर्म परिवर्तन के लिए सब्जबाग दिखाकर प्रेरिक करना, धर्म परिवर्तन के लिए कागज तैयार करना आदि चीजें शामिल है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच चल रही हैं, जिसमें और बड़े खुलासे होंगे।

**साजिश**

- ❑ आगरा से लापता दो बहनों के मामले की जांच में सामने आया था मामला
- ❑ अवैध धर्मांतरण गिरोह युवतियों को बरगलाकर, प्रलोभन और नौकरी के नाम पर कराता था धर्मांतरण
- ❑ अवैध धर्मांतरण के लिए कनाडा, अमेरिका और दुबई समेत विभिन्न देशों से की जा रही फंडिंग
- ❑ आईएसआईएस के कट्टरपंथी मॉड्यूल पर काम कर रहे अवैध धर्मांतरण गिरोह
- ❑ पुलिस की शुरुआती जांच में पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों से गिरोह के संबंध होने के मिले हैं संकेत



**धर्मांतरण का कौन धंधेबाज कहां से पकड़ा गया**

आयशा (एसबी कृष्णा)-गोवा, अली हसन (शेखर रॉय)-कोलकाता, ओसामा-कोलकाता, रहमान कुरैशी-आगरा, अब्बू तालिब-खालापार, मुजफ्फरनगर, अबुर रहमान-देहरादून, मोहम्मद अली-जयपुर राजस्थान, जुनैद कुरैशी-जयपुर, मुस्तफा (मनोज)-दिल्ली, मोहम्मद अली-जयपुर

**छांगुर का भतीजा सबरोज और साथी भी गिरफ्तार**

**लखनऊ।** एटीएस ने शनिवार को अवैध धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के सरगना जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के भतीजे सबरोज और उसके साथी शहाबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों उतरौला के रहेरामाफी के रहने वाले है। सबरोज को दो दिन पहले एसटीएफ ने पकड़ा था। उसे 12 घंटे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था। इन दोनों को बलरामपुर से पकड़ा गया है। अब तक धर्मांतरण के इस मामले में सात लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पांच जुलाई को छांगुर और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को एटीएस ने गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया था। छांगुर और नीतू ने रिमाण्ड पर कई राज ● शेष पेज 11 पर

## नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर अटकलों का बाजार गर्म





**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- ❑ योगी का दिल्ली दौरा अहम, योगी ने प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात
- ❑ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उनके दिल्ली के सरकारी आवास पर मुलाकात की।

मुख्यमंत्री योगी ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और नड्डा का आभार जताया है। उन्होंने लिखा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता प्रधानमंत्री मोदी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय मार्गदर्शन प्राप्त किया। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए हृदयतल से आभार। इसके साथ उन्होंने नड्डा का भी आभार जताया।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गईं, जिससे दिल्ली और उत्तर प्रदेश दोनों में संभावित राजनीतिक बदलावों की अटकलों को बल मिला। अब, जब सीएम योगी दिल्ली में हैं, तो राजनीतिक गलियारों में राज्य भाजपा नेतृत्व में संभावित बदलावों को लेकर नए सिरे से चर्चायें हो रही हैं। एक पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, संभावित नेतृत्व परिवर्तन के लिहाज से मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा महत्वपूर्ण है। नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कई नामों पर विचार किया जा रहा है और यह दौरा उसी निर्णय प्रक्रिया से जुड़ा हो सकता है। वरिष्ठ पार्टी नेताओं का कहना है कि विचाराधीन नामों में केशव प्रसाद मौर्य, रेखा ● शेष पेज 11 पर

## शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा ने दी जान

**एजेंसी**

- ❑ सुसाइड नोट में दो शिक्षकों पर प्रताड़ना का आरोप, छात्रों में आक्रोश, दो के खिलाफ मामला दर्ज

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में शनिवार देर रात बीडीएस सेकंड ईयर की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रा के परिजन भी मौके पर पहुंचे। इस घटना को लेकर छात्रों में आक्रोश है।

छात्रा के कमरे से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने विश्वविद्यालय के डेंटल डिपार्टमेंट की एक महिला और एक पुरुष शिक्षक पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मृतका विश्वविद्यालय में बीडीएस सेकंड ईयर की छात्रा थी और हाल ही में वह मानसिक दबाव में नजर आ रही थी। छात्रा की आत्महत्या की खबर फैलते ही हॉस्टल में हड़कंप मच गया। नाराज छात्रों ने देर रात हॉस्टल परिसर में जोरदार हंगामा किया और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

सुबह के समय छात्रों ने प्रदर्शन किया था। मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह से उन्हें समझाया। विरोध करने वाले छात्रों के साथ पुलिस की नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने मामले में परिजन की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। दो प्रोफ़ेसर को हिरासत में लिया है। छात्रों की मांग है कि प्रोफ़ेसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। छात्रों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के साथ-साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और कमरे का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने छात्रा के परिजनों से बात कर स्थिति को ● शेष पेज 11 पर

## लखनऊ में स्कूल वैन चालक ने बच्ची से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

लखनऊ। इंदिरानगर थाना क्षेत्र में चार साल की बच्ची से स्कूल वैन चालक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। स्कूल प्रबंधक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) शशांक सिंह ने शनिवार को बताया कि 17 जुलाई को पीड़ित परिवार ने इंदिरानगर थाना में तहरीर दी। पीड़ित ने बताया कि उनकी चार साल की बेटी सेक्टर-10 स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। उसे लाने-ले जाने के लिए स्कूल वैन लगी है। महिला ने बताया कि बीते दिनों वैन चालक लवकुश नगर निवासी मोहम्मद आरिफ ने उनकी बेटी के साथ गंदी हरकत की है। घर आने पर बेटी ने उसकी करतूतों के बारे में बताया था। जब वह इसकी शिकायत लेकर स्कूल प्रबंधक संदीप कुमार के पास पहुंची तो उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। इधर चालक ने परिवार को धमकाया। इसके बाद पीड़ति परिजनों ने आरोपित चालक के खिलाफ ● शेष पेज 11 पर

## यूपी से बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक कामर्शियल गाड़ियां ही दिल्ली जा सकेंगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- ❑ इस साल एक नवम्बर से यूपी में भी यह नियम लागू होगा
- ❑ दिल्ली सरकार पहले ही ऐसा आदेश दे चुकी
- ❑ परिवहन आयुक्त ने वायु गुणवत्ता प्रबन्धन आयोग के निर्देश पर दिया आदेश
- ❑ यह प्रतिबंध दिल्ली में पंजीकृत वाहनों पर लागू नहीं होगा




लखनऊ। यूपी की सीमा से अब बीएस-6 डीजल, सीएनजी, एलएनजी और इलेक्ट्रिक कामर्शियल वाहन ही एक नवम्बर 2025 से दिल्ली में प्रवेश कर सकेंगे। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देश पर यूपी में यह आदेश दिया है। दिल्ली सरकार जून में ही इन मानकों से अलग वाहनों के प्रवेश को एक नवम्बर से प्रतिबन्धित करने की घोषणा कर चुकी है।

परिवहन आयुक्त ने अपने आदेश में कहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की बड़ी वजह वाणिज्यिक वाहनों से उत्पन्न उत्सर्जन को बताया गया। वहां की सरकार ने पर्यावरण हित में उक्त वाहनों को नियंत्रित करना जरूरी बताया। इस पर निर्णय लिया गया कि इस साल एक नवम्बर से दिल्ली में हल्के, मध्यम व भारी माल वाहन तभी प्रवेश कर सकेंगे जब वे बीएस-6, सीएनजी, एलएनजी व इलेक्ट्रिक वेहिकल सिस्टम पर आधारित होंगे। इसके अलावा अन्य सभी वाहनों का प्रवेश दिल्ली में नहीं होने दिया जाएगा।

इन पर भी ये नियम लागू होगा परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह के मुताबिक आल इंडिया टूरिस्ट परमिट, संस्थागत, स्कूल बसें और अन्य सेवा परमिट से जुड़ी बसें भी दिल्ली में केवल सीएनजी, ईवी, बीएस-6 डीजल आधारित होने पर ही दिल्ली में प्रवेश पा सकेंगी। आदेश में यह भी साफ किया गया है कि यह प्रतिबंध दिल्ली में पंजीकृत वाहनों पर लागू नहीं होगा। सभी प्राधिकरणों को ये निर्देश दिए गए परिवहन विभाग ने सभी क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों को निर्देश दिया हैकि परमिट शर्तों में जरूरी संशोधन किया जाए जिससे वह एक नवम्बर के दिल्ली में प्रतिबन्धित वाहन प्रवेश न कर सके। सभी कार्मशियल वाहनों के मालिक व परिचालकों को इस बारे में हर माध्यम से सूचना दी जाए। परिवहन संघों के साथ बैठक कर जागरुकता अभियान चलाया जाए। दिल्ली सीमा पर चेक प्वाइंट पर सत्यापन प्रणाली सिस्टम से काम कराया जाए। सीएक्यूएम का यह निर्देश ● शेष पेज 11 पर

## ग्राम पंचायतों में हर महीने तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल लगेगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



- ❑ पर्यावरण संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी होगी

लखनऊ। प्रदेश के गांवों में हरियाली को बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाया है। अब सभी ग्राम पंचायतों में हर महीने तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल लगाई जाएगी। तीसरे शुक्रवार को अवकाश होने की स्थिति पर इसे अगले दिन आयोजित किया जाएगा। आम लोगों की पर्यावरण संरक्षण के प्रति भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार की ओर से यह पहल की जा रही है। अच्छा कार्य करने वाली प्रगतिशील ग्रीन चौपाल को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम चौपाल के माध्यम से हर गांव को हरित गांव के रूप में विकसित किया जाए।

ग्रीन चौपाल में ग्राम प्रधान को अध्यक्ष बनाया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव संयोजक होंगे और किसान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिला व प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक इसके सदस्य होंगे। वहीं प्रगतिशील कृषक, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह की एक महिला प्रतिनिधि और जैव प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि को भी सदस्य के रूप में इसमें शामिल किया जाएगा। जिला पौधरोपण समिति ग्रीन चौपाल ● शेष पेज 11 पर

### रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव - 2025 में केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार के प्रयासों को सराहा

## छोटे राज्यों, पूर्वी राज्यों के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं: शाह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रुद्रपुर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड निवेश उत्सव पर यहां कहा कि जब तक छोटे राज्यों और पूर्वोत्तर के राज्यों का विकास नहीं होगा तब तक देश का समान विकास नहीं हो सकता है। देश आगे नहीं बढ़ सकता है।

श्री शाह ने कहा कि इसीलिये मोदी सरकार ने छोटे राज्यों और पूर्वोत्तर राज्यों के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने यह बात राज्य के रुद्रपुर में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश उत्सव के मौके पर कही। उन्होंने कहा, छोटे राज्यों को लेकर राजनीतिक पंडितों का गणित फ़ेल हुआ है। देश के प्रिय प्रधानमंत्री अटल जी ने जब उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य का निर्माण किया तो राजनीतिक पंडितों का मानना था कि छोटे राज्यों की परिकल्पना सफल नहीं होगी।

आज तीनों राज्य अपने पैरों पर खड़े होकर आगे बढ़ रहे हैं और इसमें सोने पर सुहागा यह कि वर्ष 2014 में केन्द्र में मोदी जी की सरकार आ गयी। श्री शाह ने उत्तराखंड के परिपेक्ष्य में कहा कि अटल जी ने बनाया और मोदी जी ने संवारा। गृह मंत्री ने कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति कर रहा है। पिछले कई सालों से भारत की सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2027 में भारत देश की विश्व की तीसरी सबसे बड़ी ● शेष पेज 11 पर



**सीएम बोले, निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा उत्तराखंड**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि आज हम उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में एक लाख करोड़ रूपए से अधिक की सफलतापूर्वक ग्राउंडिंग का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का उत्सव केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संभावनाओं, उद्यमिता की भावना और जन भागीदारी पर आधारित समावेशी विकास का प्रतिबिंब है, जो राज्य को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। आज 1342 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के अंतर्गत 3.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौतों में से 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तराखंड निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए देश में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जा रहे हैं। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। ''वोकल फॉर लोकल'', ''मेक इन इंडिया'', ''स्किल इंडिया'' और ''स्टार्टअप इंडिया'' जैसी पहलों के माध्यम से देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला देश बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में औद्योगिक नीति, लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति, एमएसएमई नीति सहित 30 से अधिक नीतियों को लागू कर राज्य में उद्योगों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टार्टअप के लिए 200 करोड़ रुपए के वेंचर फंड की स्थापना की ● शेष पेज 11 पर

# न्याय की देवी अहिल्याबाई होलकर निष्पक्ष न्याय की प्रतीक: न्यायमूर्ति गौतम चौधरी

**महाशासिका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । शहर के भावापुर स्थित सावित्री गार्डन में ऐश्वर्य साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वावधान में ह्नन्याय की देवी विषयक भव्य व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसे महाशासिका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को समर्पित किया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने अपने उद्बोधन में माता अहिल्याबाई को ह्नन्याय की जीवंत मूर्ति कहकर संबोधित किया और कहा कि उनका शासन जाति, धर्म तथा लिंग-भेद से परे, केवल सत्य व नीति पर आधारित था।अठारहवीं सदी की इस विलक्षण शासिका ने विधवा होते हुए भी मराठा साम्राज्य का नेतृत्व संभाला और न्यायप्रियता, धर्मनिष्ठा तथा सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। उनके दरबार में ब्राह्मण, दलित, हिन्दू, मुस्लिम–सभी को निष्पक्ष न्याय मिलता था। इतिहासकार बताते हैं कि उन्होंने अंधविश्वास के विरुद्ध लोकशिक्षा को बढ़ावा दिया, विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया और अनेक धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करवाकर साझा सांस्कृतिक विरासत को मजबूत किया।कार्यक्रम के आयोजक व ऐश्वर्यम् संस्था के प्रबंधक अधिवक्ता एम. के. राजपाल ने कहा कि आज जब न्याय की परिभाषा धूमिल होती प्रतीत हो रही है, तब माता अहिल्याबाई का आदर्श शासन एक दीपस्तम्भ की भांति मार्गदर्शन कर सकता है। वक्ताओं ने यह भी आग्रह किया कि भारत सरकार अहिल्याबाई होलकर को राष्ट्रीय प्रतीक का दर्जा दे और उनके नाम पर ह्नराष्ट्रीय न्याय दिवसङ्क घोषित करे, ताकि भावी पीढ़ियाँ निष्पक्ष न्याय, स्त्रीशक्ति और धर्मनिष्ठ शासन के मूल्यों से प्रेरणा ले सकें।वकीलों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और साहित्यप्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति में समापन हुआ, जहां सभी ने निष्पक्ष न्याय और सामाजिक समरसता के प्रति स्वयं को समर्पित रखने का संकल्प लिया।

## दुबग्गा में तीन अवैध व्यावसायिक निर्माण हुए सील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए द्वारा शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को दुबग्गा क्षेत्र में तीन व्यावसायिक निर्माणों को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-7 की टीम द्वारा की गई। जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पहला मामला लल्ला यादव व अन्य का है, जिन्होंने जेहटा काकोरी रोड स्थित लीला खेड़ा में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृति के दुकानों का निर्माण शुरू किया था। दूसरे मामले में अवधेश कुमार द्वारा झाकर बाग चौराहे के पास चन्द्रावली हॉस्पिटल के बगल में 150 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था और तीसरे स्थान पर मोहम्मद उमर द्वारा बेगरिया रोड, दुबग्गा पर एक व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण बिना आवश्यक अनुमति के कराया जा रहा था। तीनों ही निर्माण प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के बिना कराए जा रहे थे, जिसे नियमों के विरुद्ध पाते हुए एलडीए प्रवर्तन दल ने मौके पर पहुंचकर सील कर दिया।

### सावनमाह में नगर की सफाई को लेकर बैठक

मुरादाबाद। जनपद मुरादाबाद की नगर पंचायत पाकबड़ा के चेयरमैन मोहम्मद याकूब तथा नवआगंतुक ईओ विजय आनंद ने स्टाफ की बैठक ली। बैठक में दोनों ने कहा कि सावन माह के मद्देनजर नगर की साफ सफाई तथा पेयजल व्यवस्था ठीक रखें। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस अवसर पर प्रधान लिपिक हिमांशु चौहान भी मौजूद रहे।

### स्टेशन पर मिला नाबालिग, चाइल्ड लाइन को सौंपा

वाराणसी। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। 16 जुलाई 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मऊ को निगरानी के दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0-1 पर 15 वर्ष का लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त उक्त नाबालिग लड़के को चाइल्ड लाइन, मऊ को सुपुर्द किया गया। 17 जुलाई 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज रामबाग, स्थानीय थाना पुलिस, दारागंज एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/प्रयागराज रामबाग के साथ प्रयागराज रामबाग व झूंसी स्टेशनों के मध्य रेल भूमि पर अनाधिकृत रूप से 800 स्क्वायर फीट में फैले टीन शेड के अवैध अतिक्रमण को शांतिपूर्ण तरीके से मुक्त कराया गया जिसकी कीमत रू0 18,00,000/- आंकी गयी।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

लखनऊ। लखनऊ-कानपुर रेल खंड पर हरौनी रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार दोपहर एक बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान इलाके के हरौनी गांव निवासी 65 वर्षीय बुधई के रूप में हुई है वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 1 बजे बुधई हरौनीरेलवे स्टेशन स्थित बनी-मोहन रोड की रेलवे क्रॉसिंग के पास था। इसी दौरान वह कानपुर से लखनऊ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका जताई जा रही है कि मजदूर ने किसी कारणवश आत्महत्या की है।मृतक के परिवार में पत्नी, बेटा और बहू हैं।

### अल्लूनगर डिगुरिया किसान एकता सेवा समिति में बड़ा फ़ेरबदल

लखनऊ। राजधानी के आईआईएम रोड स्थित अल्लूनगर डिगुरिया किसान एकता सेवा समिति में बड़ा फ़ेरबदल हुआ है। समिति के संयुक्त सचिव अमित यादव को पद से हटा दिया गया है और समिति से भी निष्कासित कर दिया गया है। आरोप है कि अमित यादव ने संगठन के कामों में लापरवाही बरती और संगठन के विरोध में कार्य किए।समिति के अध्यक्ष बाबा रामसेवक ने सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया है। यह निर्णय समिति के कामों को और अधिक प्रभावी बनाने और संगठन की एकता को बनाए रखने के लिए लिया गया है।

### बैंक प्रबंधक ने विद्यालय को पेय जल के लिए दी आर ओ की टंकी व पंख



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव मलौली के निजी विद्यालय सरला मांटेसरी स्कूल को बैंक ऑफ बड़ौदा की मैनेजर प्रतिभा गुप्ता की ओर से पेय जल हेतु आर ओ की पानी की टंकी व पंखे प्रदान किए गए।बैंक मैनेजर ने बच्चों को टॉफी,बिस्कस्कर व चॉकलेट प्रदान किए।उन्होंने ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा देना बहुत ही पुण्य का काम होता है।विद्या धन को सभी धनों से बेहतर कहा गया है।उन्होंने विद्यालय प्रबंधक की प्रशंसा की और कहा कि यह बहुत ही पुनीत कार्य है।इस मौके पर बैंक के बाबू कमल साहू,विद्यालय के प्रबंधक सुबोध सिंह यादव, प्रधानाचार्या सुषमा यादव, व अध्यापक गण मौजूद रहे।

### पीडीए की चौपाल: सपा सांसद व पूर्व विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं




लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक गोसाईगंज की ग्राम पंचायत सेंगटा में एडवोकेट शिव शंकर द्वारा शनिवार को पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की।चौपाल में सपा सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर सबका कुशलक्षेम जाना और क्षेत्र की समस्याएं सुनीं। सांसद ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।चौपाल के आयोजक ने सांसद का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव संतोष रावत, अर्चना रावत, अशर्फी लाल धीमान, ललित कुमार रावत, ग्राम प्रधान अजय सिंह, राज नारायण, मोहन रावत, राम प्रताप रावत, सुजान रावत, पवन कुमार रावत, अयोध्या प्रसाद, अमर दीप रावत, भानु प्रताप, चेतराम, दिनेश यादव, राम सुमिरन, लवकुश, अनीद अहमद, हरी शंकर रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री के घर पहुंचे डिप्टी सीएम,मां के निधन पर जताया शोक



बीकेटी, लखनऊ। इटौंजा क्षेत्र क धर्मपुर निवासी पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री,भाजपा,लखनऊ दिनेश तिवारी की पूज्य माताजी के विगत दिनों निधन होने की दु:खद सूचना मिलने पर शनिवार को उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश पाठक ने उनके आवास पहुंचकर शोक जताया तथा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौक़े पर दिनेश तिवारी सहित उनके परिजन मौजूद रहे।

## अब 22 जुलाई तक उपभोक्ता उठा सकेंगे मेगा कैंप का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राज्यभर के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए ऊर्जा विभाग ने मेगा समाधान कैंप की अवधि बढ़ा दी है। पहले यह कैंप केवल 17 से 19 जुलाई तक आयोजित किए गए थे, लेकिन आम जनता की भारी भागीदारी और शिकायतों की अधिकता को देखते हुए अब 22 जुलाई तक इनका संचालन जारी रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देश पर प्रदेश के हर बिजली वितरण खंड में यह विशेष समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। इन कैंपों में उपभोक्ता गलत बिजली बिलों में सुधार, नए कनेक्शन, लोड बढ़ाने, खराब या रुके मीटर को बदलवाने, मीटर संबंधी तकनीकी दिक्कतों, बिल भुगतान और उपभोक्ता प्रोफाइल अपडेट जैसी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंच रहे हैं। बिजली विभाग के मुताबिक, ज्यादातर शिकायतों का तत्काल निस्तारण कर दिया जा रहा है, जबकि बाकी शिकायतों पर कार्यवाही प्रक्रिया में है। लखनऊ सहित राज्य के सभी जिलों में इन कैंपों को लेकर उपभोक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अब जिन उपभोक्ताओं की समस्याएं अभी तक हल नहीं हो सकीं थी वे 21 और 22 जुलाई तक इन कैंपों में पहुंचकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने वृंदावन में न्यू पागल बाबा विद्युत उपकेंद्र का किया लोकार्पण

**नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने विद्युत उपकेंद्र परिसर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

**विद्युत उपकेंद्र के संचालन से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होगी एवं उपभोक्ताओं को अधिक सुचारू और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी: ऊर्जा मंत्री**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

वृंदावन,मथुरा। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत वृंदावन स्थित न्यू पागल बाबा विद्युत उपकेंद्र का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद हेमा मालिनी भी उनके साथ उपस्थित रहीं।इस अवसर पर ऊर्ज़ा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस उपकेंद्र के संचालन से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होगी, उपभोक्ताओं को अधिक सुचारु और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा ट्रिपिंग जैसी समस्याओं में भी सुधार आएगा।इस दौरान ऊर्ज़ा मंत्री ने विद्युत उपकेंद्र परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इसके उपरांत मंत्री श्री शर्मा तुलसी तपोवन गौशाला, मावली, वृंदावन में विश्व जागरण मानव सेवा संघ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित गौ महोत्सव में सहभागी हुए। उन्होंने गौशाला के ''गोकुल गृह'' खंड का उद्घाटन करते हुए कहा कि ब्रज की रज और ब्रज की महिमा की तरह गौ सेवा भी अत्यंत पुण्यकारी और लोकोपकारी है।मंत्री श्री शर्मा ने गौ माता का पूजन-अर्चन कर उन्हें गुड़ खिलाया और गौशाला में अभिषेक पूजन कर सभी जनों के कल्याण की कामना की। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपील की कि वे गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं आध्यात्मिक चेतना से जुड़ें और सामाजिक सहभागिता को सशक्त करें।इस अवसर पर आगरा वृंदावन के मेयर, विधायकगण, अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु व नागरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, सादगी और सामाजिक सहभागिता की भावना के साथ संपन्न हुआ।

## बीकेटी में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ। माह के तीसरे शनिवार को बख्शी का तालाब तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों के मामलों राजस्व विभाग अव्वल रहा जिसमें कुल 59 मामले तहसील दिवस में प्राप्त हुए जिसमें मात्र केवल 17 का ही निस्तारण मौक़े पर हो पाया था,उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि तहसील दिवस पर कुल 103 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें राजस्व विभाग से 59,पुलिस से 16,विकास से 12,समाज कल्याण से 3 व अन्य विभागों से 13 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें से मौक़े पर 23मामलों का निस्तारण हो पाया था,शेष बची शिकायतों का जल्द गुणवत्तापूर्ण जांच कर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को दिया।वही कठवारा निवासी अधिवक्ता नागेंद्र सिंह ने सक्षम अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, नालियों की सफ़ाई न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर ही बह रहा है और ग्रामीणों को मंदिरों में पूजन के लिए तथा स्कूल के लिए बच्चों को इसी गंदे पानी से होकर मजबूरन निकलना पड़ता है,संबंधित अधिकारी से जल्द समस्या के निराकरण की मांग की है।ग्राम पंचायत दौलतपुर निवासी संजय कुमार व मनोज कुमार ने पत्र देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत दौलतपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सीट लगभग 5वर्ष से रिक्त है और जिसका चार्ज चकबनकट की कार्यकत्री सुषमा वर्मा के पास था,दौलतपुर आंगनबाड़ी केंद्र के अंकित बच्चों को लगभग एक वर्ष से राशन का वितरण कार्यकत्री द्वारा नही किया है,उन्होंने संबंधित अधिकारी से मामले की जांच कर लाभार्थियों को राशन वितरण कराने का अनुरोध किया।

गोहना कलां की ग्राम प्रधान रीतू सिंह ने पत्र देते हुए बताया कि सरकारी सोसायटी चंद्राकोडर व अस्ती में काफ़ी समय से डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है जिससे किसानों में आक्रोश है व समस्याओं से जूझना पड़ रहा है,जल्द डीएपी खाद उपलब्ध करवाने की मांग किया है।वही संपूर्ण समाधान दिवस के इस मौक़े पर एसडीएम बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी,तहसीलदार बीकेटी,खंड विकास अधिकारी बीकेटी पूजा पांडे तथा अन्य राजस्व निरीक्षक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सामने आई बेगरिया गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों की मनमानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव बेगरिया मऊ के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों की मनमानी सामने आई हैं। यहां पर कार्यरत कोई भी अध्यापक समय से विद्यालय नहीं पहुंचा है। गांव से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र श्रीवास्तव नशे डूबे रहते हैं तो सहायक अध्यापिकाएं सुनीता व अनीता भी विद्यालय समय से नहीं पहुंची है। ऐसा ही कुछ नजारा 19 जुलाई 2025 उस विद्यालय से देखने को मिला।बेगरिया जू हा स्कूल में तैनात टीचर अनीता (9:43 बजे पहुंची तो प्रधानाध्यापक वीरेंद्र श्रीवास्तव व अध्यापिका सुनीता की एक झलक भी देखने को नहीं मिली।इस विद्यालय के अक्सर बंद रहने की बात कही जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि प्रधान अध्यापक हर समय नशे में रहते है।विद्यालय से कक्षा 8 पास कर चुके बच्चों की टी सी तो मिल गई है लेकिन उनका पी ए एन नंबर को प्रमोट नहीं किया गया ।अब यह से कक्षा 8 उत्तीर्ण कर चुके बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश लेने के लिए दूसरे विद्यालय में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेगरिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से उत्तीर्ण हो चुके बच्चे व उनके अभिभावक परेशान हैं। उनकी परेशानी को समझने को तैयार नहीं हैं।इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी से बात करने के लिए उनके मोबाइल फोन का नंबर डायल किया गया लेकिन उनकी ओर से फोन नहीं उठाया गया।यही स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी की भी रही।आभास होता है कि इन अधिकारीयों को काम करने की नहीं धन कमाने की चिंता अधिक रहती है। इसी लिए ये रिंग बजने पर फोन उठाने की आवश्यकत नहीं समझते हैं।

## समाज कल्याण विभाग की अनूठी पहल, सातोमहुआ का सर्वोदय विद्यालय बना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**मिलेगी नीट–जेईई की नि:शुल्क कोचिंग**

**समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने किया निरीक्षण**

**बच्चों से किया संवाद, योगाभ्यास में हुए शामिल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। समाज कल्याण विभाग प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट आवासीय शिक्षा और नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्चस्तरीय तैयारी का अवसर देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में वाराणसी के सातोमहुआ स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं जेईई मेंस, एडवासं और नीट की निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण तैयारी का अवसर देना है। विद्यालय में बाहरी विशेषज्ञों की मदद से नियमित कोचिंग और मार्गदर्शन दिया जाएगा। *वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश*शनिवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास तथा संवाद स्थापित किया। इसके साथ ही उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी प्रतिभाशाली बच्चा सिर्फ संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इसी दिशा में एक सशक्त पहल हैं।

## चोरों ने बोला बंद घर में धावा, गहने और नकदी लेकर हुए फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ । दुबग्गा के जमाल नगर इलाके में एक घर में चोरी हुई है। चोरों ने उस घर को निशाना बनाया, जहां के मालिक पिछले दस दिनों से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इस घटना से पीड़ित परिवार सदमे में है और इलाके में डर का माहौल है। गुड्डी यादव नाम की महिला ने बताया कि उनके पति सुरेश यादव कई दिनों से बीमार हैं और लखनऊ के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। गुड्डी देवी अपने पति की देखभाल के लिए अस्पताल में ही रह रही थीं। शनिवार की सुबह जब गुड्डी देवी कुछ देर के लिए अपने घर वापस लौटीं, तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य ताला टूटा हुआ था। अंदर दाखिल होते ही उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था, अलमारियां खुली थीं और ऐसा लग रहा था कि किसी ने पूरे घर को खंगाला है।चोर क्या-क्या ले गए?गुड्डी यादव ने तुरंत जांच पड़ताल की और पाया कि चोर उनके घर से कई कीमती सामान ले गए थे। उन्होंने बताया कि चोर दो बड़े बक्से उठा ले गए। इन बक्सों में चांदी की झुमकी, एक जोड़ी पायल (पायजेब), एक सोने की चेन, एक सोने का टीका (माथे पर पहनने वाला गहना), एक सोने का लॉकेट, और 5,000 रुपये नकद शामिल थे। गहनों और नकदी के साथ और बिस्तर सहित अन्य घरेलू सामान भी ले गए थे।पीड़िता का आरोप और पुलिस जांचगुड्डी यादव ने पुलिस को बताया कि उन्हें शक है कि इस चोरी के पीछे गांव के ही कुछ अज्ञात लोगों का हाथ हो सकता है, जो अक्सर जुआ खेलते हैं। उन्होंने मांग की है कि पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच करे और चोरों को जल्द से जल्द पकड़े।

# एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । एक पेड़ माँ के नामसावन माह के दौरन बचपन प्ले स्कूल विराट खंड एवं एक पहल मुस्कुराहट की ,पहल वेलफ़ेयर सोसायटी द्वारा विराट खंड स्थित पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे डायरेक्टर निधि पाल एवं डॉ. अंजू वार्ष्णेय अध्यक्ष एक पहल मुस्कुराहट की के साथ मिलकर रोपित किए । एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत आम, अमरूद, आंवला ,चांदनी आदि पौधों का रोपण किया गया जिससे हमारे आस-पास का पर्यावरण स्वच्छ हो । डॉ? अंजू वार्ष्णेय ने छोटे नन्हें मुन्नो को




पेड़ो के महत्व को भी समझाया पेड़ों से हवा, छाया और ऑक्सीजन मिलती है। हमको अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए जिससे कि हमारा वातावरण शुद्ध रहे एवं जलवायु परिवर्तन को रोका जा सका।

# मोहनलालगंज में समाधान दिवस पर 366 शिकायतें, 95 का मौके पर हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ।शनिववार को तहसील मोहनलालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने स्वयं उपस्थित होकर जनता की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस के दौरान कुल 366 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 95 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए एक सप्ताह में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।समाधान दिवस के दौरान आरती यादव, संगीता, कुसुम, मोनी सहित कुल 08 महिलाओं ने नए राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन किया, जबकि दस अन्य महिलाओं ने राशन कार्ड में यूनिट वृद्धि की मांग रखी।जिलाधिकारी के निर्देश पर मौके पर ही आपूर्ति विभाग का कैंप लगाकर कार्रवाई की गई, जिसके तहत आठ पात्र महिलाओं को गृहिणी श्रेणी



में नए राशन कार्ड जारी किए गए दस शिकायतकर्ताओं के राशन कार्ड में यूनिट वृद्धि करते हुए संशोधित कार्ड वितरित किए गए। शिकायत कर्ता भरत लाल, अतुल कुमार और सत्य प्रकाश द्वारा खतौनी में नाम दर्ज कराने हेतु दिए गए प्रार्थना पत्रों पर जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व टीम ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रत्येक आवेदक को संशोधित खतौनी प्रदान की। कार्यवाही के दौरान हल्का लेखपाल राजेन्द्र बहादुर के विरुद्ध रिपोर्ट लगाने में विलम्ब की शिकायत प्राप्त हुई। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उन्हें क्षेत्र से हटाकर कार्यालय से संबद्ध करने का निर्देश दिया तथा विभागीय कार्यवाही शुरू करने के आदेश भी दिए।इसी क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी की अनुपस्थिति को

**जिलाधिकारी विशाख जी ने की जनसमस्याओं की सुनवाई, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

गंभीरता से लेते हुए उनका वेतन बाधित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने जारी किए।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए फोटो और वीडियो सहित आख्या प्रस्तुत करें निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ताओं से कॉल करके फीडबैक लेना अनिवार्य किया जाए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय जैन, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती राकेश सिंह, जिला विकास अधिकारी अजीत सिंह, उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज अंकित शुक्ल, तहसीलदार ऋतुराज, पुलिस, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद की पुण्यतिथि एवं आरक्षण दिवस मनाने को लेकर हुई तैयारी बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार दिनांक 25 जुलाई 2025 को वीरांगना पूर्व सांसद फूलनदेवी की पुण्यतिथि विधानसभा स्तर पर मनाने के साथ ही ''आरक्षण दिवस'' दिनांक 26 जुलाई 2025 को ''संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस'' के रूप में पार्टी के जिला कार्यालय कैसरबाग लखनऊ पर सफल बनाये जाने की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की उपस्थिति में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं फ्रन्टल अध्यक्षों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि ''आरक्षण दिवस'' दिनांक 26 जुलाई 2025



को ''संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस'' को पर्व के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर भव्य भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राम गोविन्द चौधरी मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह 'पुष्कर', पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, प्रदेश सचिव रंजीत यादव, जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, अनिल पासी, अर्चना रावत, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, वरिष्ठ नेता भरत यादव, रामप्रकाश यादव, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, जिला सचिव संदीप यादव, मोहम्मद इरफ़ान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा सुशील यादव 'गुड्डू', सरोजनी नगर विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, मलिहाबाद विधानसभा अध्यक्ष सोनीश कुमार मौर्या, विजयश्री गौतम, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवकुमार रावत 'टाइगर', पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष हारून अजीज, शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जीत बहादुर 'जीतू', सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विजय कुमार यादव, रामनारायन रावत, दशरथ यादव, अवशेष कश्यप, कौस्तुब तिवारी, गोविन्द यादव, त्रिभुवन सिंह के साथ अन्य नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेंगटा गांव में सपा की पीडीए चौपाल आयोजित, किया जनसंपर्क

**सपा सांसद व पूर्व विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा सेंगटा, ब्लॉक गोसाईगंज में एडवोकेट शिव शंकर द्वारा शनिवार को पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की। चौपाल में सपा सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर सबका कुशलक्षेम जाना और क्षेत्र की समस्याएं सुनीं। सांसद ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

चौपाल के आयोजक ने सांसद का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव संतोष रावत, अर्चना रावत,



अशर्फी लाल धीमान, ललित कुमार रावत, ग्राम प्रधान अजय सिंह, राज नारायण, मोहन रावत, राम प्रताप रावत, सुजान रावत, पवन कुमार रावत, अयोध्या प्रसाद, अमर दीप रावत, भानु प्रताप, चेतराम, दिनेश यादव, राम सुमिरन, लवकुश, अनीद अहमद, हरी शंकर रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# निगोहां: जमीनी विवाद में मारपीट तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के नटौली गांव में ज़मीन विवाद को लेकर एक किसान और उसके परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित मोतीलाल पुत्र बृज किशोर, निवासी ग्राम नटोली ने निगोहां थाने में दी गई तहरीर में तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार नटौली गांव के ही तीन लोग आशु , आशीष पुत्रगण रामसागर और अतुल पुत्र रामकरण गांव की सहन भूमि की मिट्टी काटकर उसे अपने खेत में भर रहे थे। जब मोतीलाल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने पहले उन्हें और उनके भाई को गंदी-गंदी गालियां दीं और फिर लात-घूंसे और रॉड से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर मोतीलाल की पत्नी और उनके पिता मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनकी पिटाई कर दी , जिससे सभी को गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने



**विरोध करने पर परिवार को पीटा, जान से मारने की धमकी देकर भागे आरोपी**

जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी लिखित तहरीर थाना निगोहां में दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

# माता चन्द्रिका देवी के चरणों में 'एक गुमनाम योद्धा' का लोकार्पण हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रसिद्ध साहित्यकार अशोक पाण्डेय 'अनहद' के नेता जी पर शोधग्रन्थ 'एक गुमनाम योद्धा' का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। पुस्तक का लोकार्पण लखनऊ के प्रसिद्ध मन्दिर माता चन्द्रिका देवी में माता के कर कमलों और उनके चरणों में पुस्तक समर्पित करके सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मन्दिर के मुख्य पुजारी तीर्थाचार्य पण्डित नन्द किशोर शर्मा 'डी0एम0 महाराज' ने माता के कर कमलों से पुस्तक का लोकापर्ण करते हुए कहा कि श्री अशोक पाण्डेय 'अनहद' एक वरिष्ठ साहित्यकार है और नेता जी पर उन्होंने विशेष रूप से उनके 18 अगस्त 1945 से 16 सितम्बर 1985 तक के अज्ञास वास पर कठिन परिश्रम किया है। 'अनहद' जी नेता जी के अज्ञात वास में रहने के समय के देश के प्रत्येक स्थलों



पर गये। उनके सम्पर्क में रहे उनके शिष्यों से मिले। नेता जी से सम्बन्धित अनेक प्रमाणित जानकारियॉ एकत्रित की। ये पुस्तक 'एक गुमनाम योद्धा' नेता जी के उन रहस्यों को उजागर करती है जिसमें उन्हें 1945 में मृत घोषित किया गया। पुस्तक अन्ततः निष्कर्ष रूप में यह भी सिद्ध करती है कि अयोध्या के गुमनामी बाबा ही नेता जी सुभाष चन्द्र बोस थे और उनकी मृत्यु 1945 में न होकर 16 सितम्बर 1985 को हुई। विद्यार्थी एवं युवाओं हेतु एक उपयोगी पुस्तक देने हेतु डी0एम0 महाराज ने लेखक को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मन्दिर परिसर में अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालुगण उपस्थित थे। पुस्तक का प्रकाशन प्रांजल प्रकाशन लखनऊ के द्वारा किया गया है।

## पंचायत सचिव की लापरवाही से मृतक महिला का प्रमाण पत्र नहीं हुआ जारी

निगोहां, लखनऊ । निगोहां के शेर पुर लवल निवासी भैरो लाल को अपनी मां की मृत्यु के प्रमाण पत्र के लिए बार-बार पंचायत कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार सचिव की अनदेखी के चलते अब तक दस्तावेज जारी नहीं हो सका है। भैरो लाल की मां का निधन बीते माह 22 जून को उनके ही आवास पर हुआ था। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन्होंने 20 दिन पहले ही सभी जरूरी दस्तावेज पंचायत सचिव मनोज वर्मा को सौंप दिए थे। इसके बावजूद सचिव न तो प्रमाण पत्र तैयार कर रहे हैं और न ही मिलने पर कोई संतोषजनक जवाब दे रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि सचिव कई बार टाल-मटोल कर चुके हैं, और अब तो कार्यालय में मिलना भी मुश्किल हो गया है। फोन तक नहीं उठाते। शनिवार को पूरा दिन भैरो लाल सचिव कार्यालय के बाहर बैठा रहा लेकिन कार्यालय बंद मिला और सचिव से मुलाकात नहीं हो पाई। भैरो लाल ने बताया कि उन्हें अपनी मां का मृत्यु प्रमाण पत्र बेहद जरूरी है, लेकिन ग्राम सचिव की लापरवाही और गैरजवाबदेही के कारण उन्हें मानसिक और शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने समाधान दिवस में अधिकारियों से निवेदन किया है कि सचिव को निर्देशित कर जल्द से जल्द प्रमाण पत्र जारी करवाया जाए, ताकि वह आगे की जरूरी प्रक्रिया पूरी कर सकें।

# अंतरराज्यीय अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ एक करोड़ की शराब बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईंगंज पुलिस ने अंतरराज्यीय अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक डीसीएम वाहन से बड़ी मात्रा में वुडमैन, मैक ड्रावल और इंपीरियल ब्लू ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। कुल 14484 बोतल में 4961 लीटर शराब जब्त हुई है। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक डीसीएम वाहन यूपी 23 बीटी 0307 में पंजाब से बिहार अवैध अंग्रेजी शराब ले जाई जा रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से पहले सुल्तानपुर रोड पर टाटा मोटर्स के सामने कबीरपुर में खड़ी डीसीएम गाड़ी को पुलिस ने पकड़ा। वाहन में सवार दो लोगों ने अपना नाम दिनेश कुमार और जगदीश बताया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा करी है।

**हिमाचल प्रदेश की डिस्टिलरी में बनी है शराब हाइवे किनारे खड़े डीसीएम पर संदेह**



होने पर पुलिस द्वारा पूछताश पर आरोपियों ने बताया कि वाहन में लोहे के पाइप लदे हैं। उन्होंने आरके इंटरप्राइजेज दिल्ली से 10 टन लोहे के पाइप लोड किया है जिसका जीएसटी बिल भी दिखाया। बिल असम के विपिन इंटरप्राइजेज के नाम पर था। संदेह होने पर पुलिस ने जांच करी तो पता चला कि डीसीएम के ऊपर 20 फुट लंबी 120 पाइप रखे थे। नीचे 1.5 फुट लंबे आपस में वेल्डिंग किए हुए पाइप के पीछे अंग्रेजी शराब छिपाई गई थी। यह शराब हिमाचल प्रदेश की डिस्टिलरी से निर्मित है और केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए वैध थी। तस्कर इसे डीसीएम में छुपा कर बिहार में बेचने ले जा रहे थे।

**किराये की डीसीएम से कर रहे थे अवैध शराब की तस्करी**

पुलिस द्वारा जांच में यह भी खुलासा हुआ कि वाहन मालिक ने कुछ महीने पहले गाड़ी रोहतास नाम के व्यक्ति को पंजाब में चलाने के लिए एग्रीमेंट कर किराए पर थी। रोहतास न तो गाड़ी का तय भाड़ा समय से दे रहा था और न ही वाहन वापस कर रहा था। इस संबंध वाहन मालिक में पहले से न्यायालय में वाद दायर किया हुआ है।

**बिहार में तिगुना रेट पर बिकती है हरियाणा और पंजाब की शराब**

पकड़े गए दोनों तस्करों ने बताया कि जिस राज्य में जाते थे गाड़ी में वहीं की फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कूटरचित आरसी तैयार कर लेते हैं और उसको असली के रूप में प्रयोग करते हैं। इस बात की जानकारी हम लोगों के अलावा जो माल भेजता है उसको भी रहती है। माल भेजने वाले का असली नाम पता हम लोग नहीं जानते हैं। तस्करी में कोड नाम का प्रयोग किया जाता है। बिहार राज्य में शराबबंदी का कानून लागू है जहां पर हम लोग शराब की बोतलों की एमआरपी से तीन गुना अधिक रेट में बेचते हैं । ये शराब बिहार पहुंचने के बाद में करीब 1 करोड़ की बिकती है। शराब को बिहार प्रांत में कहां पर उतारना है, इसके लिए हम लोग माल भेजने वाले और खरीदने वाले से सिग्नल मोबाइल ऐप के माध्यम से बातचीत करते हैं।

**लिक्विड एक्सरे से बचने का जुगाड**

किया तस्करों ने वाहनों में शराब मौजूदगी की जांच करने के लिए लिक्विड एक्सरे मशीन का उपयोग किया जाता है। यह मशीन 6 इंच मोटी दीवार के दूसरी तरफ रखा हुए तरल प्रदार्थ को आसानी से पहचान कर पकड़ लेती है। तस्करों के पास पकड़े गए वाहन में लिक्विड एक्सरे से बचने का जुगाड भी कर लिया गया था। डेढ़ फीट से लेकर तीन फीट तक लोहे के पाइप का जाल बना कर बीच में अवैध शराब को छुपाया गया था।

# हिंदू जन सेवा समिति का 11वां स्थापना दिवस मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। ऐतिहासिक नगरी काकोरी में हिंदू जन सेवा समिति का 11वाँ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन दयाल लॉन इमामबाग काकोरी में किया गया समिति के अध्यक्ष प्रज्ज्वल गुप्ता ने बताया की संगठन आज से पूर्व 11 वर्ष पहले मात्र पांच लोगों के द्वारा संस्था का गठन किया गया था यह संस्था शुरुआती दौर में हरि नाम संकीर्तन के माध्यम से लोगों के बीच में अपने विचार व संगठन से लोगों को जोड़ने का कार्य करती रही कुछ वर्ष बाद भी संगठन ने अपना विस्तार करते हुए नर सेवा नारायण सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर नेत्र शिविर रक्तदान शिविर कोरोना काल में भोजन वितरण करने का कार्य तिरंगा यात्रा अनेकों कार्य किए गए 85 सप्ताह से साप्ताहिक हरि नाम संकीर्तन यात्रा प्रभात फ़ेरी का भी प्रत्येक रविवार को गांव गांव व नगर में इसका आयोजन लगातार होता चला आ रहा है समिति के द्वारा 11वीं वर्षगांठ के स्थापना दिवस



समारोह में पत्रकार बंधुओ का धर्म योद्धाओं का का सम्मान भी किया गया स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रान्त पर्यावरण प्रमुख ललित श्रीवास्तव उच्च न्यायालय की अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी पुरी शंकराचार्य के शिष्य शिवांश नारायण द्विवेदी, डॉ शुभम, सुधीर गुप्ता, अमरकांत गुप्ता, मनोज गुप्ता, रवि पांडे, अनुज गुप्ता, चंदन गुप्ता ,अंजनी गुप्ता, जितेन सिंह जीतू, अतुल गुप्ता, करुण कृष्ण दास,संजीव तिवारी संजीव सिंह ,आदित्य शर्मा, ललित यादव, राजन कुमार पांडेय, सुनील यादव,भारती गुप्ता ,अनुज द्विवेदी, सनी राठौर ,सागर राजपूत, रोहित शर्मा, राहुल शर्मा, रामदीन यादव, सौरभ साहू, मनीष निगम, शिवराम भारती ,आयुष , वासु गुप्ता,आदि लोग उपस्थित रहे

# कृषकों से सीधे संवाद कर जानी हकीकत, डीएम ने उर्वरक वितरण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**डीएम ने अफसरों संग कस्ता, बेहजम में टोकन व्यवस्था, दस्तावेज, वितरण प्रक्रिया की गहन जांच**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । खरीफ सीजन में किसानों को समय पर व पारदर्शी ढंग से उर्वरक उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शनिवार को तहसील मितौली क्षेत्र के दो प्रमुख उर्वरक वितरण केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी, वहीं वितरण से संबंधित दस्तावेज़, टोकन प्रणाली और अभिलेखों की गहन जांच की। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

डीएम सबसे पहले बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड (बी-पैक्स), कस्ता पहुंचीं। यहां खाद लेने पहुंचे किसानों से उन्होंने संवाद किया और टोकन वितरण प्रणाली की पड़ताल की। उन्होंने वितरण काउंटर पर मैन्युअल और डिजिटल एंट्री को देखा और कृषकों द्वारा प्रस्तुत किए गए खसरा, खतौनी सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। समिति के कार्य से किसान संतुष्ट नजर आए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर किसान को उसकी भूमि के अनुसार ही उर्वरक मिले, और वितरण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और दस्तावेजों पर आधारित हो। इसके बाद डीएम गिरी फर्टिलाइज़र विक्रय केंद्र, बेहजम पहुंचीं। यहां भी उन्होंने उर्वरक प्राप्त कर रहे किसानों से बातचीत की और विक्रेता द्वारा संधारित स्टॉक रजिस्टर, वितरण रसीद और खरीदारों की प्रविष्टियों का मिलान किया। डीएम ने किसानों से संतुलित मात्रा में ही उर्वरक खरीदने और फसल की ज़रूरत के अनुसार उपयोग करने की सलाह दी, जिससे उत्पादकता बढ़े और मृदा की उर्वरता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट है कि किसान को समय पर, सही मात्रा में और उचित मूल्य पर खाद मिले। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक समिति में निगरानी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जा रहे हैं, जहां वितरण से पूर्व गाटा संख्या व रजिस्टर प्रविष्टि का मिलान अनिवार्य होगा। कोई भी लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**अब न इंतजार, न अफरा-तफरी... खाद कहाँ है, जानकारी खुलेआम!**

प्रशासन की एक नई पहल के तहत अब किसानों को यह जानने में सुविधा होगी कि उनके क्षेत्र में किस निजी दुकान पर उर्वरक उपलब्ध है। इसके लिए प्रत्येक पैक्स समिति परिसर में उन निजी विक्रेताओं की सूची चस्पा की गई है, जहां खाद की उपलब्धता बनी हुई है। किसान इस सूची को देखकर अपनी आवश्यकता के अनुसार सीधे संबंधित दुकान से उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था से समितियों पर अनावश्यक भीड़ नहीं जुटेगी और वितरण प्रणाली अधिक व्यवस्थित व पारदर्शी हो सकेगी। किसानों को राहत देने और वितरण में संतुलन लाने की दिशा में यह कदम सराहनीय माना जा रहा है।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में बनी गांव के विकास की रणनीति

सुलतानपुर। बल्दीराय ब्लॉक सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गांवों के समग्र विकास और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में मनरेगा, पंचम वित्त आयोग, पेंशन, कृषि रक्षा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, बाल विकास, और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर गहन चर्चा हुई। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य ईमानदारी से कार्य करें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सीएचसी बल्दीराय के डॉक्टर शशि प्रकाश सिंह ने 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग की अपील की। बीडीओ बल्दीराय राधेश्याम ने सभी प्रतिनिधियों से उनकी ग्राम सभाओं की समस्याएं साझा करने को कहा,जिससे उन्हें प्राथमिकता से हल किया जा सके। बैठक में विकास को लेकर गंभीर विचार-विमर्श हुआ और योजनाओं की जमीनी हकीकत को सामने लाने की कोशिश की गई।

# खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। कस्बे निघासन मे खाद की किल्त से परेशान किसान देश की रीढ़ कहे जाने वाले किसान खाद की किल्लत से लगातार जूझ रहे हैं सोसायटी के बाहर खाता धारकों को तो खाद बहुत ही आसानी से मिल जा रही है लेकिन जिन किसानों के खाता नहीं है वे अपना इंतखाब व आधार कार्ड की फोटो कॉपी लिए चिलचिलाती धूप में खड़े होने के बावजूद भी खाली हाथ वापस जा रहे है जिसको देखते हुए किसानों ने एसडीएम राजीव निगम से न्याय की गुहार लगाते हुए खाद दिलाए जाने के संबंध में तहसील परिसर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा किसानों ने बताया कि जो खाताधारक है उनको खाद उपलब्ध कराई जा रही है व हमारे खाते ना होने के कारण हम लोगों के इंतखाब व आधार कार्ड जमा करके खाद उपलब्ध कराई जाए जिससे हमारी समस्या का समाधान हो सके एसडीएम राजीव निगम ने किसानों से कहा कि संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप करके जल्द ही आपकी समस्या का निस्तारण किया जाएगा इस दौरान किसान बसंत कुमार जसविंदर सिंह संजय सिंह रमेश कुमार शत्रोहन गुरमीत सिंह व अशर्फी लाल सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# विद्युत समस्या समाधान के लिए मेगा कैंप आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बिजली बिल से हैं परेशान, मेगा कैंप है समाधान**

बिसवां (सीतापुर)।पावर कार्पोरेशन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शनिवार को जहांगीराबाद कस्बे में अवध धर्म कांटा के सामने मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बिजली विभाग से सम्बन्धित उपभोक्ताओं की विभिन्न प्रकार की समस्यायों का समाधान और निस्तारण किया गया। कनैक्शन एवं भार को देखते हुए जहांगीराबाद के बिजली उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता से कस्बे में पहले से रखे ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाये जाने की मांग की।तमाम उपभोक्ताओं ने अपना बकाया बिजली बिल भी जमा किया। यह कैंप मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के तत्वावधान में लगा।



इस कैंप में अधिशाषी अभियंता एस0के0वर्मा, उप खण्ड अधिकारी पवन कुमार, अवर अभियंता सुरेश चन्द्र, एस0डी0 सी0 रेउसा दिलीप कुमार बघेल, एस0डी0 सी0 महमूदाबाद जियाराम वर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर सुरेंद्र कुमार पाल, एस0एस0ओ0 दीपक कुमार, मोहम्मद शादाब एवं लाइन स्टाफ लवकुश व विपिन चन्द्र तथा मीटर रीडर योगेश कुमार व अन्य सहित सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इस मेगा कैंप में जिन लोगों को बिल से संबंधित या बिजली की किसी अन्य समस्या को लेकर शिकायत थी उनको सुना गया तथा अनेक लोगों की समस्याओं का मौके पर त्वरित निस्तारण भी किया गया।

## साइबर ठगी का शिकार युवक को इंसाफ की आस

लखीमपुर खीरी । हैदराबाद थाना क्षेत्र। साइबर ठगी का शिकार एक युवक जब न्याय की उम्मीद लेकर थाने पहुंचा तो उसे न केवल निराशा हाथ लगी, बल्कि स्थानीय पुलिस चौकी अजान पर उससे सादे कागज़ पर दस्तख़त लेकर धमकाते हुए वापस भेज दिया गया। मामला थाना हैदराबाद क्षेत्र के मडिया जवाहर नगर निवासी मायाराम पुत्र ठाकुर प्रसाद का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मई माह में गांव के ही सत्यपाल पुत्र कुंदन नामक व्यक्ति ने मायाराम को यह कहकर बहकाया कि जनधन योजना के अंतर्गत सरकार लाभ दे रही है और इसके लिए बैंक खाता खुलवाना जरूरी है। सत्यपाल उसे लेकर ममरी गांव स्थित इंडियन बैंक शाखा में गया, जहां मायाराम के नाम से खाता खोला गया और मोबाइल नंबर 8114048302 पर सिम कार्ड खरीदा गया। इसके बाद सत्यपाल ने मायाराम से कहा कि सभी दस्तावेज़ दिल्ली भेजे जाएंगे और उसके खाते में पैसे आएंगे। इसी दौरान उससे इंटरनेट बैंकिंग की यूज़र आईडी, पासवर्ड और ओटीपी भी ले लिया गया।

# महादेव के जयघोष के साथ निकले कावरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी। सावन माह के अवसर पर विकासखंड पसगवा क्षेत्र के ग्रामपंचायत खूंटी बुज़ुर्ग से शिव शक्ति कावरिया समिति द्वारा कावण यात्रा फर्रुखाबाद पांचाल घाट के लिए रवाना हुई। गांव से कावरियो का जत्था गाजे - बाजे के साथ रवाना हुआ। श्रद्धालु फर्रुखाबाद पांचाल घाट से गंगाजल भरकर लगभग 135 किलोमीटर कि पग यात्रा करके गोला गोकर्णनाथ स्थित छोटी काशी मंदिर मे जलाभिषेक करेंगे। कावरिये भक्ति भाव मे डूबे नजर आये। श्रद्धांलुओं कि भक्ति और भजनो कि आवाज से माहौल भक्तिमय बना रहा। यात्रा को बिदा करने के लिए ''प्रधान प्रतिनिधि सौरभ अवस्थी'' के साथ ही तमाम ग्रामवासी व बच्चे और महिलाओ ने सभी शिव भक्तो को गांव के बाहर से बिदा किया। कावण यात्रा का खूंटी बुज़ुर्ग से प्रस्थान सर्वेश दीक्षित, लक्ष्मीकांत दीक्षित, संदीप दीक्षित कि अध्यक्षता मे हुई जिसमे मुख्य रूप से, नरेश राजपूत, छोटे राजपूत, ब्रजेश सक्सेना,अंकित दीक्षित,कुलदीप दीक्षित,कुलदीप राजपूत,रामवीर राजपूत अखिलेश राजपूत साथ ही तमाम शिवभक्त जय भोले के जयकारों के साथ रवाना हुए।



क्या बोले प्रधान प्रतिनिधि सौरभ अवस्थी


प्रधान प्रतिनिधि सौरभ अवस्थी ने बताया कि कावण यात्रा मे भजन ही बजाते हुए यात्रा करे। ऐसे भजनो को ना बजाए जिससे हमारे पवित्र त्यौहार का सौहार्द बिगड़े या हमारे गाजे -बाजे से किसी भी धर्म समुदाय के लोगो को ठेस पहुचे। साथ ही सभी के सकुशल बापसी कि प्रार्थना की ।

# नाबालिग के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी, पीड़ित ने दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर । थाना खैराबाद क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग किशोर के साथ बेरहमी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी अनिल कुमार पुत्र रामपाल, निवासी मोहल्ला पनवड़िया, थाना खैराबाद, जिला सीतापुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिनांक 18 जुलाई की रात्रि लगभग 1 बजे उनका भांजा विनय पुत्र लल्लूराम उम्र लगभग 13 वर्ष, बड़े मखदूम साहब दरगाह के के पास मौजूद था। उसी दौरान वहां गुड्डू पुत्र हरिनाथ, इन्दु पाल पुत्र छविनाथ, शिवपाल पुत्र विनोद, निवासीगण उपरोक्त तथा एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए। इन लोगों ने विनय को रोककर पहले गाली-गलौज की और फिर लात-घूंसों, लाठियों तथा धारदार हथियारों से गंभीर रूप से मारपीट की। तहरीर के अनुसार हमलावरों ने किशोर विनय को जान से मारने की धमकी भी दी और घायल अवस्था में उसे छोड़कर मौके से फरार हो गए। मारपीट में विनय को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने पुलिस से उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।



घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ है और मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यह पुरानी रंजिश का परिणाम है।

थाना प्रभारी खैराबाद से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला गंभीर है, पीड़ित की तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बरवलिया गांव में धर्म परंपरा की रक्षा, हिंदू परिषद व सवर्ण आर्मी ने कराया मृतक का हिंदू रीति से अंतिम संस्कार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। आज ग्राम बरवलिया में एक विशेष एवं संवेदनशील घटना के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं सवर्ण आर्मी सीतापुर के संयुक्त प्रयासों से धर्म व परंपरा की मर्यादा की रक्षा की गई। एक यादव समाज से संबंधित व्यक्ति था, जो लंबे समय से एक मुस्लिम परिवार के साथ रह रहा था। आज उसका निधन हो गया। मृतक का अंतिम संस्कार मुस्लिम समुदाय के रीति-रिवाजों से किया जा रहा था। इस सूचना पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं सवर्ण आर्मी सीतापुर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे और धर्म-संस्कृति के अनुरूप कार्यवाही करते हुए। मृतक का अंतिम संस्कार हिंदू रिति रिवाजों के अनुसार विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। इस धर्म रक्षक कार्य में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः दुर्गेश सिंह, अमित मिश्रा, अंकित सिंह, राजेन्द्र सिंह, सत्यम पटेल, रंजीत यादव, काली प्रसाद सहित महमूदाबाद कोतवाल अनिल कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल व क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।



## अधीक्षक कसमंडा ने सारथी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कसमंडा कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़े के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमण्डा अधीक्षक डाक्टर राजीव वर्मा ने पूरे स्टाफ के साथ दो सारथी बाहनो को हरी झण्डी दिखाकर क्षेत्र मे प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया यह वाहन क्षेत्र के सभी गांवो कस्बो मे जाकर जनसंख्या नियंत्रण के बारे मे लोगो को जागरूक करेगे इन बाहनो के साथ स्वास्थ्य विभाग कसमण्डा का स्टाफ भी मौजूद रहे गा जो लोगो को विस्तार से जनसंख्या नियंत्रण के बारे मे जानकारी देगा इस मौकेपर डाक्टर कामरान अब्दुल हसन, डाक्टर वी पी सिंह,डाक्टर मुदित दिक्षित, डाक्टर अनुज मिश्रा,बी पी एम कोहिनूर, निर्मला नन्दिनी,फार्मासिस्ट एस पी सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा

## रात में चोरी-छिपे खाद बेच रहा था भारत फर्टिलाइजर्स, छापेमारी में खुला राज

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता ।कस्बा पलिया में संचालित भारत फर्टिलाइजर्स पर उर्वरक की रात्रिकालीन अवैध बिक्री की शिकायत सामने आने पर प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार रात प्राप्त सूचना के आधार पर नायब तहसीलदार पलिया और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ने मौके पर पहुंचकर दुकान की जांच की। सूचना के अनुसार, विक्रेता द्वारा रात्रि में यूरिया की बिक्री की जा रही थी। जांच के दौरान दुकान बंद पाई गई। जब दुकान खुलवाई गई तो वहां मात्र 04 बोरी यूरिया और गोदाम में 35 बोरी यूरिया मिला। जबकि सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के रिकॉर्ड के अनुसार, 18 जुलाई को भारत फर्टिलाइजर्स के पास 113 बोरी यूरिया स्टॉक में थी। इस आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि बीती रात भारी मात्रा में अनियमित तरीके से उर्वरक का विक्रय किया गया। प्रशासन ने लिया संज्ञान, नियमों के तहत कार्रवाई शुरू पाई गई अनियमितता को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने नियमानुसार सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने साफ संकेत दिया है कि किसानों को मिलने वाले खाद पर किसी भी स्तर पर कालाबाजारी, जमाखोरी या नियमविरुद्ध बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पुलिस ने पच्चीस हजार के इनामी अपराधी को धरदबोचा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित पच्चीस हजार रुपये के ईनामिया अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये अपराधी को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित व पच्चीस हजार रुपये के ईनामिया ध्रुपराज बेड़िया उर्फ भिण्डी पुत्र जमुना निवासी ग्राम नरवल थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब चौबीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी एक संगठित आपराधिक गैंग का सदस्य है जो अपने गैंग के अन्य साथियों के साथ मिलकर अर्थिक व भौतिक लाभ हेतु चोरी, नकबजनी, मारपीट व मादक पदार्थ की तस्करी जैसे अपराध कारित करता है जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पच्चीस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नि:शुल्क शैक्षिक एडमिशन में आगे आती है सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर विकास खण्ड पहला क्षेत्र के बेहमा स्थित सहयोग छात्र शिक्षा समिति कार्यालय में आज दिनांक 19 जुलाई 2025 को सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक और सकारात्मक पहल करते हुए अनेक गरीब एवं असहाय छात्रों को निःशुल्क कॉपियाँ, पेन, बैग आदि शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। साथ ही, समिति के सहयोग से कई ज़रूरतमंद छात्रों का विभिन्न विद्यालयों में सफलतापूर्वक नामांकन भी कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट था – ''कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।'' संस्था लगातार इस दिशा में कार्यरत है और यह आयोजन उसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

**शैक्षणिक सामग्री वितरण हेतु लाभान्वित विद्यालयों की सूचीः**

प्राथमिक विद्यालय नयागाँव ,प्राथमिक विद्यालय रामपुर भुजंग ,प्राथमिक विद्यालय कन्दौरा ,कृषक पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बेहमा ,कंपोजिट विद्यालय, बेहमा इन विद्यालयों के कुल 50 छात्रों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिः मुख्य अतिथिः विनोद रावत ऽ शाखा प्रबंधक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बेहमा चौकी

विशिष्ट अतिथिः मुकेश मिश्रा ऽ सचिव, चंद्रमौली आश्रम, रामनगर

मंच संचालनः विनय कुमार सिंह, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय दुघरा उल्लेखनीय उपस्थितिः अमित मिश्रा ऽ जिला अध्यक्ष, श्वरण आर्मी रितेश सोनी, पंकज सोनी, बबलू गुप्ता, ओम प्रकाश यादव, तिलकराम आशीष कुमार ऽ कार्यालय प्रभारी अखिलेश कुमार विश्वकर्मा ऽ सह-संपादक, ''अब तक न्याय'' सुरेंद्र कुमार, मंजीत यादव, रंजीत यादव, नितिन कुमार रावत, संतोष कुमार रामनाथ ऽ समाजसेवी नदीम अहमद, अभिषेक निगम, कृष्णपाल, रामसागर ऽ सहायक अध्यापक, कंपोजिट विद्यालय नया गांव अन्य छात्रों के अभिभावकगण संस्था की ओर से विशेष आभारः सहयोग छात्र शिक्षा समिति की ओर से संस्था के प्रबंधक श्री धर्मेंद्र कुमार के सतत प्रयासों और योगदान के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद एवं हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। आपका यह सहयोग निःसंदेह कई जरूरतमंद छात्रों के लिए मार्गदर्शक एवं सहायक सिद्ध हो रहा है। ''सहयोग छात्र शिक्षा समिति का प्रयास है कि हर जरूरतमंद बच्चा शिक्षा से जुड़े और समाज में आत्मनिर्भर बने।

# कोचिंग सेंटर पर एसडीएम राजीव निगम ने की छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघास खीरी। कस्बे निघासन में सिंगाही रोड तहसील गेट के सामने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर चल रहे फर्जी कोचिंग सेंटर पर एक बड़े घोटाले का पदार्फाश हुआ है. एसडीएम राजीव निगम ने तहसील गेट के सामने सिंगाही रोड पर स्थित एक कोचिंग सेंटर पर छापेमारी की। बरेली की एक छात्रा की शिकायत पर यह कार्यवाही की गई। छात्रा को कोचिंग सेंटर के संचालक भारत सरकार की मोहर वाला एक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया था। इस प्रमाण पत्र में मोहर और कई स्पेलिंग गलत थी।




जांच में पता चला कि केंद्र एवं राज्य सरकार की नौकरियों का झांसा देकर संचालक ने 26 छात्रों का पंजीकरण किया था। संचालक इन छात्रों को सचिवालय, स्वास्थ्य विभाग, और विकास विभाग में नौकरी दिलाने का लालच देता था। एसडीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों रवि कुमार, प्रदीप कुमार और अखिलेश को मौके पर बुलाया। टीम ने कोचिंग सेंटर से लैपटॉप, फर्जी सरकारी मोहरों वाली फाइले और छात्रों के असली प्रमाण पत्र बरामद किए। सभी दस्तवेजों के दो बंडलों को सीज कर कब्जे में ले लिया गया। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि बरेली की एक छात्रा की गोपनीय शिकायत पर कोचिंग सेंटर पर छापेमारी की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुलाकर कोचिंग सेंटर से बरामद दस्तावेजों को सील कर कब्जे में ले लिया गया है। कोचिंग सेंटर पर मौजूद मिले पढुआ थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी अभिषेक नाम के व्यक्ति से आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र लेकर पूछताछ की जा रही है।

# 15 जनवरी को होगा त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन

**किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही पृथक-पृथक तथा समानान्तर चलेंगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बदायूं में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध ढंग से निर्धारित किया गया है। 19 अगस्त से 22 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि, 06 से 12 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कर 13 से 19 दिसम्बर तक निस्तारण होगा, 05 दिसम्बर 2025 को अनन्तिम मतदाता सूची का आलेख का प्रकाशन तथा 15 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन होगा। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रमुख तिथियों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 18 जुलाई से 18 अगस्त 2025 को किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही, बी0एल0ओ0 एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, उन्हें प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण। यह दोनों कार्यवाहियाँ पृथक-पृथक तथा समानान्तर चलेंगी। उन्होंने बताया कि 19 अगस्त से 29 सितम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे), 19 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि है। 23 से 29 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच करने की अवधि है। 30 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2025 तक निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि है।

उन्होंने बताया कि 07 अक्टूबर से 24 नवम्बर 2025 तक ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना है। 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांक, मतदाता क्रमांक, मतदान स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोकॉपी किया जाना है। 05 दिसम्बर 2025 को अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन होगा, 06 से 12 दिसम्बर 2025 तक आलेख के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण होगा। उन्होंने बताया कि 06 से 12 दिसम्बर 2025 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना (01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी स्वीकार किए जाएंगे), 13 से 19 दिसम्बर 2025 तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण होगा, 20 से 23 दिसम्बर 2025 तक दावे व आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार की जाएंगी, 24 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही की जाएगी उन्होंने बताया कि 09 से 14 जनवरी 2026 तक पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र व स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियाँ कराने आदि है तथा 15 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन होगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

महराजगंज,रायबरेली। बीते शुक्रवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के थुलवासा गांव के पास एक बाइक सवार 34 वर्षीय व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया, हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचा उसका भाई आनन-खानन घायल को सीएचसी महराजगंज ले गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दे कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक जमालपुर थाना मिल एरिया का रहने वाला विशाल (34) पुत्र राम लखन अपनी बाइक से किसी रिश्तेदारी से अपने घर जा रहा था। शुक्रवार की रात 10:25 बजे जैसे ही वह थुलवासा गांव के पास पहुंचा, रायबरेली की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया, जिससे वह बाइक समेत गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े। तुरंत घटना की सूचना घायल के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन छोटहिल को लेकर सीएचसी महराजगंज पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया है।

## शिकायतों का गंभीरतापूर्वक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम

**बदायूँ।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश करवाने सहित पुलिस विभाग की 02, विकास की 06, राजस्व 29, विद्युत की 01, नगर पालिका परिषद की 03, पूर्ति की 10 तथा अन्य विभाग की 01 सहित कुल 52 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्राप्त शिकायती एवं प्रार्थना पत्रों का सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी ब्रजेश कुमार सिंह, सीडीओ केशव कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 20 जुलाई से कार्ड धारकों को होगा खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण

**बदायूँ।** जिलाधिकारी अवनीय राय ने बताया कि पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को माह अगस्त 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 20 जुलाई से 10 अगस्त 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने खाद्यान्न के उठान एवं वितरण के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा निर्देश निर्गत किये है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 21 कि0ग्रा0 फोर्टीफायड चावल (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के मध्य 02 कि0ग्रा0 गेहूं तथा 03 कि0ग्रा0 फोर्टीफायड चावल प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरित कराया जाएगा।

## युवा मंच संगठन ने की कांवरियों पर जल सेवा एवं पुष्प वर्षा

**बदायूँ।** युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता के नेतृत्व द्वारा एक लाख पानी के पाउचों एवं पुष्प वर्षा के वाहनों को बदायूं के पूर्व राज्यमंत्री एवं नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता शेखुपुर विधानसभा के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य एवं दातागंज के विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू भईया के पुत्र दातागंज ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह अंकित भईया ने भगवा झंडा दिखा कर कांवरियों के जल सेवा एवं पुष्प वर्षा की वाहनों को दर्जनों वाहनों के साथ अग्रसर किया। इस अवसर युवा मंच संगठन के बरेली मंडल उपाध्यक्ष निलेश साहू मनी वार्ष्णेय ने बताया कि कांवरियों के जल सेवा और पुष्प वर्षा सावन भर चलेगी। इस मौके पर युवा मंच संगठन के जिला सचिव राजा दिवाकर और लकी ठाकुर ने बताया कांवरियों के सेवा का भाव लेकर संगठन ने जो जल सेवा और पुष्प वर्षा की जिम्मेदारी ली है वह शनिवार से सोमवार तक दिन रात चलेगी प्रत्येक संगठन के युवाओं के द्वारा आपसी जनसहयोग से इस पुण्य कार्य में योगदान दिया है। इस अवसर पर युवा मंच संगठन के सुशील कुमार मौर्य दिलीप जोशी नितिन दिवाकर सूर्या भाई शिवम रस्तोगी पुष्पेंद्र श्रीवास्तव अरुण सेक्सेना हनी दिवाकर राज वर्मा धर्मवीर शाक्य लकी दिवाकर जीतू कुमार आशु रजत आदि दर्जनों की संख्या में उपस्थित रहे।

## तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें



**महराजगंज,रायबरेली।** शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम सचिन यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 38 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 20, पुलिस विभाग से जुड़े 10, विकास कार्यों से संबंधित 4 और अन्य विषयों पर 4 शिकायतें शामिल थीं। अधिकारियों ने मौके पर ही 4 शिकायतों का निस्तारण कर दिया।बछरावां क्षेत्र के गांव कुरी मजरे सिकंदरखेड़ा के निवासी राम सनेही ने एक महत्वपूर्ण शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी गांव में स्थित जमीन गाटा संख्या 1448 व 1493 संक्रमणीय दर्ज है। वह इस जमीन पर कृषि कार्य करते हैं। गांव के ही निवासी कृष्णपाल पुत्र गयादीन और उनकी पत्नी इस जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। राम सनेही ने राजस्व विभाग से जांच कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। एसडीएम ने इस मामले का जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया। तहसीलदार मंजुला मिश्रा और बीडीओ वर्षा सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सुभासपा का जिला कार्यालय का उद्घाटन आज, प्रदेश अध्यक्ष करेंगे शिरकत

**रायबरेली।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे। इस आयोजन से पार्टी कार्यकर्ताओं जोश है। रविवार को सुबह 11 बजे शहर के आईटीआई के निकट वार्ड नम्बर 10 ज्योतिबा नगर 43/ए में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय का शुभारंभ होना है। यह कार्यक्रम पार्टी की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोनी शर्मा के नेतृत्व में होना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुभासपा के मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारी जोरो पर हैं। पार्टी के पदाधिकारी कयास लगा रहे हैं कि इस आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष के शामिल से कार्यकताओं में एक नई ऊर्ज़ा का संचार होगा। जिसका सीधा असर 2027 के विधान सभा चुनाव में देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की आयोजक सोनी शर्मा ने बताया कि जिला कार्यालय के उद्घाटन से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित करने में सुगमता होगी। साथ ही जनता की समस्याओं को सुनकर निराकरण कराने में आसानी होगी। कार्यक्रम में कुछ नए लोगों को ही शामिल किया जाएगा उन्हें सदस्यता दिलाई जाएगी। संगठन को मजबूत करने के लिए हर सम्भव प्रायस किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि पार्टी पदाधिकारी और हर कार्यकर्ता अपने अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करेंगे ।

## युवक ने युवती पर चाकू से किया जानलेवा हमला हालत गंभीर

**उन्नाव।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर मोहल्ले में शनिवार को दिनदहाड़े उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अज्ञात युवक ने 22 वर्षीय युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में युवती के गले पर कई वार किए गए। जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ी। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे मोहल्लेवालों ने गंभीर रूप से घायल युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर की रहने वाली युवती किसी कार्य से बाहर निकली थी। तभी पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात युवक ने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। युवक ने युवती के गले पर कई वार किए। वो मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर खून का काफी मात्रा में फैलाव देख आसपास के लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायल युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया।घटना की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रीय हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स के ब्यूरो कार्यालय बदायूं का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। शनिवार को राष्ट्रीय हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स के ब्यूरो कार्यालय बदायूं का शुभारंभ विद्वान अधिकारी एसपी सिटी विजेन्द्र द्विवेदी द्वारा जोगीपुरा बदायूं में किया गया। तमाम पत्रकारों एवं प्रतिष्ठित, जन समुदाय के बीच वैदिक मन्त्रों उच्चारण करते हुए विद्वान पुलिस अधिकारी विजेन्द्र द्विवेदी में फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर तमाम पत्रकारों के अतिरिक्त कॉलेज के प्रधानप्राचार्य/ अधिवक्ता/ उद्योगपति मौजूद रहे। तथा सभी ने एसपी सिटी विजेन्द्र द्विवेदी को फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार प्रकट किया। वहीं उन्होंने पत्रकारों से वार्ता कर समाज की एक जिम्मेदार वर्ग बताते हुए कहा कि स्वस्थ पत्रकारिता समाज के सच्चे दर्पण का काम करती है समाज को सही दिशा दिखाने का भी दायित्व होता है। समारोह उपस्थित अधिवक्ताओं ने बताया कि पत्रकारिता में कुछ पूंजीपति अपने धन-बल को प्रयोग कर ऐसे पत्रकार बन जाते हैं जिन्हें पत्रकारिता की एबीसीडी तक नहीं आती और ऐसे लोग चमकदार वोट लगाकर पत्रकारिता को बदनाम करते हैं।वही कैनविज टाइम बरेली के ब्यूरो चीफ अजय मिश्रा व बदायूं प्रभारी आशु शर्मा ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

# एसपी-सीडीओ ने तहसील दिवस में सुनीं लोगों की शिकायतें

**गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश , कुल 38 शिकायतें आयीं,सात का तत्काल निस्तारण**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। सीडीओ अर्पित उपाध्याय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने तहसील सलोन में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके सामने राजस्व विभाग से 21,पुलिस 5,विकास 6,नलकूप 1,सिचाई 1,पूर्ति विभाग 4 सहित कुल 38 शिकायतें आयीं। जिनमें से सात शिकायत का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। अवशेष प्रकरण को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। इनमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों में पूरी तरह सक्रियता बरती जाए और अगर कोई विवादित शिकायत है तो पुलिस प्रशासनिक संयुक्त टीम मौके पर भेज कर उस समस्या की जांच कर उसका समाधान कराया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकार यदुवेंद्र बहादुर पाल, जिला स्तरीय अधिकारी, सलोन तहसीलदार, नायब तहसीलदार व तहसील प्रशासन के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# बछरावां में डयूटी कर रहे सफाई कर्मी पर हमला

**पीड़ित ने पुलिस पर लगाए लापरवाही के गंभीर आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब ड्यूटी पर तैनात सफाई कर्मी राजेंद्र कुमार के साथ दिनांक 18 जून को दोपहर में काम करते समय मारपीट की घटना सामने आई। राजेंद्र कुमार का आरोप है कि वह अटरा में अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रहा था, तथा टीम के साथ सफाई का काम कर रहा था। तभी अचानक उसी विभाग के सफाई कर्मी विमलेश चौधरी ने मौके पर पहुँचकर पहले गाली-गलौज की और फिर जूते-चप्पलों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। राजेंद्र कुमार ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई और सीधे थाने पहुँचकर पूरे मामले की तहरीर दी। लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि बछरावां थाने की पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित राजेंद्र का आरोप है कि पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है और दोषी के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा। राजेंद्र कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि हमलावर विमलेश चौधरी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाए, ताकि एक ईमानदार कर्मचारी को न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। मामले में खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि, कल ही घटना संज्ञान में आई थी और मैंने सफाई कर्मचारी से बछरावां थाने में तहरीर देने की बात कही है।

### क्या कहना है सीओ का

क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार का कहना है कि, घटना प्रकाश में आई है जांच करा कर दोषी सफाई कर्मी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सीखेगी कमल की खेती

**स्वयं सहायता समूह की 60 महिलाओं को दिलाया जाएगा कमल की खेती का प्रशिक्षण : सीडीओ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । शिवराजपुर विकास खंड की तीन ग्राम पंचायतों नदीहा बुजुर्ग, नदीहा खुर्द एवं रामपुर नरूआ में संचालित पाँच स्वयं सहायता समूहों की लगभग 60 महिलाओं को कमल की खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अगले सप्ताह रामपुर नरूआ और नदीहा बुजुर्ग में स्थित तालाबों में कमल के बीजों की बुआई की जाएगी। प्रशिक्षित महिलाओं को उत्पाद निर्माण के लिए आवश्यक मशीनें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। यह बातें शनिवार को सीडीओ दीक्षा जैन ने कही।मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) दीक्षा जैन ने ग्राम पंचायत रामपुर नरूआ, विकास खंड शिवराजपुर में नून नदी के उद्गम स्थल चढ़ारी तालाब का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कमल की खेती के लिए प्रशिक्षित चार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। महिलाओं ने बताया कि कमल की खेती के जरिए स्थानीय महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में एक नया अवसर मिला है। साथ ही, नून नदी के परिक्षेत्र में चिन्हित स्थलों को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किए जाने की संभावना पर भी विचार किया गया। संबंधित ग्राम प्रधानों को इस संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए, जिससे नून नदी का यह अंचल एक समृद्ध प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में उभर सके।नून नदी के जीर्णोद्धार कार्यक्रम से पूर्व रामपुर नरूआ व आस-पास के ग्रामों में कोई भी स्वयं सहायता समूह सक्रिय नहीं था लेकिन इस नदी के पुनर्जीवन के दौरान, एनजीओ के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें समूहों के रूप में जोड़ा गया और इन्हीं समूहों ने श्रमदान कर नदी के पुनर्जीवन में भागीदारी निभाई।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया तथा अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग को नून नदी का अंतिम ड्रोन सर्वे कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि कमल की खेती से बनने वाले उत्पादों के निर्माण के लिए विस्तृत कार्य योजना नाबार्ड को प्रेषित की जा चुकी है।

# खरपतवार के दृष्टिगत कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**फसलों में खरपतवारों के नियत्रण हेतु रसायनिक विधि का प्रयोग किया जाना तुलनात्मक दृष्टि से कम खर्चीला होने के कारण ग्राहय है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में मुख्यतः धान, मक्का, मुगफली, उर्द, बाजरा और गन्ना प्रमुख फसलें है। खरपतवार के दृष्टिगत बचाव एवं प्रबन्धन हेतु कृषकों के बीच प्रचार-प्रसार और जागरूगता के लिए कृषि एडवाईजरी जारी की है। उन्होंने फसलवार सुझाव एवं संस्तुतियां दी हैं कि धान की रूपाई हेतु समय पर श्रमिकों की समुचित उपलब्धता एक बड़ी समस्या बनती जा रही हैं।

इसके साथ ऊचें दर पर श्रमिक मिलने पर धान की खेती की लागत बढ़ जाती है। इस समस्या के समाधान हेतु ड्रम सीडर मशीन द्वारा अंकुरित धान की सीधी बुवाई करने पर जल और श्रमिक पर होने वाले व्यय में कमी होती है। साथ ही बुवाई कतार में होने के कारण खरपतवार नियंत्रण में असानी होती है। उन्होंने बताया कि धान में खरपतवारों का नियत्रण मजदूरों द्वारा करने पर अधिक व्यय की सम्भावना के दृष्टिगत फसलों में खरपतवारों के नियत्रण हेतु रसायनिक विधि का प्रयोग किया जाना तुलनात्मक दृष्टि से कम खर्चीला होने के कारण ग्राहय है। रुपाई के बाद दो-तीन दिन के अन्दर दो इंच भरे पानी में कृषि रक्षा रसायन की संस्तुत मात्रा को प्रति हैक्टर की दर से 500 ली0 पानी में घोल कर छिड़काव करने से खरपतवारों का नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ब्यूटावलोसर 50 प्रतिशत ई0सी0 3ली0 मात्रा, एनिलोफास 30 प्रतिशत ई0सी0-1.50 ली0 मात्रा, प्रिटिलाक्लोर 50 प्रतिशत ई0सी0-1.60 ली0 मात्रा, पाइराइजोसल्फ्यूरान इथाइल 10 प्रतिशत डब्लू0पी0-0.15 किलो0 मात्रा, विस्पाइरीबैक साडियम 10 प्रतिशत एस0सी0 0.20 ली0 रोपाई के 15-20 दिन बाद प्रति0 हैक्टर की दर से नमी की स्थिति में लगभग 500 ली0 पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिये। उन्होंने बताया कि मक्का, ज्वार व बाजरा में खरपतवार नियंत्रण हेतु एटाजिन 50 प्रतिशत डब्लू0पी0 2 किग्रा0/प्रति0 है0 अथवा डयूरान 80 प्रतिशत डब्लू0पी0 1.5-2.00 किग्रा मात्रा की दर से 500-700 ली0 पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिये।उन्होंने बताया कि मूगंफली की बुवाई के दो दिनों के अन्दर आक्सीफ्लोरोफ़ेन 23.5: ई0सी0 की 600 मिली0 मात्रा प्रति है0 की दर से 500-600 ली0 पानी का घोल का छिड़काव करने से सभी खरपतवारों का अंकुरण नहीं होता है। ईमीजाथापर 10 प्रतिशत एस0एल0 की 1000 मिली मात्रा प्रति0 है0 की दर से 500-600 ली0 पानी में घोलकर बुवाई के 10-15 दिनों पर छिड़काव करने से घास कुल एंव चौडी पत्ती वाले खरपतवारों का प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि उर्द एंव मुगं में चौडी एंव सकरी पत्ती वाले खरपतवार के नियत्रण हेतु बुवाई के 10 दिन बाद ईमेजाथापर 10 प्रतिशत ई0सी0 की 700-1000 मिली0 मात्रा प्रति0 है0 के दर से 500-600 ली0 पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिये। उन्होंने बताया कि गन्ने में खरपतवार बुवाई से लेकर मानसून शुरु होने तक अधिक संख्या में वृद्धि करते है। चौडी पत्ती वाले घासवर्गीय एंव मौथावर्गीय खरपतवारों के नियंत्रण के लिये एट्राजिन 50 प्रतिशत डब्लू0पी0 1-4 किग्रा0 या मेट्रीब्यूजीन 70 प्रतिशत डब्लू0जी0 की 2-3 किग्रा0 प्रति है0 मात्रा 500-700 ली0 पानी के साथ प्रति0है0 का घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिये।

# बिना बिजली वाले मजरों की ब्लॉकवार सूची बनाकर प्राथमिकता से काम करें: बाबू सिंह कुशवाहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जौनपुर । कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार देर शाम जिला विद्युत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने की। इसमें मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज भी मौजूद रहीं।बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें अविद्युतीकृत मजरों का विद्युतीकरण, स्मार्ट मीटर की स्थापना और मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना शामिल थे। बैठक में सांसद और विधायक निधि के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।अध्यक्ष ने विद्युत विभाग को कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना बिजली वाले मजरों की ब्लॉकवार सूची बनाकर प्राथमिकता से काम करें। खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत में गुणवत्ता सुनिश्चित करें। तीन बार से अधिक जले ट्रांसफार्मरों की सूची तैयार करें।सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनप्रतिनिधियों और आम जनता के फोन जरूर उठाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनता के लिए हैं और अपने दायित्वों का निर्वहन करना उनकी जिम्मेदारी है।विद्युत दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मुआवजा देने का निर्देश दिया गया। जर्जर तारों को बदलने और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के काम को प्राथमिकता से करने को कहा गया। ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर चंदा या धन उगाही की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# विद्यालय विलय होने से बच्चों ने छोड़ दी पढ़ाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती के विलय होने के कारण कई बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है।यह उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। यह विद्यालय पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव मथना जप्ती में स्थित था।और इसे कुछ दिन पूर्व प्राथमिक विद्यालय रानीगंज में विलय कर दिया गया है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है।कि यह निर्णय बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के हित में नहीं है, क्योंकि रानीगंज स्कूल की दूरी अधिक है और जंगली जानवरों का खतरा भी बना रहता है।ग्रामीणों ने इस निर्णय के विरोध में प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से मांग की है।कि इस निर्णय को वापस लिया जाए। उनका कहना है कि मथना जप्ती स्कूल सड़क के किनारे है। और बच्चों के लिए सुरक्षित हैं।जबकि रानीगंज स्कूल जंगल से सटा हुआ है। और वहां जाने में बच्चों को जंगली जानवरों से खतरा हो सकता है।स्कूल की दूरी रानीगंज स्कूल की दूरी अधिक होने से बच्चों को परेशानी होगी। हमेशा जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। इससे शिक्षा पर प्रभाव पड़ेगा विलय से बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो गई है।ग्रामीणों और अभिभावकों की मांग है।कि इस निर्णय को वापस लिया जाए और मथना जप्ती स्कूल को यथावत रखा जाए।जिससे बच्चों आगे की पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्वल बने सके।

## कमरौली पुलिस ने पचास ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी । थाना कमरौली पुलिस ने पचास ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान गंगाराम पुत्र जगई निवासी ग्राम तुमनदार का पुरवा मजरे डांगी बरौलिया पोस्ट कैथागांव थाना इन्हौना जनपद अमेठी को पचास ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना कमरौली के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ हिन्दू महासभा ने खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।शहर में लंबे समय से एक ही पद पर जमे अधिकारियों और लेखपालों के खिलाफ अखिल भारत हिन्दू महासभा ने कड़ा रुख अपनाया है। शनिवार को संगठन के जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को एवं तहसील दिवस में पहुंचकर वहां मौजूद अधिकारियों को भी ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र स्थानांतरण की कार्रवाई नहीं की गई, तो 22 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे से सदर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि शहर कानूनगो तेज बहादुर समेत कई अधिकारी एवं लेखपाल पिछले लंबे समय से एक ही पद एवं स्थान पर कार्यरत हैं। नगरवासियों की शिकायत है कि ये अधिकारी कार्यों में टालमटोल करते हैं एवं अनुचित माँग करते हैं और आमजन से अभद्र व्यवहार करते हैं। संगठन ने कहा कि यह न केवल जनता की समस्याओं को बढ़ा रहे हैं, बल्कि सरकार की छवि को भी धूमिल कर रहे हैं। इससे पहले भी जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण की माँग की जा चुकी है, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हिन्दू महासभा ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि समय रहते इन अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया गया, तो संगठन तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# जांच में क्लीनचिट मिलने पर दुर्गा कुमुद क्लीनिक के खुले ताले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। चार दिन पहले बंद कराए गए अस्पताल का रजिस्ट्रेशन और डॉक्टर की डिग्री वैद्य होने पर दुर्गा कुमुद क्लीनिक के ताले खोल दिया गए है। डॉक्टर ने द्वेष भावना और राजनीतिक चलते उनकी शिकायतें करने का आरोप लगाया है। 15 जुलाई को नगर के बिजली घर रोड पर स्थित दुर्गा कुमुद क्लीनिक की जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा था। एमओआइसी ने अस्पताल के दस्तावेज और मानक विहीन बताकर ताले लगवा दिए थे। कार्रवाई के दौरान चिकित्सक कमलेश मौजूद नहीं थे। शुक्रवार शाम जांच में अस्पताल को क्लीन चिट मिल गई इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने चाबी देकर तले खुलवा दिए। चिकित्सा कमलेश कुमार ने बताया मैं गरीबों की सेवा के तहत इलाज करता हूं। इसी को कुछ लोग पचा नहीं पा रहे हैं। द्वेष भावना व राजनीति के चलते उनकी झूठी शिकायतें कर परेशान किया जा रहे है।वहीं आस-पास रहने वाले लोगों का कहना है कि कोरोना काल से लेकर अब तक गरीब और जरूरतमंदों का कम पैसों, यहां तक कि निशुल्क भी उपचार किए जाने को लेकर कम समय में ही डॉक्टर कमलेश ने लोकप्रियता हासिल कर ली है, जो कि नगर के कुछ चिकित्सक आसानी से हजम नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की आड़ में वह चिकित्सक उक्त क्लीनिक को बंद कराने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि तमाम क्लीनिक अवैध रूप से संचालित हैं। जिन पर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है। जबकि उक्त क्लीनिक पर छापामारी करने के मामले में विभाग ने रिकॉर्ड बना लिया है। फिलहाल यह मामला चर्चा का केंद्र बिंदु बना हुआ है।

# मुसाफिरखाना के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी संजय चौहान ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये और शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।तहसील मुसाफिरखाना में कुल तीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील गौरीगंज में चौबीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें सात का निस्तारण किया गया। तहसील तिलोई में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया यहां पर अड़तीस शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें सर्वाधिक चौदह शिकायतें पुलिस महकमे तो एक दर्जन राजस्व महकमे से सम्बंधित रही। इन शिकायतों में मात्र तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में पच्चीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली करंट लगने से दंपति की बिगड़ी हालत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर रम्पुरा फकीरे के रहने वाले जगदीश पुत्र निर्मल घर पर थें और कुछ कार्य कर रहे थे। शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे उनको बिजली का करंट लग गया। यह देख महिला रामवती अपने पति को बचाने पहुंची तो उसको भी करंट लग गया। जानकारी लगते ही परिजनों के होश उड़ गए और दंपति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## सगे भाइयों ने महिला के साथ किया सामूहिक बलात्कार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने शनिवार दोपहर दो बजे तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में दिए शिकायती पत्र में बताया। कि गांव के ही रहने वाले चार सगे भाइयों ने 07-05-2025 रात्रि लगभग बजे नशे की हालत में घर में घुसकर मुह में कपड़ा ठोसकर बारी-बारी से बलात्कार किया और पुलिस से शिकायत करने पर पीड़िता व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है इस संबंध में पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की पुलिस ने कोतवाली और पीलीभीत में पीड़िता के बयान भी दर्ज कराए। उसके बाद भी आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई हैं। उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं पर पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही हैं। पीड़िता ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## अधिवक्ता के चेंबर का ताला तोड़कर दो पंखे हुए चोरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में कोतवाली से चंद कदमों की ही दूरी पर अधिवक्ता आलोक शर्मा का चेंबर है। अधिवक्ता ने बताया की शुक्रवार शाम को वह चेंबर में ताला लगाकर चले गए थे। शनिवार सुबह 10:30 पर जब वह तहसील पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके चेंबर का ताला टूटा पड़ा है और चेंबर में लगा सीलिंग फैन व टेबल फैन दोनों चोरी हो गए हैं। कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## गोवंश पशुओं की हत्या मामले फरार दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचाई थाना क्षेत्र के गांव मटैना कॉलोनी के पास में मंगलवार को गोवंश पशुओं के अवशेष मिलने पर गौ सेवक एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर आरोप लगाकर आक्रोश व्यक्त किया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले में मुकदमा दर्ज कर तीन टीमें गठित कर आरोपियों की तलशा शुरु कर दी थी। अभयपुर माधौपुर पुल के पास से शानू उर्फ सागर पुत्र इश्तयाक निवासी लाइनपार साहूकारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शनिवार शाम चार बजे पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी फुरकान निवासी लाइनपार साहूकारा एवं कामिल उर्फ मुरादी निवासी शेरपुर कला को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। अभी भी एक आरोपी शामिल उर्फ चुनिया पुत्र भूरा निवासी डगा सुखदासपुर फरार चल रहा है पुलिस आरोपी की तलशा में जुटी हैं।

## भैंस के हमले में वृद्ध महिला घायल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शेरगंज खुर्द के रहने वाले ढाकन लाल ने बताया कि गांव के रहने वाले गोपाल अपने पशुओं के लेकर जा रहा था। तभी उसकी भैंस ने पीड़ित युवक की वृद्ध माँ पर हमला कर दिया। जिससे वृद्ध महिला घायल हो गई। विरोध करने पर गोपाल लड़ाई झगड़े पर आमदा हो गया। पीड़ित युवक ने मामले में पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मामले में गोपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जायस पुलिस ने गुमशुदा सात वर्षीय बालिका को पांच घण्टे में किसी बरामद

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को पांच घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर एवं परिजनों को सुपुर्द कर परिजनों की मुस्कान लौटाई है।बालिका के परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार जताया है।थाना क्षेत्र के मोहल्ला कंचाना निवासी राम सजीवन पुत्र जगन्नाथ द्वारा शुक्रवार को थाना जायस पर लिखित तहरीर दी गयी कि आवेदक की सात वर्षीय पुत्री घर से जगदीशपुर रोड पर स्थित उसकी दुकान पर उसे बुलाने हेतु गयी थी परन्तु अभी तक वह दुकान पर नही पहुंची है। उक्त सूचना पर थाना जायस पुलिस द्वारा अभियोग दर्जकर लिया गया और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त गमुशुदा की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा उक्त गुमशुदा के मिलने के हर संभव स्थान पर तलाश कर सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया जा रहा था।तलाश के क्रम में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा बताया गया कि पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई है कि एक बालिका बरनाटीकर के पास सड़क किनारे गुमशुम टहल रही है जिसे सकुशल थाने पर लाया गया है।उक्त सूचना पर थाना जायस पुलिस द्वारा थाना गौरीगंज पर पहुंचकर उक्त बालिका की पहचान कराने के उपरान्त सकुशल बरामद किया गया तथा नियमानुसार कार्यवाही करते हुये बालिका को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।परिजनों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

## कुटमरा के ग्राम प्रधान के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया

तिलोई अमेठ कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत कुटमरा के ग्राम प्रधान राजेश कुमार पाण्डेय का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है उनके निधन पर इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के सुपुत्र और ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि के साथ ही अन्य तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुटमरा के ग्राम प्रधान राजेश कुमार पाण्डेय का शनिवार को आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। ग्राम प्रधान राजेश कुमार पाण्डेय के निधन की सूचना मिलते ही प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, देवी शरण बाजपेयी, राकेश त्रिपाठी,बबलू सिंह,संतोष तिवारी, बबलू मिश्रा, भास्कर सिंह,अमिता गौतम, गुडडू सिंह,ध्रुवराज पासी, विनोद मौर्या, प्रदीप सिंह, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय सहित अन्य तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

# रूसी अभिनेत्री एलीना ने की पुस्तक 'ग़ज़ल अभिलाषा दर्द-ए-तन्हाई' की तारीफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। विश्व पटल पर जनपद सुल्तानपुर का गौरव बढ़ाने वाले आर्टिस्ट चन्द्रपाल राजभर की पुस्तक ग़ज़ल अभिलाष दर्द-ए-तन्हाई को रूष की अभिनेत्री ऐलीना टूटेजा खूब सराहा आपको बताते चलें कि भारतीय युवा कलाकार, (चित्रकार, लेखक, सिंगर एवं शिक्षक) चन्द्रपाल राजभर के द्वारा लिखित पुस्तक 'ग़ज़ल अभिलाषा दर्द-ए-तन्हाई' की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह ग़ज़ल पुस्तक मात्र एक साहित्यिक कृति नहीं, बल्कि एक अंतर्रात्मा की पुकार है, जिसमें लेखक ने अपनी गहन आंतरिक इच्छाओं, तन्हा लम्हों और जीवन के दर्द को एक प्रेरणादायक संदेश में ढाला है। एलीना टुटेजा, जिन्होंने कई भारतीय हिंदी फिल्मों और टीवी धारावाहिकों में उत्कृष्ट अभिनय किया है, उन्होंने कहा कि ल्ययह किताब न केवल भावनाओं की गहराई को छूती है, बल्कि जीवन के संघर्ष में संबल और प्रेरणा भी देती है। यह एक कलाकार की आत्मा की आवाज़ है, जो सीमाओं से परे है।ङ्क वहीं आर्टिस्ट चन्द्रपाल राजभर अब तक लगभग 600 गजलों का सृजन कर चुके हैं जिसमें दो-दो सौ पेज की दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं पहली पुस्तक ग़ज़ल अभिलाषा दर्द-ए-बेवफाई, दूसरी पुस्तक 'ग़ज़ल अभिलाष दर्द-ए तन्हाई 'तीसरी आप्रकाशित पुस्तक अभिलाषा मोटिवेशनल ग़ज़ल है। वहीं एलीना टुटेजा द्वारा सराही गई पुस्तक खंड-2 संस्करण 2025 में प्रकाशित यह पुस्तक भारतीय साहित्यिक और सांस्कृतिक मान्यताओं को एक वैश्विक मंच तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। जब किसी विदेशी कलाकार द्वारा किसी भारतीय कृति की इस प्रकार सराहना की जाती है, तो वह भारत की भावनात्मक, सांस्कृतिक और रचनात्मक शक्ति का प्रमाण बन जाती है। चन्द्रपाल राजभर की यह रचना भारत के युवाओं को यह संदेश देती है कि एकाकीपन, दर्द, और अभाव भी सृजन की भूमि बन सकते हैं, यदि मन में कुछ कर गुजरने की 'अभिलाषा' है तो वह यह सिखाती है कि दर्द भी प्रेरणा बन सकती है और तन्हाई में भी एक नई शुरुआत की राह दिख सकती है।

इस अंतर्राष्ट्रीय सराहना से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय भाषा, साहित्य और संवेदना अब केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक पटल पर एक नई पहचान बना रही है। वहीं इसे यह समझा जाये कि भारतीय आत्मा की वैश्विक स्वीकृति है चन्द्रपाल राजभर द्वारा लिखित इस पुस्तक की थी कि खुशी जनपद सुल्तानपुर के साथ पूरे देशवासियों को है।

# बेखौफ चोरों ने छत फांदकर लाखों रुपये के जेवरात के साथ उड़ाई नकदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव दुनिया का पुरवा मजरे खारा में बेखौफ चोरों द्वारा छत फांदकर लाखों रुपये के बेशकीमती सोने चांदी के जेवरातों के साथ ही पैंतीस हजार रुपया नकद पार करने का मामला सामने आया है।पीड़ित परिवार की लिखित तहरीर के बावजूद स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है और पीड़ित परिवार देर शाम शाम थाने पर बैठा रहा लेकिन अपराध को छिपाने में माहिर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी कर रही है जिससे घटना को अंजाम देने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल व्याप्त है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे दुनिया का पुरवा मजरे खारा निवासी शिवानी दीक्षित पत्नी सूरज दीक्षित ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि शुक्रवार की रात में बेखौफ चोर छत फांदकर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरात हार, अंगूठी, करधनी, चैन, पायल सहित अन्य तमाम सामान उठा ले गये हैं। पीड़िता की मानें तो जब घर में खटपट की आवाज सुनकर उसने देखा तो करीब चार लोगों द्वारा वारदात को अंजाम दिया जा रहा था जिसमें से गांव के ही एक युवक को पहचान भी गई जब तक शोरगुल मचाती तब तक लोग भाग निकले। पीड़ित परिवार ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया और लिखित तहरीर सौंपी लेकिन पुलिस ने अभियोग दर्ज नही किया है जबकि पीड़ित परिवार शनिवार को दिनभर थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिये बैठा रहा। बताया तो यहां तक जाता है कि पुलिस द्वारा एक युवक को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की जा रही थी लेकिन देर शाम तक उसे भी छोड़ दिया गया है। पुलिसिया कार्यप्रणाली से पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल व्याप्त है फिलहाल अपराध छिपाने में माहिर शिवरतनगंज पुलिस ने मुकदमा नही दर्ज किया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुये बताया कि बताया कि दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे है मामले की गहनता से जांच की जा रही है

## अंतिम संस्कार में आए हिस्ट्रीशीटर को मारी गोली

सुल्तानपुर। जिले के धोपाप घाट पर शनिवार को एक हिस्ट्रीशीटर पर बाइक सवार बदमाशों ने हमला किया। घटना कोतवाली लंभुआ क्षेत्र की है। शाहगढ़ कुटिया निवासी दीपक सोनकर अपने फूफा बाबूलाल के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। अंतिम संस्कार के बाद दीपक जब पेशाब करने किनारे गया, तब 6-7 बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने दीपक की बाईं जांघ में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर जब रिश्तेदार मौके पर पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घायल दीपक को पहले लंभुआ सीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर लंभुआ अखिलेश सिंह के अनुसार हमला आपसी विवाद का नतीजा है। हमले में लंभुआ निवासी रतन सिंह और वैभव सिंह का नाम सामने आया है। पुलिस के मुताबिक घायल दीपक हिस्ट्रीशीटर है और उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। पहले भी दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने कहा कि पीड़ित परिवार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# एमडीएम योजना के तहत मौसमी सब्जियों के साथ सोयाबीन का करें इस्तेमाल

## एमडीएम योजना के जिला समन्वयक ने आधा दर्जन से अधिक स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों को दोपहर में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता परखने के लिये शनिवार को एमडीएम के जिला समन्वयक ने आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जहां पर ब्रांडेड तेल मसाला के साथ ही मौसमी सब्जियों और सोयाबीन को पर्याप्त मात्रा में प्रयोग किये जाने का निर्देश दिया गया। मध्यान्ह भोजन योजना के जिला समन्वयक अरुण कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को विकास खण्ड सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय रस्तामऊ ,प्राथमिक विद्यालय हसनपुर,प्राथमिक विद्यालय पूरे मिश्रन,प्राथमिक विद्यालय पूरे पवार,प्राथमिक विद्यालय मत्तेपुर,ईश्वर शरण विद्यालय मत्तेपुर,जनता विद्यालय इन्हौना,प्राथमिक विद्यालय आजादपुर,समता विद्यालय अहोरवा भवानी के साथ ही कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर एमडीएम की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि समस्त विद्यालयों में भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार वितरण किया जा रहा था। जनता विद्यालय इन्हौना में भोजन चखकर देखा गया जिसमें सब्जी युक्त दाल की गुणवत्ता अच्छी मिली। एमडीएम के जिला समन्वयक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि समस्त विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ब्रांडेड तेल मसाला आदि बिल वाउचर के साथ क्रय करने, एयर टाइट डिब्बों में रखने तथा भोजन में मौसमी सब्जियों तथा सोयाबीन का पर्याप्त मात्रा में प्रयोग हेतु निर्देशित किया गया।

# इतिहास से छेड़छाड़ में देश का नुकसान

एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की नई किताब में दिल्ली सल्तनत और मुगल शासन काल की नयी तस्वीर पेश की गई है। इसके जरिए विद्यार्थियों को समझाया जा रहा है कि यह इतिहास का अंधेरा दौर था। किताब में बाकायदा एक अस्वीकरण यानी डिस्क्लेमर दिया गया है, जिसमें लिखा है कि इतिहास के अंधेरे दौर के लिए आज किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। यह अस्वीकरण काफी अहमकाना लगता है, क्योंकि इतिहास और वह भी सदियों पुराने इतिहास के लिए तो यूं भी किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जो कुछ अतीत में घटा है, उसका तार्किक विश्लेषण करना, और गलतियों को न दोहराने का सबक लेना, इस मकसद के साथ इतिहास का पाठ किया जाना चाहिए। यह तभी हो सकता है जब इतिहास को संतुलित और संवेदनशील तरीके से पढ़ाया जाए। इतिहास इस अर्थ में जटिल होता है कि वहां अच्छे और बुरे, सही और गलत का सीधा विभाजन नहीं होता, इनके बीच कई ऐसे मुकाम होते हैं, जहां हालात घटनाओं की व्याख्या करते हैं। कभी कोई राजा अपना राज्य बचाने के लिए क्रूरता का सहारा लेता है और कभी किसी राजा की अकर्मण्यहीनता में प्रजा पिसती है। हिंसा, रक्तपात, कत्लेआम, इंसानों की सामान की तरह तिजारत ऐसी कई अमानवीय घटनाएं भारत समेत पूरे विश्व इतिहास में दर्ज हैं। खासकर मध्ययुग का इतिहास तो इन्हीं से अटा पड़ा है, क्योंकि तब तक इंसान ने सभ्यता और विकास के मायने समझ लिए थे। आग और पहिए के आविष्कार के बाद अन्य पशुओं से आगे इंसान निकल गया तो उसके जीवन में व्यापार, धर्म और सियासत के लिए जगह बनने लगी। उस दौर में न कोई संविधान था, न आज की तरह का लोकतंत्र था, इसलिए नैतिकता के मापदंड भी अलग थे। तब की घटनाओं की व्याख्या आज के परिप्रेक्ष्य में नहीं की जा सकती। मगर मोदी सरकार इस काम को भी मुमकिन बनाने में लगी है। दरअसल 2014 के बाद इतिहास के पुनर्लेखन पर ऐलानिया काम शुरु हो चुका है। इससे पहले जब भाजपा विपक्ष में थी, या उससे पहले जब बाजपेयी सरकार थी, तब भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच के मुताबिक ही भारतीय इतिहास का भगवाकरण करने की चाह भाजपा की रही, लेकिन उसे अमल में लाने का दुस्साहस कभी नहीं हुआ। अब चूंकि मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल चल रहा है, तो भाजपा को यह गुमान है कि उसकी सत्ता भारत में स्थायी हो चुकी है, इसलिए अब इतिहास को बदलने पर काम शुरु हो गया है। एनसीईआरटी की किताबों को इसका जरिया बनाया गया है। क्योंकि इसके जरिए नयी पीढ़ी के दिमाग में जहर बोने का काम आसानी से होगा। कोई आरोप लगाए तो उसे किताब का डिस्क्लेमर दिखाया जाएगा। 2025-26 सत्र के लिए प्रकाशित की गयी कक्षा 8 की नई किताब एक्सप्लोरिंग सोसाइटी इंडिया एंड बियॉंड (भाग 1) में बाबर, अकबर, औरंगजेब सभी को बेहद क्रूर, निर्दयी शासकों की तरह पेश किया गया है, जिन्होंने हिंदुओं के मंदिर तोड़े, उन पर जजिया कर लगाया और औरतों-बच्चों को बेरहमी से मारा। इसलिए इस पूरे काल के लिए अंधेरे शब्द का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि इस अंधेरे दौर में ही रामचरित मानस लिखी गई और इसी दौर में विश्वप्रसिद्ध ताजमहल भी बना, जिसे देखने दुनिया भर के सैलानी आज भी आते हैं। भूमि की नापजोख से लेकर राग रागिनियों की रचना, खान-पान, पोशाकों पर प्रयोग सब इसी दौर में हुए। सबसे बड़ी बात यह कि जिस अंधेरे दौर का जिक्र कर मुगल शासकों पर आततायी होने का इल्जाम लगाया जा रहा है, और हिंदुओं के लिए उसे खतरे की तरह बताया जा रहा है, उस काल के गुजरने के बाद भी देश में हिंदू बहुसंख्यक हैं और मुस्लिम अल्पसंख्यक। 1526 से लेकर 1857 तक मुगलकाल 331 साल तक चला, इतने लंबे वक्त में तो भारतीय समाज की धार्मिक पहचान आसानी से बदल सकती थी। जैसा कि किताब में दावा है कि जजिया अपमानजनक कर था, जो गैर-मुस्लिमों पर धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से लगाया जाता था। इस किताब में मंदिरों और गुरुद्वारों को तोड़ने का इल्जाम भी मुगल शासकों पर लगा। यह सब सौ फीसदी सच होता तो देश में न चार-पांच सौ साल पुराने मंदिर बचे होते, न हिंदुओं की आबादी मुस्लिमों से अधिक होती। दरअसल जो कुछ किताब में लिखा है, वह तस्वीर का एक ही पहलू है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अकबर ने युद्ध नहीं किए या औरंगजेब ने मंदिरों को नष्ट नहीं किया।

# क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?

बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को ज़िम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है। बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा। पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है।। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुईं हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है। एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार

बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा। पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है।। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुईं हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते।

किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? बिहार में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक बाजीगरी में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा 'जंगलराज' के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं, जो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिन्ता एवं चेतावनी का सबब बनना ही चाहिए। बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण और गठबंधनों की जोड़तोड़ हमेशा से हावी रही है। लेकिन अब जो नया परिदृश्य बन रहा है, उसमें अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी आम हो गए हैं। हाल ही में कई मामलों में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आपराधिक तत्वों से संबंध उजागर हुए हैं। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए खतरा है, बल्कि जनविश्वास की भी अवहेलना है। यदि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो फिर आम जनता के लिए न्याय और सुरक्षा केवल एक सपना बनकर रह जाएगा। हाल के अपराधों की घटनाओं ने विपक्ष को सरकार की नाकामी उजागर करने का मौका दिया है, जबकि भाजपा और जदयू रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं और इन घटनाओं को योजनागत घटनाओं का नाम देकर राजद सरकार के समय की आपराधिक घटनाओं के साथ तुलना कर रहे हैं। मगर सूत्रों की माने तो पार्टी इस बात को लेकर तैयारी जरूर कर रही कि, यदि यह मुद्दा संसद के आगामी सत्र में विपक्ष उठाती है तो उस पर कैसे जवाब देना है? जिस बिहार के पूर्ववर्ती सरकारों के कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति को मुख्य मुद्दा बनाकर एनडीए सरकार सत्ता में आई थी अब यही मुद्दा विपक्ष के हाथ लग गया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम चाहिए, न कि केवल वादों की झड़ी। विपक्ष इस समय सरकार को घेरने के लिए पूरी तैयारी में है और 'बदहाल कानून-व्यवस्था' को मुख्य चुनावी मुद्दा बना रहा है। आरजेडी-कांग्रेस भाजपा और नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे हैं कि जिनके शासन में कभी सुशासन की मिसाल दी जाती थी, अब वही शासन अपराधियों के आगे बेबस नजर आ रहा है। बिहार के लिए यह समय आत्मचिंतन का है। सरकार को चाहिए कि वह पुलिस-प्रशासन को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दे, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करे और राजनीतिक हस्तक्षेप को समाप्त करे। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को तेज़ किया जाए ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिले। बिहार इस समय एक निर्णायक मोड़ पर है। अन्यथा एक ओर पुराना भयावह जंगलराज लौटने की आशंका है, दूसरी ओर एक सक्षम, उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन की आवश्यकता। यदि वर्तमान सरकार इस संदेश को नहीं समझती, तो आगामी विधानसभा चुनाव बिहार की राजनीति का नया अध्याय लिख सकते हैं, जिसमें सुशासन नहीं, जनाक्रोश निर्णायक भूमिका निभाएगा। जनता के लिए भी यह चुनाव एक अवसर है कि वे विकास, सुरक्षा और पारदर्शिता के आधार पर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करें, न कि जाति या चहेते दल के नाम पर। –ललित गर्ग

# लोक कल्याणकारी भगवान त्र्यंबकेश्वर

**अंजनी सक्सेना**

देवाधिदेव महादेव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से हर एक की अपनी अनुपम,अद्भुत एवं अद्वितीय महिमा है। त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग भी भगवान शंकर के ऐसे ही परम पुण्यदायी द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जो महाराष्ट्र के ब्रह्मगिरी पर्वत पर त्र्यम्बक नामक गांव में स्थापित है। द्वादश ज्योतिर्लिंग भगवान महादेव के वे स्वरूप हैं जो ज्योति रूप में इस पृथ्वी पर स्वयं ही प्रगट हुए हैं। संसार के समस्त ज्योतिर्लिंगों की उत्पत्ति लोककल्याण के लिए ही हुई ही हुई है। देवाधिदेव महादेव के त्र्यम्बकेश्वर स्वरूप की उत्पत्ति भी लोककल्याणार्थ ही हुई है। श्रीशिवमहापुराण में वर्णित कथानक के अनुसार गौतम ऋषि के आग्रह पर भगवान शंकर ने यहाँ परम पुण्य दायिनी गंगा को अवतरित किया और स्वयं भी यहां त्र्यम्बकेश्वर के रूप में रूप में विराजमान हो गए। पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार प्राचीन काल में ब्रह्मगिरी पर्वत गंभीर जल संकट से ग्रसित था । उस समय यह पूरा क्षेत्र निर्जन एवं वीरान वन था। पानी के अभाव के कारण यहां तपस्यारत ऋषि-मुनियों की पत्नियों एवं सेवकों को काफी दूर से जल लाना पड़ता था। पानी के स्त्रोत सीमित थे इस कारण कई बार उनमें आपसी वाद विवाद भी हो जाते थे। ऐसे ही एक बार गौतम ऋषि के सेवक पानी लेने पहुंचे तो अन्य ऋषियों की पत्नियों ने उन्हें डाँट कर वहाँ से भगा दिया । इस पर गौतम ऋषि की पत्नी देवी अहिल्या उन सेवकों को अपने साथ ले गयी और उन्हें पानी भरवाकर ले आयी । इससे शेष ऋषि गण गौतम ऋषि और देवी अहिल्या से नाराज रहने लगे । ऐसे समय में ही एक दुर्बल गाय की घास के तिनके के प्रहार से मृत्यु हो गयी। वह घास का तिनका गौतम ऋषि ने फेंका था इसलिए वहां के ऋषियों ने गौतम ऋषि को ब्रह्महत्या का दोषी मानते हुए उन्हें पूजा कर्म से बहिष्कृत करने की बात कही। उनसे कहा गया कि अगर इस स्थान पर वे गंगा जी को ले आएं तभी इस पाप से मुक्ति पा सकेगें। तब गौतम ऋषि ने भगवान शंकर की घनघोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवाधिदेव महादेव ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा। गौतम ऋषि ने उनसे वहाँ गंगा के अवतरण की बात कही ताकि इससे वहां के जल संकट का स्थायी समाधान हो सके और वे स्वयं भी गौ हत्या के पाप से मुक्ति पा सकें। इस पर भगवान शंकर ने पावन पुनीत गंगा से यहाँ अवतरण की प्रार्थना की। गंगा जी ने आने की सहमति तो दी लेकिन इस शर्त पर कि उनके साथ भगवान शंकर भी उसी स्थान विराजमान होंगें। देवी गंगा की यह शर्त मानकर लोक कल्याणार्थ भगवान शंकर यहाँ ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीन स्वरूपों में विराजमान हो गये । तीन स्वरूप एक साथ होने के कारण ही भगवान शंकर के इस ज्योर्तिलंग का नाम त्र्यम्बकेश्वर हुआ और देवी गंगा गोदावरी के नाम से इस स्थान पर प्रकट हुई। वर्तमान में यह स्थान महाराष्ट्र के नासिक जिले के त्र्यम्बक नामक गांव में है। यहाँ मंदिर के अंदर प्राकृतिक रूप से बनी हुई जलहरी में भगवान अपने त्र्यम्बक स्वरुप (तीन पिंडी रूपी शिवलिंग) में विराजमान है। यहीं से गंगा नदी का उद्गम हुआ है जिन्हें गौतम ऋषि के नाम पर गौतमी भी कहा जाता है। पुराणों एवं धर्मग्रंथों के अनुसार गौतम कृषि गौतमी के उद्गम स्थल के अपने आश्रम में संध्या, उपासना ,हवन, यज्ञ, पूजा किया करते थे। इस कुंड के पानी से उन्होंने आश्रम के आसपास यज्ञ एवं पूजा उपासना में लगने वाली सामग्री उगाना प्रारंभ की फिर धीरे - धीरे अवर्षा से त्रस्त इस क्षेत्र में वर्षा भी होने लगी और आगे चलकर यह पूरा क्षेत्र हरी-भरी पहाड़ि?यों से घिर गया। आज भी त्र्यम्बकेश्वर महादेव के इस क्षेत्र में भरपूर वर्षा होती है। त्र्यम्बकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कुशावर्त कुंड है जहाँ स्नान करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यहां पित्रों की मुक्ति के लिए नारायण बलि एवं नागबलि जैसी विशेष पूजाएं भी होती हैं। कालसर्प दोष के निवारण के लिए भी यहाँ भारी संख्या में भक्त आते हैं।

## सेहत मंत्र

# तेजी से गिर रहा है वजन, तो यह है किसी बड़ी बीमारी होने का संकेत

वर्तमान समय में, हर व्यक्ति एक आकर्षक शरीर पाने की चाह रखता है और इसके लिए लोग अपने वजन को कम करने या बढ़ाने की फिराक में लगे रहते हैं। लेकिन अगर आपका वजन लगातार और तेजी से गिर रहा हो तो यह खुश होने का समय नहीं है, बल्कि आपको सतर्क हो जाने की आवश्यकता है। दरअसल, लगातार वजन गिरना सामान्य नहीं होता। यह दर्शाता है कि आप कुछ गंभीर बीमारियों की चपेट में आ गए हैं। तो चलिए जानते हैं उन बीमारियों के बारे में, जिनके शुरूआती लक्षण वजन गिरना होता है? आज के समय में थॉयराइड की समस्या बेहद आम है। इसे आप अपने वजन के घटने या बढ़ने के आधार पर पता लगा सकते हैं। आमतौर पर थॉयराइड दो प्रकार का होता है? हाइपरथॉयराइड और हाइपोथॉयराइड। जब आपका वजन तेजी से गिरता है तो यह संकेत है कि आप हाइपरथॉयराइड की चपेट में आ गए है। हाइपरथॉयराइड होने पर आपकी थॉयराइड ग्रंथि अति सक्रिय हो जाती है। इस बीमारी में आपका वजन तो तेजी से गिरता है ही, साथ ही आपको सोने में भी परेशानी होती है और आपको हमेशा ही गर्मी का अहसास होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो एक बार थॉयराइड का टेस्ट अवश्य करवाइए। आज के समय में भारत विश्व की डायबिटीक कैपिटल बन गया है। भारत में न सिर्फ अधिकतर लोग मधुमेह पीड़ित हैं, बल्कि इसके लक्षणों के बारे में न पता होने के कारण वे इसकी चपेट में आ जाते हैं। अगर आपका लगातार वजन गिर रहा है और आपको बार?बार प्यास लगती है। साथ ही आपको बार?बार पेशाब जाना पड़ता है तो यह संकेत हैं कि आपके शरीर में इंसुलिन का स्तर गड़बड़ा गया है। काम का बढ़ता बोझ लोगों के लिए कई तरह की परेशानियां लेकर आता है। कभी-कभी अत्यधिक काम, या फिर पर्सनल व प्रोफ़ेशनल लाइफ में परेशानियों के चलते व्यक्ति डिप्रेशन में चला जाता है और उसे खुद भी इसका पता नहीं चलता।

## धर्म मंत्र


# बिलासपुर में विराजमान हैं भोलेनाथ, घास चढ़ाने से पूर्ण होती है मनोकामनाएं

देवभूमि हिमाचल में बहुत सारे देवी-देवताओं के कई मंदिर स्थित है। जहां भक्त पूर्ण श्रद्धा से मंदिरों में दर्शन कर दान देते हैं। हिमाचल में एक ऐसा ही मंदिर है, जहां घास अर्पित किया जाता है। प्रतिदिन इस मंदिर में कई लोग इस तरह दान करने के लिए आते हैं।

हिमाचल के बिलासपुर जिले के भगेड़ में नंदीश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यहां घायल गोवंश की पूजा होती है। माना जाता है कि मंदिर में घास की गड्डी चढ़ाने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

मंदिर में घायल गोवंश की पूजा होती है और इसके साथ ही इलाज भी किया जाता है। कहा जाता है कि जहां मंदिर स्थापित है, वहां करीब चार साल पहले एक घायल बैल का इलाज किया गया था। उसके बाद यहां पशुओं की संख्या बढ़ती गई और मंदिर निर्माण का विकल्प ढूंढ़ा गया। अब मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां मंदिर परिसर में शिव परिवार, शनिदेव और हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर में सुबह 6 बजे और शाम को साढ़े 7 बजे आरती होती है। इसके साथ ही हर सप्ताह भजन-कार्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें गो महिमा का गुणगान किया जाता है।

## पर्यटन



# शोरगुल और भीड़ से दूर माशोबरा के जंगलों में घूमने का अलग ही है मजा

शिमला जिले में स्थित माशोबरा बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है। जहां आपको घूमने के कई सारे ऑप्शन मिलेंगे। समुद्र तल से 2500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माशोबरा चारों ओर से चीड़, पाइन और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है। मशोबरा एशिया के सबसे बड़े वाटरशेड के रूप में जाना जाता है। ऑफ-बीट डेस्टिनेशन में शामिल ये जगह एडवेंचर के साथ-साथ रिलैक्सिंग और एन्जॉयमेंट के लिए भी बेस्ट है। एडवेंचर के लिए ये हैं ऑप्शन्सः यहां आप ट्रैकिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग, पोनी राइड्स, कैंपिंग और बारमेन-बसंतपुर रोड पर बाइकिंग जैसे कई सारे एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। जाखू मंदिरः शिमला में 8500 फीट की ऊंचाई पर निर्मित हनुमान जी के इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि ये रामायण के वक्त से है। इतनी ऊंचाई पर बने होने की वजह से शिमला के किसी भी कोने से आप हनुमान जी के दर्शन कर सकते हैं। जाखू पहाड़ी पर घने जंगलों के बीच बने हुए इस मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको माशोबरा से लगभग 5 किमी का सफर तय करना पड़ता है। महासू देवता मंदिरः भगवान शिव को माशोबरा और आसपास के इलाके के लोग महासू देवता के नाम से पुकारते हैं। हर साल मई महीने के तीसरे मंगलवार को यहां 2 दिनों का महासू जत्रा उत्सव मनाया जाता है। जिसमें यहां के स्थानीय लोग अपने लोक गीत, नृत्य और तीरंदाजी का प्रदर्शन करते हैं। तो अगर आप यहां की असली संस्कृति से रूबरू होना चाहते हैं तो मई महीने में अपना ट्रिप प्लान करें। रिज़र्व फॉरेस्ट सेंचुरीः नेचर लवर्स के लिए मशोबरा का यात्रा इसलिए भी यादगार साबित हो सकती है क्योंकि यहां की इस फॉरेस्ट सेंचुरी में आपको अलग-अलग तरह के बहुत सारे पक्षी देखने को मिलते हैं। चीड़, देवदार के घने जंगलों में पक्षियों की चहचहाट के अलावा आपको किसी भी प्रकार का दूसरा शोर सुनाई नहीं देगा. ट्रैकिंग के अलावा कैंपिग और पिकनिक जैसी कई एक्टिविटीज़ यहां कर सकते हैं।

# प्राथमिकता से किया जाए जनसमस्याओं का निस्तारण : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पात्र का बनाया गया राशनकार्ड**

**सभी 06 तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**संपूर्ण समाधान दिवस में 76 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण, शेष शिकायतों का समयबद्धता के साथ निस्तारण के दिये निर्देश**




बाराबंकी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील नवाबगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम नवाबगंज श्री आनंद कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी श्री अवधेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित जिले और तहसील स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा निम्नलिखित शिकायतकर्ताओं की समस्यायों का तत्काल निस्तारण कराया गया। श्रीमती सबरुल निशा पत्नी नसीर निवासी ग्राम मुस्तफाबाद द्वारा अपने ससुर की मृत्यु उपरांत वरासत किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गए प्रार्थना पत्र में तत्काल कार्यवाही करवाई गई। आवेदक सहजराम पुत्र श्यामलाल द्वारा राशनकार्ड नहीं होने के सम्बंध में अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को पात्रता के आधार पर तत्काल राशनकार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए। शिकायतकर्ता श्री रमेश चंद्र द्वारा खतौनी में बैंक परवाने के अनुसार बंधक मुक्त करवाये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया जिसका निस्तारण भी तत्काल करवाया गया।

जनसमस्याओं को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने उन्हें प्राथमिकता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी कहा कि अधिकारी शिक़ायत कर्ताओं से सहजता से बात करें और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद के मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बाराबंकी जिले में शनिवार को सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 519 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 76 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

नवाबगंज तहसील में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 195 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 22 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।*

इसी प्रकार तहसील फतेहपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। तहसील रामनगर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 91 प्रार्थना प्राप्त हुए, जिसमें से आज 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसी क्रम में तहसील सिरौलीगौसपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया। इसी प्रकार तहसील हैदरगढ़ में तहसीलदार शशांक उपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 96 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 04 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।

इसी प्रकार तहसील रामसनेहीघाट में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।

# भयंकर आग में राख हुआ माल, लेकिन बड़ी जनहानि से बचाव–फायर ब्रिगेड की तत्परता ने टाला बड़ा हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर, खीरी । लखीमपुर शहर में शुक्रवार देर रात शहर के मुन्नूगंज मोहल्ले में स्थित 'गोला ट्रेडर्स' ब्रेकरी गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि इस दर्दनाक घटना में सबसे राहत की बात यह रही कि कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ और समय पर पहुंची दमकल टीम ने बड़ी जनहानि को टाल दिया।

दमकल विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए भरसक प्रयास किए। आग की तीव्रता को देखते हुए दूसरी दमकल भी बुलाई गई। घंटों की मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया और आसपास की इमारतों को बचा लिया गया। स्थानीय लोगों ने भी स्थिति को संभालने में फायर ब्रिगेड का पूरा सहयोग किया। मोहल्ले के बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के घरों को एहतियातन खाली करा लिया गया था। जांच जारीः आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह राहत की बात है कि गोदाम में मौजूद कोई कर्मचारी या स्थानीय निवासी इस हादसे में घायल नहीं हुआ। नूर मोहम्मद बोलेः ''माल तो चला गया, लेकिन अल्लाह का शुक्र है कि कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। फायर ब्रिगेड और मोहल्ले वालों ने जो मदद की, वो काबिले तारीफ है।

# देवा में प्रेम, धोखा और कत्ल की सनसनीखेज पटकथा, दो गिरफ्तार

**प्रकरण में इश्क का तड़का, जमीन का लालच और गला दबाकर दी गई मौत**

**प्रेम–प्रसंग बना मौत की वजह, बीवी ने ही कर दिया प्रेमी का खात्मा– एक्स पति बना साथी!**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । थाना देवा क्षेत्र के खजुहा मजरे सलारपुर गांव में इश्क, धोखा और जायदाद के खतरनाक खेल ने एक जिंदगी को काल के गले उतार दिया। रामशंकर यादव ने पुलिस में तहरीर दी कि उनका बेटा रामसजीवन यादव (उम्र 45 वर्ष) का शव गांव में संदिग्ध हालत में पड़ा मिला।

जांच में जो सामने आया वो किसी क्राइम थ्रिलर फिल्म से कम नहीं! मृतक रामसजीवन का गांव की ही महिला चन्द्रकला से अवैध संबंध था। दिलचस्प बात ये कि चन्द्रकला कभी भारत प्रसाद की पत्नी हुआ करती थी, लेकिन पति से अलग होकर वह रामसजीवन के साथ रहने लगी। इतना ही नहीं, उसने रामसजीवन की जमीन भी अपने नाम करा ली – मतलब मोहब्बत में ज़मीन तक हथिया ली गई!

पर कहानी में ट्विस्ट तब आया जब रामसजीवन के पैर में चोट लगी, ऑपरेशन हुआ और वो काम के लायक न रहा। अब खर्चा बढ़ा और मोहब्बत की गर्मी ठंडी पड़ने लगी। चन्द्रकला का दिल फिर से अपने पुराने पती भारत प्रसाद की ओर झुक गया। और फिर शुरू हुई एक साजिश जिसमें प्रेमी बना बोझ और एक्स बना सहारा। मृतक को जब इस नए मेल-मिलाप की भनक लगी, तो उसने विरोध किया – लेकिन विरोध करने की कीमत उसे जान देकर चुकानी पड़ी। दोनों प्रेमी-पूर्व पति ने मिलकर रामसजीवन की गला घोंटकर हत्या कर दी। एसपी बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर थाना देवा पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए भारत प्रसाद व चन्द्रकला को खजुहा के पास से दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से एक अदद सूत की रस्सी बरामद हुई – जो इस प्रेम त्रिकोण के कत्ल की गवाही दे रही थी । चन्द्रकला ने पहले पति को छोड़ा, प्रेमी से जमीन ले ली प्रेमी बीमार हुआ, तो एक्स पति याद आया फिर दोनों ने मिलकर प्रेमी को ही मौत की नींद सुला दिया केस दर्ज हुआ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत कहावत याद आ गई – 'जिस थाली में खाया, उसी में छेद किया', और फिर गला भी! अब दोनों आरोपी सलाखों के पीछे हैं और गांव में यही चर्चा है कि इश्क के खेल में कभी-कभी जिंदगी की बाज़ी लग जाती है इश्क, जमीन और कत्ल – ये खबर नहीं, क्राइम-सीरीज़ है जनाब ।

# स्थापना दिवस पर वृद्धों से लेकर विद्यार्थियों तक बैंक ने निभाया सामाजिक दायित्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**आरओ प्लांट से फरियादियों को मिलेगा स्वच्छ जल, बीडीओ ने किया शुभारंभ**

**बैंक ऑफ बड़ौदा का सार्थक संकल्प ,शुद्ध जल, स्वस्थ समाज**

हैदरगढ़ बाराबंकी । बैंक ऑफ बड़ौदा के 118वें स्थापना दिवस पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज के वंचित वर्गों एवं आमजन के कल्याण हेतु कई सराहनीय पहल कीं।

कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र के वृद्धा आश्रमों में सहायता प्रदान करके की गई, जिसमें बुजुर्गों के लिए आवश्यक सामग्री वितरित की गई एवं उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। साथ ही, प्राइमरी स्कूलों में अध्ययनरत गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, पेन, कॉपी, पेंसिल आदि स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई जिससे उनके अध्ययन में सहूलियत हो सके।

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की दिशा में भी अहम कदम उठाए गए। एक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन कर आमजन को प्राथमिक जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जल संकट एवं शुद्ध पेयजल की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए कई स्थानों पर आरओ प्लांट एवं वॉटर कूलर लगाए गए।

इसी क्रम में ब्लॉक मुख्यालय हैदरगढ़ में आने वाले फरियादियों, ग्रामवासियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक आधुनिक आरओ प्लांट की स्थापना की गई। इसका शुभारंभ बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्री कुंवर शशांक सिंह एवं खंड विकास अधिकारी सुश्री अदिति श्रीवास्तव के कर-कमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ने बैंक परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ल्लयह प्रयास न केवल एक जन-कल्याणकारी पहल है बल्कि बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इससे ब्लॉक परिसर में आने वाले सैकड़ों लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पंचायत सचिव श्री पवन कुमार, श्री राज कुमार, श्री दीपक राजपूत, श्री शिव कुमार यादव, श्री नवीन कुमार सिंह, श्री भानु प्रताप सिंह, श्री सोनू सिंह एवं श्री हर्षित श्रीवास्तव आदि सम्मिलित रहे। सभी ने इस जनोपयोगी पहल की सराहना की और बैंक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि बैंक ऑफ बड़ौदा सिर्फ एक वित्तीय संस्था नहीं बल्कि सामाजिक सेवा का एक सक्रिय प्रहरी भी है, जो अपने उत्तरदायित्वों को भलीभांति निभा रहा है।

## ताला काट कर विद्यालय में चोरी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय राघवपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने प्रधानाध्यापक कक्ष व रसोईघर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, भट्ठी, आलमारी में रखे दो साउंड सिस्टम और एक सैमसंग टैबलेट के साथ अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ किया। सुबह घटना की जानकारी होते ही प्रधानाध्यापक ने कोतवाली रामसनेहीघाट में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

## जिला जज का ,मध्यस्तता के माध्यम से वादों के निस्तारण पर बल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने इस जजशिप के विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत मध्यस्थो के साथ बैठक की। जिला जज ने इस अवसर पर सभी मध्यस्त जन से कहा कि मुकदमों का निस्तारण मध्यस्था से कराने में भरपूर प्रयास करें। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज कृष्ण चन्द्र तथा कई मध्यस्थ उपस्थित रहे।

## कोटेदार के भ्रष्टाचार की शिकायत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेलवाय के सैकड़ों ग्रामीणों ने समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी विवेकशील को कोटेदार प्रियंका वर्मा के खिलाफ शिकायत पत्र सौंपा।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विवाहोपरांत प्रियंका वर्मा गांव में नियमित रूप से दुकान नहीं चला रही हैं जिससे वितरण में अनियमितता घटतौली और अभद्रता की घटनाएं हो रही हैं।ग्रामीणों ने सत्यप्रकाश वर्मा को नया कोटेदार नियुक्त करने की मांग की है।पूर्व में की गई शिकायतों पर कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने त्वरित समाधान की मांग की है।

## घायल की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में पुराने गणेशपुर मोड़ के पास बीते गुरुवार रात हुई दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में ग्राम बड़नपुर निवासी युवक मोबीन पुत्र निसार 29 वर्ष की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हुई।मोबीन के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं परिजनों ने मुआवजे की मांग की है हादसे से पत्नी सहित परिवार व मोहल्ले में गहरा शोक व्याप्त है।

## तीन जुआरी धरे गए

जैदपुर बराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे तीन लोगों मोहम्मद फहीम पुत्र मोहम्मद मोईन मोहल्ला मोलवी कटरा थाना जैदपुर शादब पुत्र मुन्ना निवासी मोहल्ला बड़ी बाजार मो. जफर पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी मुरलीगंज जैदपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व व मालफड़ जमा तलाशी में कुल 3046/? नगद बरामद कर अभियुक्त गणों के विरुद्ध थाना जैदपुर पर संबंधित धाराओं में जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

## जैदपुर में यौमे अली अकबर का भावपूर्ण आयोजन

ज़ैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। करबला ज़ैदपुर में मुहर्रम की 22 तारीख को मातमी दस्ता ज़ैदपुर की ओर से यौमे अली अकबर अ.स. के अवसर पर एक मजलिस और मातमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इमाम हुसैन अ.स. के साहसी पुत्र हज़रत अली अकबर अ.स. की शहादत की याद में आयोजित किया गया, जिनकी करबला के युद्ध में दी गई कुर्बानी आज भी वीरता, सब्र और बलिदान की मिसाल मानी जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत क़ारी मौलाना नकी अब्बास साहब द्वारा पवित्र कुरआन की तिलावत से की गई। इसके बाद इबादत महदी और उनके साथियों ने सोज़ प्रस्तुत किया। फिर ज़रग़ाम ज़ैदपुरी और मक़ासिद महदी मक्की ज़ैदपुरी ने अपनी भावनाओं से भरे कलाम पेश किए, जिनमें हज़रत अली अकबर अ.स. की वीरता और शहादत का वर्णन किया गया।

इस आयोजन का संचालन मौलाना अहमद रज़ा बिजनौरी साहब ने किया, जबकि मजलिस को मौलाना सय्यद इमाम हैदर ज़ैदी साहब ने संबोधित किया। उन्होंने हज़रत अली अकबर अ.स. के बलिदान की घटनाओं को विस्तार से बयान किया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावुक हो गया। मजलिस के पश्चात मातमी दस्ता ज़ैदपुर द्वारा हज़रत अली अकबर (अ.स.) का प्रतीकात्मक ताबूत निकाला गया।

इस भावपूर्ण कार्यक्रम में ज़ैदपुर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और धर्मगुरु शामिल हुए। पूरा वातावरण शोक, श्रद्धा और सम्मान से भरा हुआ था।

## संभव अभियानः एबीएसए, सीडीपीओ का निरीक्षण



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। डूडी आंगनबाड़ी केंद्र में खंड शिक्षाधिकारी फिजा मिर्जा और सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने संयुक्त रूप निरीक्षण किया। यह निरीक्षण 15 जुलाई से चल रहे संभव अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए किया गया।अधिकारियों ने केंद्र में मौजूद गर्भवती महिलाओं और 0–5 वर्ष के बच्चों का वजन और लंबाई मापी। इस डेटा को पोषण ट्रैकर में दर्ज किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए गए कि वे शत–प्रतिशत ईकेवाईसी सुनिश्चित करें। साथ ही सभी लाभार्थियों का वजन और लंबाई पोषण ट्रैकर में अपडेट करें।अधिकारियों ने महिलाओं से संवाद किया और उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ें। छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र और बड़े बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में नामांकन कराएं। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सकें।

## पैनल अधिवक्ताओं का हुआ स्वागत



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बैंक ऑफ इंडिया में पैनल अधिवक्ता बने विजय कुमार अवस्थी व मनोज तिवारी को बार एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया ।तहसील सिरौलीगौसपुर के अधिवक्ता विजय कुमार अवस्थी एवं मनोज तिवारी को बैंक ऑफ इंडिया में पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी तहसील में पहुंचते ही अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के अध्यक्ष शिव बरदान सिंह , उपाध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा, महामंत्री दीपक बाबा, अब्दुल अहद, काशीप्रसाद द्विवेदी, बहोरी प्रसाद शुक्ला, वासिफ अंसारी, दीपू बाजपेई, सुनील द्विवेदी, आशुतोष त्रिपाठी सहित तमाम अधिवक्ताओं ने दोनों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

# मनरेगा : फावड़ा चला न एक मजदूरी सैकड़ों में बाटने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**मनरेगा में मस्टर रोल बना 'माया जाल', आधे मजदूर ज़मीन पर, बाकी 'कागजों की दुनिया' में व्यस्त**

दरियाबाद बाराबंकी । ग्राम पंचायत पहरूपुर, ब्लॉक दरियाबाद में मनरेगा योजना का हाल कुछ यूं है कि अगर श्रम की जगह ''कलम'' को मजदूरी मिलने लगे तो आश्चर्य मत कीजिए! यहां की माटी पर किसान की फसल कम और प्रधान-ग्रामकर्मियों की ल्लक्लर्की उपजङ्क ज्यादा लहलहा रही है। मजदूरों का मास्टर रोल देख लगेगा ऽ ये तो कोई कुंभ का मेला है !पहरूपुर में मनरेगा के तहत एक नहीं दो-दो चकबंद निर्माण कार्य चल रहे हैं। एक सुंदर लाल मौर्य के खेत से राजेंद्र यादव के खेत तक, दूसरा संतराम के खेत से राजकुमार के खेत तक। दिलचस्प बात ये कि मस्टर रोल यानी मजदूरों की उपस्थिति रजिस्टर में कुल 99 लोगों का नाम दर्ज है। अब जरा ठहरिए... मौके पर पहुंचे तो जमीन पर 40 मजदूर ही ललकारते दिखे, बाकी 59 शायद ''कागजी मजदूरी'' की योग साधना में लगे थे। मनरेगा का नया नारा ऽ 'हम भी हैं मस्टर में, बिना फावड़ा-बेलचा के' ग्राम पंचायत में मनरेगा अब 'महात्मा गांधी रोजगार योजना' कम और 'माया से गबन रोजगार योजना' ज्यादा लग रही है। बिना पसीना बहाए मजदूरी मिलना अब कोई सपना नहीं ऽ बस एक हस्ताक्षर चाहिए और प्रधान जी का आशीर्वाद! बीडीओ मोनिका पाठक ने कहा ऽ 'जांच होगी', और जनता ने कहा ऽ ल्लजब तक जांच होगी, अगली फर्जी हाजिरी तैयार हो जाएगी।ङ्कसवाल ये है कि क्या ये मजदूर 'अलौकिक' हैं जो अदृश्य होकर कार्यस्थल पर मौजूद रहते हैं ,या फिर ये मस्टर रोल 'मालामाल रजिस्टर' बन गया है ऽ जहां नाम तो गरीबों के, फायदा किसी और का? गांव के बुजुर्ग बोले ऽल्लहमने तो सुना था मनरेगा से गांव में विकास होता है, पर यहां तो किसी की कोठी और किसी की कोरम भरने की कला ही विकसित हो रही है।ङ्क जब मजदूरी से ज्यादा 'हाजिरी' कमाई का ज़िरया बन जाए, तो समझ लीजिए पंचायत नहीं, परिकल्पना चल रही है ऽ और उसमें सबसे मेहनती वही है जो हाजिरी भरते हुए थक जाए।

# निजी कारणों से यॉर्कशायर के लिए नहीं खेल पाएंगे गायकवाड़

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर रुतुराज गायकवाड़ अब काउंटी चैंपियनशिप 2025 के शेष सीजन में यॉर्कशायर के लिए मैदान पर नहीं उतरेंगे। क्लब ने 18 जुलाई को आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि रुतुराज ने निजी कारणों से टूर्नामेंट से हटने का निर्णय लिया है। रुतुराज ने यॉर्कशायर के साथ पांच मैचों का अनुबंध किया था और वह 22 जुलाई को स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ अपना पहला मैच खेलने वाले थे। हालांकि, अचानक लिए गए इस फैसले ने सभी को हैरान कर दिया, और इसके पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। इस निर्णय की जानकारी क्लब और कोचिंग स्टाफ को हाल ही में मिली, जिससे टीम प्रबंधन को तगड़ा झटका लगा है। 28 वर्षीय रुतुराज ने आईपीएल 2025 में केवल पांच मैच खेले थे, लेकिन कोहनी की चोट के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इसके बाद, उन्होंने चोट से उबरकर भारत ए के इंग्लैंड दौरे पर कुछ मुकाबले खेले, जिससे यॉर्कशायर के लिए उनके प्रदर्शन की उम्मीदें बढ़ गई थीं। प्रशंसक और टीम प्रबंधन उनके काउंटी डेब्यू को लेकर उत्साहित थे। यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैक्ग्रा ने रुतुराज के इस फैसले पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''यह बेहद दुखद है कि रुतुराज निजी कारणों से हमारे साथ नहीं खेल पाएंगे। हम उन्हें स्कारबोरो या बाकी सीजन में टीम का हिस्सा नहीं बना पाएंगे। हमें उनके फैसले के कारणों की जानकारी नहीं है, लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि सब कुछ ठीक होगा। हमें यह खबर हाल ही में मिली है, और अब हम विकल्प तलाश रहे हैं। लेकिन समय बहुत कम है, केवल दो-तीन दिन बचे हैं, इसलिए नया खिलाड़ी ढूंढना चुनौतीपूर्ण है। रुतुराज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। उन्होंने 38 मैचों में 41.77 की औसत से 2632 रन बनाए हैं, जिसमें सात शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी तकनीकी बल्लेबाजी और धैर्य उन्हें काउंटी क्रिकेट के लिए आदर्श खिलाड़ी बनाता है। रुतुराज के हटने से यॉर्कशायर की योजनाओं और टीम संतुलन पर असर पड़ सकता है। सरे के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले यह खबर टीम की तैयारियों में बाधा डाल सकती है। अब क्लब के सामने चुनौती है कि वह इतने कम समय में उपयुक्त विकल्प तलाश सके। यह देखना दिलचस्प होगा कि यॉर्कशायर इस स्थिति से कैसे उबरता है।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की

एजेंसी



बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की शनिवार को घोषणा की। बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में 21 जुलाई से 29 अगस्त तक आयोजित होने वाला यह शिविर भारतीय महिला हॉकी टीम की पांच सितंबर से चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले महिला एशिया कप 2025 की तैयारी के मद्देनजर महत्वूपर्ण है। इस टूर्नामेंट की चैंपियन टीम को 2026 एफआईएच महिला विश्वकप के लिए सीधे जगह मिलेगी। इसमें पिछले शिविर के सभी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है।

शिविर को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, ल्लयह शिविर हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर है। एशिया कप न केवल एक प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट है, बल्कि 2026 विश्व कप के लिए एक सीधा रास्ता भी है। हम इस शिविर में पूरी तत्परता और एकाग्रता के साथ भाग ले रहे हैं ताकि हम हांगझाऊ में मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार टीम के रूप में पहुंच सकें। उन्होंने कहा, हमने निरंतरता बनाए रखने के लिए पिछले शिविर के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, साथ ही युवा खिलाड़ियों को सीनियर टीम में शामिल होने के लिए अधिक समय भी दिया है। यूरोप में एक कठिन प्रो लीग अभियान के बाद, जहां हम अपने मनचाहे परिणाम नहीं हासिल कर पाए थे, यह शिविर हमें खुद को फिर से स्थापित करने, फिर से ध्यान केंद्रित करने और मजबूती से वापसी करने का मौका देता है। उन्होंने कहा, ल्लसमूह के भीतर ऊर्जा सकारात्मक है। खिलाड़ियों को पता है कि क्या दांव पर लगा है, और हम हर सत्र का उपयोग अपनी संरचना को बेहतर बनाने, दबाव में निर्णय लेने और समग्र सामंजस्य स्थापित करने के लिए करेंगे।ङ्क

भारतीय सीनियर कोर ग्रुप के 40 सदस्य इस प्रकार हैः- गोलकीपर : सविता, बिचु देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी, माधुरी किंडो और समीक्षा सक्सेना। डिफेंडर : महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता ढेकाले, अंजना डुंगडुंग और सुमन देवी। मिडफील्डर :- सुजाता कुजूर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोप्पो और पूजा यादव। फॉरवर्ड :- दिपिमोनिका टोप्पो, रितिका सिंह, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, अन्नु, चंदना जगदीश और काजल अत्पडकर ।

# चैपल ने कहा, गिल की असली परीक्षा अब शुरू होगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है और युवा कप्तान के रूप में अपनी क्षमता की झलक दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब शुरू होगी जबकि भारत पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-2 से पीछे चल रहा है। भारत इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच 22 रन से हार गया और श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गया। दोनों टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में आमने-सामने होंगी। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो में अपने कॉलम में लिखा, ''भारतीय टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच की तैयारी कर रही है। ऐसे में अब सभी की नज़रें उनके 25 वर्षीय कप्तान शुभमन गिल पर टिकी हैं। एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी के रूप में उन्होंने बल्लेबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और नेतृत्व क्षमता की झलक भी दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी। यह वह मौका है जो टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी दिशा तय करेगा। चैपल चाहते हैं कि गिल अपने प्रदर्शन से टीम के लिए मानदंड स्थापित करें। उन्होंने कहा, ''गिल को यह दिखाना होगा कि वह भारत को किस तरह की टीम बनना चाहते हैं। कप्तान न केवल अपनी बातों से बल्कि अपने प्रदर्शन और स्पष्ट मानदंडों से टीम के अंदर माहौल तय करता है। चैपल ने कहा, ''इसका मतलब है टीम को मैदान पर अनुशासित बनाए रखना। भारत एक बार फिर खराब क्षेत्ररक्षण वाली टीम बनने का जोखिम नहीं उठा सकता। सर्वश्रेष्ठ टीमें मैदान में शानदार होती हैं। वे आसानी से रन नहीं देते। वे मौके नहीं गंवाते। चैपल चाहते हैं कि गिल उस टीम के चयन में दृढ़ रहें जो उन्हें लगता है कि उनके लिए मैच जीत सकती है। उन्होंने कहा, ''चयनकर्ता और गिल जिन खिलाड़ियों का चयन करते हैं उन पर उन्हें भरोसा बनाए रखना होगा। उन्हें खिलाड़ियों के एक मुख्य समूह की पहचान करनी होगी जिन पर उन्हें विश्वास रहे कि वे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। चैपल ने लिखा है, '' उन्हें अपनी स्पष्ट योजना बनानी होगी और प्रत्येक खिलाड़ी को उसकी भूमिका से अवगत कराना होगा। टीम में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी भूमिका पता होनी चाहिए। उसे यह पता होना चाहिए कि उससे क्या अपेक्षा की जा रही है। उन्होंने लिखा, ''अगर गिल एक महान टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं, तो यह उनके पास न केवल एक बल्लेबाज बाल कप्तान के रूप में भी अपनी साख स्थापित करने का मौका है। अगर गिल स्पष्ट सोच और दृढ़ इरादे के साथ नेतृत्व करते हैं, तो वह न केवल इस श्रृंखला को नया स्वरूप प्रदान करेंगे, बल्कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य भी तय करेंगे।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक ऐतिहासिक, भारत के लिए नए युग की शुरुआत करेगा: रिजिजू

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में पेश होने वाला राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भारत में खेलों के लिए एक ''नये युग'' की शुरुआत करेगा। रिजिजू 2019 से 2021 के बीच दो वर्षों के लिए केंद्रीय खेल मंत्री रहे थे। वह मौजूदा खेल मंत्री मनसुख मांडविया के उन पूर्ववर्तियों में शामिल है, जिन्होंने देश के खेल प्रशासकों और अन्य हितधारकों से बात करके विधेयक के लिए आम सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद 53 वर्षीय रिजिजू ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह इस विधेयक के शीघ्र ही कानून बनने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, '' खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने खेलों के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए ऐसा दूरदर्शी विचार रखा है। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में सुशासन के लिए एक ढांचा तैयार करना है। इसमें एक नियामक बोर्ड के गठन का भी प्रावधान है, जिसके पास अच्छे प्रशासन से संबंधित प्रावधानों के अनुपालन के आधार पर एनएसएफ को मान्यता प्रदान करने तथा वित्त पोषण का फैसला करने का अधिकार होगा। नियामक बोर्ड उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी ज़िम्मेदार होगा। एनएसएफ को कई वर्षों तक चली व्यापक चर्चा के बाद शामिल किया गया है, जिसमें पिछले साल मांडविया के कार्यभार संभालने के बाद तेजी आई थी। विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मुकदमेबाजी में कमी लाने के लिए नैतिक आयोग और विवाद समाधान आयोग के गठन का भी प्रस्ताव है, जिसके कारण कभी-कभी चयन से लेकर चुनाव तक के मुद्दों पर खिलाड़ियों और प्रशासकों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो जाती है। आईओए ने इसका विरोध किया है। उसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। वर्तमान में आईओए की अध्यक्ष पी टी उषा ने तो यहां तक कह दिया है कि सरकारी हस्तक्षेप के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) भारत को निलंबित भी कर सकती है। मांडविया ने हालांकि कहा है कि प्रस्तावित विधेयक का मसौदा तैयार करते समय आईओसी से सलाह ली गई है। आईओसी का इसमें शामिल होना बेहद ज़रूरी है क्योंकि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए प्रयासरत है। खेल मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान खेल प्रशासकों की स्वायत्तता, लेकिन अधिक जवाबदेही की वकालत करने वाले रिजिजू ने कहा कि उन्हें संसद में इस विधेयक के सुचारू रूप से पारित होने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, ''दो (अन्य) चीजें हैं ऽ खेलो भारत नीति और डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों (डोपिंग रोधी और खेल प्रशासन) को एक साथ मिला दिया जाएगा और हम संसद में इस पर चर्चा करेंगे और मुझे विश्वास है कि सदस्य इसमें हिस्सा लेंगे। रिजिजू ने कहा, ''नया खेल विधेयक पारित हो जाने के बाद देश में नई खेल संस्कृति की शुरुआत होगी। खेलो इंडिया ने पहले ही देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 में पारित किया गया था, लेकिन विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने इसको लेकर कुछ आपत्तियां व्यक्त की थी जिसके कारण यह लागू नहीं हो पाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### 2025-26 घरेलू सीजन के लिए बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए शमी

**कोलकाता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, जो इंग्लैंड में भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल 2025 के बाद से एक्शन से बाहर हैं, उन्हें आगामी घरेलू सीजन के लिए बंगाल के 50 संभावित खिलाड़ियों की विस्तारित सूची में शामिल किया गया है। वे पूर्व जोन की ओर से सीजन की शुरुआती दलीप ट्रॉफी में खेल सकते हैं, जो 28 अगस्त से शुरू हो रही है। यह टूर्नामेंट पुराने अंतर-जोनल प्रारूप में लौट रहा है और शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का मंच बन सकता है। शमी ने 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 खेले हैं। उन्होंने भारत के लिए आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। भारत ने वह टूर्नामेंट जीतते हुए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था और शमी ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए थे - जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे (चक्रवर्ती ने ये नौ विकेट सिर्फ तीन मैचों में लिए)। हालांकि, शमी टूर्नामेंट में भारत के सबसे महंगे गेंदबाजों में भी शामिल रहे, जिनकी इकोनॉमी 5.68 रन प्रति ओवर रही। इसके बाद आया आईपीएल, जिसमें शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) छठे स्थान पर रही, और उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने नौ मैचों में सिर्फ छह विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 11.23 रन प्रति ओवर रही। ये सब एक लंबे ब्रेक के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने टखने की सर्जरी कराई और घुटनों की समस्याओं से भी जूझे। उन्होंने जनवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में वापसी की थी। उससे पहले वह भारत के लिए आखिरी बार नवंबर 2023 में वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में खेले थे। उनकी घरेलू क्रिकेट में वापसी 2024 के अंत में बंगाल के साथ हुई थी। बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की सूची में सभी अपेक्षित नाम शामिल हैं - जैसे अभिमन्यु ईश्वरन, आकाश दीप, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद और अभिषेक पोरेल।

### भारत बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

**सोलो (इंडोनेशिया)।** भारत ने शनिवार को इंडोनेशिया में हुए ग्रुप डी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को 110-83 से हराकर बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। यह जीत शुक्रवार को श्रीलंका पर भारत की पहले दिन की प्रभावशाली जीत के बाद आई है। हांगकांग ने भी इतने ही मैचों में दो जीत दर्ज कीं, जिससे दोनों टीमों ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली है। दोनों टीमें रविवार को ग्रुप डी के विजेता का फैसला करने के लिए भिड़ेंगी। यह टूर्नामेंट रिले स्कोरिंग प्रारूप में खेला जा रहा है, जहां टीमें 10 मैचों में 110 अंक हासिल करने के लिए दौड़ती हैं। भारत ने शानदार शुरुआत की, लड़कियों की एकल खिलाड़ी रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया, इसके बाद सी लालरामसांगा और तारिणी सूरी की मिश्रित युगल जोड़ी ने बढ़त को 22-11 कर दिया कुछ मैचों में यूएई के कड़े प्रतिरोध के बावजूद, भारत ने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी। आधे समय तक स्कोरबोर्ड भारत के पक्ष में 55-41 था। यूएस ओपन की फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने इसके बाद मधुमिता सुंदरपांडियन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को 66-46 तक पहुंचाया। लालरामसांगा ने कोर्ट पर वापसी की और इस बार दूसरे मिश्रित युगल मुकाबले में रेशिका यू के साथ जोड़ी बनाई। उन्होंने आदित्य किरण और मायशा खान को 11-5 से हराकर भारत को 77-51 से आगे कर दिया, जिससे टीम प्रभावी रूप से बढ़त पर आ गई। भारत अब अपनी लय बरकरार रखने और रविवार को हांगकांग के खिलाफ जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहने की कोशिश करेगा।

### वेदांता समूह पर वायसराय की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं: पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (पूर्व सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की वेदांता समूह पर रिपोर्ट ङ्कविश्वसनीय नहींङ्क है और कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वेदांता समूह ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी वायसराय रिसर्च रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों के संबंध में उनसे स्वतंत्र कानूनी राय मांगने के बाद आई है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक पूर्व सीजेआई ने कहा कि ङ्कवायसराय का सूचीबद्ध कंपनियों में शॉर्ट पोजीशन लेने और फिर अवैध रूप से लाभ कमाने के लिए भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित करने का रिकॉर्ड रहा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कंपनी पर वायसराय रिसर्च की रिपोर्ट में गंभीर आरोप हैं, जिससे वेदांता समूह के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है।

# फिडे महिला विश्व कप: भारत की कम से कम एक खिलाड़ी का सेमीफाइनल में पहुंचना तय

एजेंसी



बातुमी (जॉर्जिया)। भारत की कम से कम एक खिलाड़ी का यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना तय है जिसमें ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी अपना पहला खिताब जीतने की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगी। वह क्वार्टर फाइनल में चीन की युक्सिन सोंग से भिड़ेंगी। भारत की चार खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। इनमें प्रतियोगिता में भाग ले रही सबसे अधिक रेटिंग वाली खिलाड़ी और विश्व स्तर पर कई टूर्नामेंट की विजेता हम्पी के अलावा दिव्या देशमुख, डी हरिका और आर वैशाली शामिल हैं। यह पहला अवसर है जब किसी एक देश की चार खिलाड़ी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। क्वार्टर फाइनल में हरिका का सामना दिव्या देशमुख से होगा, जिससे कम से कम एक भारतीय का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय हो गया है। आर वैशाली के सामने सबसे कठिन चुनौती है क्योंकि उनका सामना क्वार्टर फाइनल में पूर्व महिला विश्व चैंपियन चीन की तान झोंगयी से होगा। इस तरह से भारत की कुल तीन खिलाड़ियों के पास सेमीफाइनल में जगह बनाने का मौका होगा। यह प्रतियोगिता अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफायर भी है। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चीन की टिंगजी लेई का मुकाबला जॉर्जिया की नाना दजाग्निडेज़ से होगा।

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ: वैष्णव

एजेंसी



हैदराबाद। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पिछले 11 वर्षों में आठ गुना वृद्धि के साथ 40 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ गया है। आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तेज प्रगति का जिक्र भी किया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है। वैष्णव ने कहा कि इस साल व्यावसायिक स्तर पर पहली भारत में बनी सेमीकंडक्टर चिप आएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष पांच सेमीकंडक्टर उत्पादक देशों में एक बनने की राह पर है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा, महज 11 वर्षों में, हमने अपने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ा दिया है। यह दोहरे अंकों की वृद्धि है। हमने अपने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि की अभूतपूर्व गति है, जो बहुत कम देशों ने पहले कभी देखी है। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया और कहा कि लगभग साढ़े तीन वर्षों में, भारत एक संपूर्ण 4जी दूरसंचार स्टैक डिजाइन कर सकता है। आज, यह लगभग 90,000 दूरसंचार टावरों पर स्थापित है, जो दुनिया के कई देशों के नेटवर्क से भी अधिक है।

# सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने 21 जुलाई को गूगल और मेटा को तलब किया

एजेंसी




नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामलों की जांच के सिलसिले में दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल और मेटा को नोटिस जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इन टेक कंपनियों को पूछताछ के लिए 21 जुलाई को बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ईडी ने सट्टेबाजी अनुप्रयोगों से जुड़े कथित मनी लॉनड्रिंग की जांच के संबंध में दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल और मेटा को नोटिस जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सट्टेबाजी ऐप मामले में गूगल और मेटा को 21 जुलाई को तलब किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ''गूगल और मेटा प्लेटफॉर्म विज्ञापनों के जरिए सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा दे रहे हैं और उपयोगकर्ताओं तक उनकी पहुंच को आसान बना रहे हैं।'' एजेंसी इन अवैध ऐप्स के प्रचार में डिजिटल प्लेटफॉर्म की भूमिका की जांच कर रही है, जो धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के संभावित उल्लंघन के लिए जांच के दायरे में हैं। उल्लेखनीय है कि यह कदम ईडी की ओर से मुंबई में एक बड़े डिब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में चार ठिकानों पर छापेमारी के कुछ दिनों बाद उठाया गया है, जिसमें 3.3 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी, लग्जरी घड़ियां, आभूषण, विदेशी मुद्रा और लग्जरी वाहन जब्त किए गए थे। केंद्रीय जांच एजेंसी को तलाशी अभियान के दौरान नकदी गिनने वाली मशीनें भी मिलीं थीं।

# भारत का चाय निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 2.85 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी



कोलकाता। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में भारत का चाय निर्यात सालाना आधार पर 2.85 प्रतिशत बढ़कर 25.79 करोड़ किलोग्राम हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

वित्त वर्ष 2023-24 में देश का चाय निर्यात 25.07 करोड़ किलोग्राम रहा था। चाय बोर्ड के हालिया आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 16.12 करोड़ किलोग्राम तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 14.90 करोड़ किलोग्राम से 8.15 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी प्रकार, आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण भारत से निर्यात 2024-25 में 4.92 प्रतिशत घटकर 9.67 करोड़ किलोग्राम रह गया, जो उससे पिछले वित्त वर्ष में 10.17 करोड़ किलोग्राम था। प्रति किलोग्राम चाय निर्यात का मूल्य बढ़कर 290.97 रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 258.30 रुपये से 12.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कैलेंडर वर्ष 2024 में चाय निर्यात 25.62 करोड़ किलोग्राम तक पहुंच गया, जो 2023 की तुलना में 10.57 प्रतिशत की वृद्धि है। बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात 15.55 करोड़ किलोग्राम रहा, जबकि दक्षिण भारत से यह 10.07 करोड़ किलोग्राम रहा, जो क्रमशः 10.28 प्रतिशत और 11.02 प्रतिशत की वृद्धि है।

# भारत संप्रभु राष्ट्र, कोई ताकत उसके मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि अधिकारियों को बाहरी विमर्श से कभी भी प्रभावित नहीं होना चाहिए क्योंकि भारत एक ऐसा संप्रभु देश है जहां सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं और कोई भी बाहरी ताकत उसके मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

श्री धनखड़ ने शनिवार को यहां उपराष्ट्रपति निवास पर भारतीय रक्षा संपदा सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, बाहरी विमर्शों से प्रभावित न हों। इस देश में, एक संप्रभु राष्ट्र में, सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। दुनिया में कोई भी शक्ति भारत को यह निर्देश नहीं दे सकती कि उसे अपने मामलों को कैसे संचालित करना है। हम एक राष्ट्र हैं, और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का



हिस्सा हैं। हम एकजुटता के साथ काम करते हैं, समन्वय के साथ। हमारे बीच आपसी सम्मान है, कूटनीतिक संवाद हैं, लेकिन अंततः, हम संप्रभु हैं और अपने निर्णय स्वयं लेते हैं।

उप राष्ट्रपति ने बेवजह की बयानबाजी से बचने की सलाह देते हुए कहा, ल्लक्या हर बॉल खेलनी ज़रूरी है? क्या हर विवादास्पद बयान पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक है? जो खिलाड़ी अच्छा स्कोर करता है, वह खराब गेंदों को छोड़ देता है। वे लुभावनी होती हैं, पर खेली नहीं जातीं। और जो खेलते हैं, उनके लिए विकेटकीपर और गली में खड़े खिलाड़ी तैयार रहते हैं। भारत को बुद्ध, महावीर और गांधी की धरती बताते हुए उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर का उद्देश्य सबक सिखाना और मानवता के विवेक को जगाना था। उन्होंने कहा , ल्लचुनौतियाँ होंगी और उनका उद्देश्य समाज में फूट डालना होगा। आपने दो वैश्विक युद्ध देखे हैं। वे अब तक अनिश्चित हैं। देखिए उस तबाही को संपत्ति की, मानव जीवन की, और उस पीड़ा को। और देखिए हमारा संतुलन हमने एक पाठ पढ़ाया, और अच्छी तरह से पढ़ाया। हमने बहावलपुर और मुरिदके को चुना और फिर उसे अस्थायी रूप से समाप्त किया। 'ऑपरेशन सिन्दूर' अभी समाप्त नहीं हुआ है, यह जारी है। कुछ लोग पूछते हैं इसे रोका क्यों गया? हम शांति, अहिंसा, बुद्ध, महावीर और गांधी की धरती हैं। जो जीवों को भी कष्ट नहीं देना चाहते, वे इंसानों को कैसे निशाना बना सकते हैं? उद्देश्य था मानवता और विवेक को जगाना। श्री धनखड़ ने देश की युवा आबादी को जनसांख्यिकीय लाभ बताते हुए अधिकारियों से कहा कि वे इसके माध्यम से देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ल्लहमारा जनसांख्यिकीय लाभांश पूरी दुनिया के लिए ईर्ष्या का विषय है। हमारी 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। भारत की औसत आयु 28 वर्ष है, जबकि चीन और अमेरिका की 38 से 39 और जापान की 48 है। आप चुने हुए लोग हैं। आपको भारत की सेवा का अवसर मिला है उस भारत की, जो मानवता का छठा हिस्सा है। उप राष्ट्रपति ने 'विकसित भारत' के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा, ल्लहमारा उद्देश्य केवल अर्थव्यवस्था को बढ़ाना नहीं है। हमारा उद्देश्य लोगों का विकास करना है।

# भारत की अमूल्य धरोहर गिर को देखने अवश्य आना चाहिए: चौहान

एजेंसी

जूनागढ़। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि सभी को जीवन में एक बार अवसर निकालकर भारत की अमूल्य धरोहर गुजरात के गिर देखने अवश्य आना चाहिए।

श्री चौहान ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा कि उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनन्द लिया। सासन में हमने प्रकृति का शासन देखा। गिर का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है और विशेषकर यहां की सफारी की जो पूरी अवधारणा और योजना है, वह बिल्कुल अद्भुत है। गिर की सफारी के अलग-अलग रंग हैं। यहां आसानी से जंगल के राजा बब्बर शेर के दर्शन हो जाते हैं। मोर के नृत्य मन मोह लेते हैं और पक्षियों का कलरव अद्भुत है। यहां की व्यवस्थायें अत्यंत उत्तम हैं। उन्होंने कहा, ल्ल मैं तो सबसे ही कहना चाहूंगा कि एक बार गिर जरूर आयें।

केंद्रीय मंत्री ने लिखा, आज गुजरात के गौरव, गिर के अद्भुत जंगल में प्रकृति के अलौकिक सौंदर्य को बहुत करीब से अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ। सफारी के दौरान प्रकृति के अनगिनत रंग देखने को मिले। यहां की जैव विविधता, पेड़ों की प्रजातियां, शेर का राजसी अंदाज, पेड़ों पर तेंदुओं का चढ़ना- बैठना, सब कुछ अभूतपूर्व था। पक्षियों का मधुर कलरव, घोंसला बनाती चिड़िया और उत्साह से नाचते मोर को देखकर मन झूम उठा उन्होंने लिखा कि यहां आकर लगा कि सभी को जीवन में एक बार अवसर निकालकर भारत की इस अमूल्य धरोहर को देखने अवश्य आना चाहिए। यह केवल एक जंगल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारे गौरव और प्रकृति के साथ हमारे संबंधों का जीवंत प्रतीक है। यहां की अति उत्तम व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन को बधाई। उल्लेखनीय है कि एशिया में शेरों का एकमात्र निवास स्थान गिर राष्ट्रीय उद्यान गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित है, जो सासन गिर के नाम से भी जाना जाता है।

# इजरायल और सीरिया युद्धविराम पर सहमत

एजेंसी

मॉस्को। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने युद्धविराम पर सहमति जतायी है।

अमेरिकी राजदूत टॉम बैरक ने यह जानकारी दी। श्री बैरक तुर्की में अमेरिकी राजदूत और सीरिया के लिए विशेष दूत भी है। अमेरिकी दूत ने सभी पक्षों से हथियार डालने और शांति की दिशा में काम करने का आग्रह किया है। इस युद्धविराम के बाद क्षेत्र में शांति की उम्मीदें बढ़ गयीं हैं।

अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, ल्लइजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के समर्थन से एक ऐसे युद्धविराम पर सहमति जतायी है जिसे तुर्की, जॉर्डन और उसके पड़ोसी देशों ने भी स्वीकार किया है। हम ड्रूज़, बेडौइन और सुन्नियों से हथियार डालने का आग्रह करते हैं और चाहते हैं कि वह अन्य अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों के साथ शांति और समृद्धि में नये 'सीरिया' का निर्माण करें। तुर्की के विदेश मंत्रालय के सूत्र ने बताया कि विदेश मंत्री हाकन फिदान ने अमेरिकी विदेश मंत्री से फोन पर कहा कि उनका देश, सीरिया के भविष्य को सुनिश्चित करने और 'स्थायी रूप से संघर्ष और तनाव को समाप्त करने' के लिए अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है। पिछले सप्ताह सशस्त्र बेडौइन समूहों ने सुवेदा प्रांत में कई ड्रूज़ बस्तियों पर हमला किया और ड्रूज़ आत्मरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि झड़पों में 30 से ज़्यादा लोग मारे गए और अन्य 100 घायल हुए, जिनमें सीरियाई संक्रमणकालीन सरकार के प्रति वफ़ादार 20 सैनिक भी शामिल हैं।

सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले मंगलवार को कहा कि सेना और गृह मंत्रालय ने अवैध हथियारबंद गुटों से शहर को मुक्त करने के लिए सुवैदा में सैनिकों को तैनात किया। बाद में उन्होंने सुवैदा से दमिश्क की ओर भारी सैन्य उपकरण वापस लेना शुरू कर दिया और आवासीय क्षेत्रों को आंतरिक सुरक्षा बलों के नियंत्रण में स्थानांतरित कर दिया। इजरायली सरकार ने सीरियाई सेना के खिलाफ तत्काल सैन्य हमले का आदेश दिया और देश के भीतर ड्रूज आबादी के साथ घनिष्ठ संबंधों तथा ऐतिहासिक संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि सीरिया के ड्रूज समुदाय के लिए चिंता के कारण यह कार्रवाई की गयी है।

# भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान पांच विमान मार गिराए गए : ट्रंप का दावा

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया दावा किया है कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान पांच विमान मार गिराए गए।''

साथ ही उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव उनके हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह स्पष्ट नहीं किया कि किसी एक पक्ष के विमान मार गिराए गए या फिर वह दोनों पक्षों के नुकसान की बात कर रहे थे। भारत सैन्य टकराव समाप्त कराने के ट्रंप के दावे को वस्तुतः खारिज करते हुए यह कहता रहा है कि अमेरिका की मध्यस्थता के बिना दोनों पक्षों ने अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाइयां रोकीं। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के लिए शुक्रवार को आयोजित रात्रिभोज के दौरान कहा, ल्लएक तरफ भारत और दूसरी ओर पाकिस्तान था। दोनों के बीच सैन्य



टकराव जारी था। विमान मार गिराए जा रहे थे चार या पांच विमान। मुझे लगता है कि वास्तव में पांच विमान मार गिराए गए थे हालात बद से बदतर होते जा रहे थे, है ना? उन्होंने कहा, दोनों के पास परमाणु हथियार हैं और वे एक-दूसरे पर हमले कर रहे थे ट्रंप ने कहा, भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे से भिड़ रहे थे और स्थिति गंभीर होती जा रही थी। हमने व्यापार के जरिये इसका समाधान किया। हमने कहा 'आप लोग व्यापार समझौता करना चाहते हैं। अगर आप हथियार, शायद परमाणु हथियार से हमला करने वाले हैं तो हम व्यापार समझौता नहीं कर पाएंगे। दोनों ही बहुत शक्तिशाली परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने छह महीने में इतनी उपलब्धियां हासिल कर लीं, जितनी कोई भी अन्य प्रशासन आठ साल में भी हासिल नहीं कर सका। ट्रंप ने कहा, मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमने बहुत सारे युद्ध रुकवाए, कई सारे युद्ध३ और ये गंभीर युद्ध थे। ट्रंप 10 मई के बाद से विभिन्न अवसरों पर कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव खत्म कराने में मदद की और दोनों देशों से कहा कि यदि वे संघर्ष को रोक दें तो अमेरिका उनके साथ बहुत सारा व्यापार करेगा। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत की कार्रवाई के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले किए। इसके बाद 10 मई को सैन्य टकराव रोकने पर सहमति बनीं। अमेरिका ने बृहस्पतिवार को टीआरएफ को एक वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया। भारत ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है।

## अमेरिका कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द करेगा : ट्रम्प

न्यूयॉर्क। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। श्री ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में स्टेबलकॉइन एक्ट पर शुक्रवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा, 'वे आज ही ऐसा कर सकते हैं... शायद बाद में, हम ऐसा करेंगे।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'जब मैं यह दस्तावेज भेजूंगा कि आप 35 प्रतिशत या 40 प्रतिशत टैरिफ दे रहे हैं तो यह एक समझौता होगा। फिर वे फ़ोन करेंगे और देखेंगे कि क्या वे कुछ अलग तरह का समझौता कर सकते हैं। श्री ट्रम्प ने हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत व्यापक अमेरिकी पारस्परिक आयात शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन को नौ जुलाई से एक अगस्त तक बढ़ा दिया गया है और कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। गत आठ जुलाई को सोशल मीडिया पर अमेरिका के राष्ट्रपति के पोस्ट के अनुसार एक अगस्त की समय-सीमा में कोई बदलाव या विस्तार नहीं होगा, जब आयात शुल्क का भुगतान शुरू होगा।

## आयातित पुर्जे जोड़कर निर्माण की जमीनी हकीकत बदलना जरूरी : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आयातित पुर्जे असेंबल करके टीवी, मोबाइल बनाने की नीति पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' नहीं है इसलिए निर्माण की इस हकीकत को बदलना जरूरी है।

श्री गांधी ने कहा कि टीवी मोबाइल आदि के 80 फ़ीसदी पुर्जे विदेश से आयात करके देश में असेंबल होते हैं। यह स्थिति बदलनी चाहिए और देश में ही इन सब वस्तुओं का निर्माण हो इसके लिए हालात में बदलाव ज़रूरी है।

उन्होंने कहा,''क्या आप जानते हैं कि भारत में बने ज़्यादातर टीवी का 80 प्रतिशत हिस्सा चीन से आता है। 'मेक इन इंडिया' के नाम पर हम सिर्फ असेंबल कर रहे हैं-असली निर्माण नहीं। आईफ़ोन से लेकर टीवी तक - पुर्ज़े विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं।छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन न नीति है, न सपोर्ट। उल्टा, भारी टैक्स और चुने हुए कॉरपोरेट्स का एकाधिकार - जिसने देश के उद्योग को जकड़ रखा है। जब तक भारत उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बनता, रोज़गार, विकास और 'मेक इन इंडिया'' की बातें सिर्फ भाषण रहेंगी। श्री गांधी ने कहा कि इसके लिए देश में बदलाव जरूरी है। इस स्थिति में बदलाव आना जरूरी है। देश को ज़मीनी बदलाव चाहिए ताकि भारत असेंबली लाइन से निकलकर असली मैन्युफैक्चरिंग पावर बने और चीन को बराबरी की टक्कर दे सके।

# अडानी को छतीसगढ़ के जंगल सौंपने के विरोध की बघेल को सजा : प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार छत्तीसगढ़ के जंगल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नजदीकी उद्योगपति गौतम अडानी को सौंप रही है और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसका जमकर विरोध कर रहे हैं इसलिए उनके परिवार को इसकी सजा दी जा रही है। श्रीमती वाड्रा ने आज यहां कहा कि श्री बघेल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाले थे लेकिन उससे पहले ही उनकी आवाज दबाने की कोशिश करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका कहना था कि भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाती रहती है लेकिन कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है और वे इसका विरोध करते रहेंगे।

उन्होंने कहा,''भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडानी जी को समर्पित कर दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जंगलों को तबाह किया जा रहा है। पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने उनके घर पर छापा मारा और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस महासचिव ने कहा, पिछले11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं। लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल जी के साथ मजबूती से खड़ा है।

# पेज एक का शेष

### छांगुर का भतीजा...

खोले थे। इस आधार पर ही एसटीएफ और एटीएस लगातार गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने में जुटी है। इसी कड़ी में दो दिन पहले छांगुर के एक करीबी रशीद शेख को भी पकड़ा गया था। रशीद तीन साल पहले भी आजमगढ़ में धर्मांतरण कराने में पकड़ा गया था। राशिद के सबरोज व अन्य सदस्यों से करीबी सम्बन्ध बताए गए थे। सबरोज ने भी पूछताछ में कई अहम जानकारियां दी थी। 1 साजिश के तहत छोड़ा था सबरोज को सूत्रों का कहना है कि 12 घंटे पूछताछ के बाद सबरोज को छोड़ दिया गया था। पर, यह भी जांच एजेन्सियों की एक चाल थी। सबरोज को छोड़ने के बाद उस पर निगरानी रखी जाने लगी। उसके तीन अलग मोबाइल नम्बर का भी पता चल गया था। इन नम्बरों को सर्विलांस पर लिया गया था। इस बीच सबरोज ने सबसे ज्यादा शहाबुद्दीन से बात की। वह और शहाबुद्दीन उतरौला में तीन लोगों के पास भी गए। इस दौरान ही कुछ साक्ष्य जुटाकर एटीएस ने सबरोज व शहाबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश का कहना है कि दोनों से पूछताछ में कई जानकारियां मिली है। इस आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार रात को छांगुर के एक और करीबी रशीद को भी गिरफ्तार कर लिया है। रशीद ने छांगुर के कहने पर कई लोगों का धर्मांतरण कराया था। वह तीन साल पहले आजमगढ़ में धर्मांतरण के मामले में पकड़ा जा चुका है। जमानत पर बाहर आने के बाद वह फिर से छांगुर के साथ सक्रिय हो गया था। छांगुर की गिरफ्तारी के बाद एटीएस उसकी तलाश कर रही थी। एटीएस की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में वह नामजद भी था। ईडी ने गुरुवार को उतरौला में उसके घर भी छापा मारा था।

### नए भाजपा प्रदेश...

वर्मा, बीएल वर्मा, श्रीकांत शर्मा और डॉ. दिनेश शर्मा शामिल हैं। भाजपा कथित तौर पर ब्राह्मण और ओबीसी कारकों के आधार पर अपनी रणनीति का मूल्यांकन कर रही है, हालांकि किसी आश्चर्यजनक नाम की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। एक अन्य पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, चूंकि मुख्यमंत्री उच्च जाति से हैं, इसलिए संभावना है कि नया पार्टी अध्यक्ष ओबीसी पृष्ठभूमि से होगा। इस पद के लिए एक महिला नेता की नियुक्ति पर भी आंतरिक चर्चा चल रही है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक ऐसे प्रदेश अध्यक्ष का चयन करना चाहता है जो आगामी चुनावों से पहले सरकार और पार्टी तंत्र, दोनों के साथ प्रभावी ढंग से समन्वय स्थापित कर सके। कथित तौर पर, आरएसएस संगठन और प्रशासन के बीच किसी भी तरह के मतभेद से बचने के लिए नियुक्ति को अंतिम रूप देने से पहले योगी आदित्यनाथ की मंज़ूरी ले रहा है। नए प्रदेश अध्यक्ष आगामी पंचायत चुनावों और बाद में उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### शारदा यूनिवर्सिटी...

शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं मृतका के सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस शिक्षकों से पूछताछ कर रही है।

### लखनऊ में स्कूल वैन...

17 जुलाई को थाना में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर 18 जुलाई की रात आरोपित मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पीड़ित परिवार की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, लापरवाही बरतने पर स्कूल प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### यूपी से बीएस-6, सीएनजी...

यूपी ही नहीं पूरे देश में उन वाहनों पर लागू किया जा रहा है जो दिल्ली में प्रवेश करते हैं।

### ग्राम पंचायतों में हर...

के कार्यों की निगरानी करेगी। वहीं विभिन्न विभागों की पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन आदि के प्रति स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ग्राम हरित निधि की स्थापना की जाएगी पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायतवार ग्राम हरित निधि बनाई जाएगी। मानव-वन्यजीव संघर्ष को नियंत्रित करने के लिए यह पहल की जा रही है। मिशन लाइफ, वन, वन्यजीव, आर्द्र भूमि, पर्यावरण, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु संरक्षण, कार्बन क्रेडिट और वैकल्पिक ऊर्जा आदि के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। ग्राम चौपालों का मूल्यांकन करेंगे डीपीआरओ मुख्य विकास अधिकारी (डीपीआरओ) की देखरेख में जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) ग्राम चौपालों के कार्यों का मूल्यांकन करेंगे। जिला स्तर पर अच्छा कार्य करने वाली ग्रीन चौपालों की सूची पर्यावरण, वन-जलवायु परिवर्तन विभाग को सौंपी जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्रीन चौपालों को राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

### छोटे राज्यों, पूर्वी राज्यों ...

अर्थव्यवस्था वाला देश हो जायेगा। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी के राज में ढांचागत विकास तेज हुआ है और शिक्षा और औद्योगिक विकास में वृद्धि के साथ अर्थतंत्र में वृद्धि हुई है। साथ ही मोदी सरकार ने इस मिथक को भी तोड़ा है कि ढांचागत और औद्योगिक विकास में गरीबों का कल्याण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ ही 16 करोड़ लोगों के घरों में नल, 12 करोड़ शौचालय, 13 करोड़ घरों में एलपीजी सिलेंडर, 03 करोड़ घरों में बिजली और गरीबों का चार करोड़ घर देने का काम किया है। कुल मिलाकर 25 करोड़ लोगों को 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने उत्तराखंड में एक लाख करोड़ रूपये के निवेश को धरातल पर उतारने के लिये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी पूरी टीम की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि उनका गृह राज्य गुजरात औद्योगिक विकास के क्षेत्र में देश में सबसे आगे है परंतु मैदानी राज्यों के मुकाबले पहाड़ी राज्यों में निवेश लाना पहाड़ जैसी चुनौती है और धामी सरकार ने यह कर दिखाया। उन्होंने कहा हालांकि अभी धामी सरकार के पास बाकी बचे निवेश की चुनौती है। इससे 81 हजार से अधिक रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि यह धामी सरकार की अच्छी नीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उन्हें आश्चर्य हुआ है कि धामी सरकार ने कम समय में पर्यटन नीति, औद्योगिक नीति, एमएसएम नीति, स्टार्ट अप नीति, फिल्म सिटी नीति, आयुष नीति और सर्विस सेक्टर के लिये नीति तैयार कर सिंगल विंडो सिस्टम तैयार कर निवेश के लिये माहौल बनाया है। निवेश समारोह में औद्योगिक जगत की अनेक हस्तियों ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने श्री शाह को नये भारत के लौह पुरुष की संज्ञा दी। उन्होंने निवेशकों को भी उत्तराखंड में निवेश के लिये आमंत्रित किया। इस मौके पर पंतजलि प्रमुख बाबा रामदेव ने केंद्र में मोदी और राज्य में धामी सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड में निवेश के लिये बेहतर माहौल है और प्रदेश जल्द ही पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में अच्छा हब बनेगा। यूपीएस ग्रुप के सुनील राय और नैनी पेपर के पवन अग्रवाल ने अपने संबोधन में उत्तराखंड में निवेश के लिये सुनहरा मौका बताया।

### सीएम बोले, निवेश...

गई है। राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिये ''निवेश मित्र'' की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। काशीपुर में अरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की है। करीब 13 सौ करोड़ रूपए की लागत से खुरपिया में स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी भी उत्तराखंड के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तराखंड को एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी प्राप्त हुई है। प्रदेश में 260 से अधिक व्यावसायिक सेवाओं में ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि उत्तराखंड निवेशकों के मध्य, विश्वसनीय, प्रतिस्पर्धात्मक और भविष्य के लिए तैयार गंतव्य के रूप में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य निवेशकों को शांतिप्रिय वातावरण के साथ ही कुशल प्रशासन के जरिए हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। इस मौके पर पतंजलि समूह के संस्थापक बाबा रामदेव ने कहा कि उत्तराखंड राज्य भारत माता का मुकुट है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रकृति और पर्यावरण के साथ आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। उत्तराखंड ने वेलनेस की र्स्वश्रेष्ठ नीति घोषित की है। राज्य सौर ऊर्जा, हाइड्रो पावर के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। बाबा रामदेव ने समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा की। यूपीईएस शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ सुनील राय ने कहा कि उत्तराखंड के ज्यादातर शिक्षण संस्थान, किसी ना किसी संस्था से मान्यता प्राप्त हैं, इससे यहां शिक्षण की गुणवत्ता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि उनका संस्थान, उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर राज्य के विकास में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अब कनेक्टिविटी काफी सुधर गई है, इससे यहां निवेश के अवसर और भी लाभप्रद हो जाते हैं। राज्य में 10 से अधिक रिसर्च संस्थान होने से भी, शिक्षण संस्थानों को इसका फायदा मिलता है। नैनी पेपर्स के प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल ने कहा कि उनकी कंपनी अपना नया अत्याधुनिक प्लांट से उत्पादन शुरु कर चुकी है, जिससे 300 नए रोजगारों का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि वो गन्ने की खोई से कागज बना रहे हैं, साथ ही प्लांट में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी भी शत प्रतिशत कृषि उपज है। कृषि उपज के रूप में पेड़ उगाने से ना सिर्फ पर्यावरण को फायदा पहुंच रहा है, बल्कि किसानों की भी आय बढ़ रही है। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, सांसद अजय भट्ट, महेंद्र भट्ट, विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक सहित राज्य सरकार के कई मंत्री और विधायक उपस्थित हुए। इससे पहले सांस्कृतिक टीमों ने मंगलगान के जरिए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास करने के साथ ही प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा

## ■ अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने जेपी गंगा पथ पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे पार्क का भी मुआयना किया।

मुख्यमंत्री ने जायजा लेने के क्रम में पटना सिटी के कंगन घाट से दानापुर के नासरीगंज घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर एलसीटी घाट से गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लेने के बाद एनआईटी घाट पहुंचे जहां उन्होंने गंगा नदी के बढ़े जलस्तर एवं तटीय इलाकों के वर्तमान स्थिति की पूरी जानकारी अधिकारियों से ली। एनआईटी घाट से जेपी गंगा पथ होते हुए मुख्यमंत्री कंगन घाट के बाद दीघा घाट और दानापुर स्थित नासरीगंज घाट पहुंचकर गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का भी जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह अलर्ट रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयार रहें। ताकि लोगों को बाढ़ के पानी से होने वाली परेशनी से बचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा नदी के तटीय इलाकों खासकर निचले क्षेत्रों की स्थिति की लगातार समीक्षा करते रहें और जरूरत पड़ने पर तत्काल रूप से आवश्यक कार्रवाई करें ताकि कोई नुकसान न हो। नासरीगंज घाट, गांधी घाट सहित कई स्थानों पर गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है तथा नदी की धारा भी बहुत तेज है। संभावित परिस्थितियों पर पूरी नजर रखें तथा बढ़ते जलस्तर से प्रभावित लोगों को एसओपी के अनुसार जरूरी सहायता उपलब्ध कराएं।

# पटना में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर, कई इलाके में तेजी से फैल रहा पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में दो दिन पहले तक लगातार हो रही बारिश शौर नेपाल से छोड़े गए पानी के कारण गंगा नदी रौद्र रूप ले चुकी है। राजधानी पटना में गंगा के कई घाटों पर पानी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर आ चुकी है,जिससे दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जल संसाधन विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया है और बांधों की 24 घंटे निगरानी शुरू कर दी है। हर पल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। जिला प्रशासन ने राहत और बचाव की व्यापक तैयारियां की हैं। पटना के दियारा इलाके में गंगा का पानी तेजी से फैल रहा है, जिससे कई गांवों में खेत और घर जलमग्न हो गए हैं। दानापुर में गंगा और सोन नदी के जलस्तर से कटाव की समस्या शुरू हो गई है। मनेर और हथिदह में नदी किनारे बसे गांवों में पानी घुसने की खबरें हैं। जिला प्रशासन ने 245 नाविकों के साथ समझौता किया है, ताकि जरूरत पड़ने पर नाव और गोताखोरों की मदद से बचाव कार्य तेज किया जा सके। गायघाट में एसडीआरएफ और दीदारगंज में एनडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में 119 ऊंचे स्थानों की पहचान कर राहत शिविरों की तैयारी की गई है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पटना के प्रमुख घाटों पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है या उसके करीब है। गांधी घाट पर जलस्तर 48.76 मीटर (खतरे का निशान 48.60 मीटर), दीघा घाट पर 50.13 मीटर (खतरे का निशान 50.45 मीटर), मनेर में 51.73 मीटर (खतरे का निशान 52 मीटर) और हथिदह में 41.54 मीटर (खतरे का निशान 41.76 मीटर) दर्ज किया गया। देवनानाला में जलस्तर 165.50 फुट है जो खतरे के निशान 167 फुट से थोड़ा नीचे है। पिछले दो दिनों में जलस्तर में ढाई फुट की वृद्धि हुई है। जिससे दियारा, दानापुर और मनेर में पानी फैलने लगा है। मौसम विभाग ने रविवार को उत्तर और पूर्वी बिहार में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी दी है। सीमांचल और कोसी क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है, जिससे गंगा, कोसी और गंडक नदियों का जलस्तर और बढ़ सकता है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों (पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, बांका) में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश हैं। प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे न जाने, वज्रपात के दौरान खुले स्थानों से बचने और स्थानीय प्रशासन के संपर्क में रहने की अपील की है।



## संक्षिप्त समाचार

### कुख्यात चंदन मिश्रा हत्या मामले में पांच आरोपित कोलकाता से गिरफ्तार

**पटना।** पटना के बेली रोड पर स्थित पारस एमआरआई अस्पताल में बीते गुरुवार को चंदन मिश्रा हत्या मामले में पटना पुलिस और बंगाल एसटीएफ ने शनिवार को कोलकाता के सैटेलाइट टाउनशिप में एक आवासीय परिसर से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बंगाल एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक इन आरोपितों को शनिवार तड़के पटना पुलिस और पश्चिम बंगाल एसटीएफ की संयुक्त रूप से की गई छापेमारी के बाद महानगर के सैटेलाइट टाउनशिप स्थित एक आवासीय परिसर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पांच में से चार आरोपित चंदन मिश्रा हत्या में सीधे तौर पर शामिल थे। घटना के बाद वे पटना से भागकर कोलकाता आ गए थे। उनके मोबाइल फोन टावर लोकेशन से हमें उनका पता लगाने में मदद मिली। अभी इन आरोपितों के नाम सामने नहीं आए हैं। बिहार पुलिस उन्हें स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी। हालांकि पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कार्रवाई से जुड़ी अहम जानकारी दी। पटना एसएसपी ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि अभी ऐसी कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। चंदन मिश्रा को 2014 में कोलकाता में एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था और बक्सर सेंट्रल जेल भेज दिया था। जहां से उसे भागलपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया था। बक्सर जिले के निवासी चंदन पर हत्या, बैंक और आभूषण की दुकान में डकैती सहित 20 से ज़्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे हाल ही में इलाज के लिए बेउर सेंट्रल जेल से 15 दिनों की पैरोल पर रिहा किया गया था, जो 18 जुलाई को समाप्त होने वाली थी।

### पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रुप में 22 जुलाई को सुधीर सिंह लेंगे शपथ

**पटना।** आगामी 22 जुलाई यानी मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रुप में सुधीर सिंह शपथ लेंगे। वो नवनियुक्त चीफ जस्टिस वीएम पंचोली के बाद सबसे वरिष्ठ जज होंगे। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से उनका तबादला पटना हाईकोर्ट किया गया है। जस्टिस सुधीर सिंह पहले भी पटना हाईकोर्ट में जज के रूप में कार्यरत थे, लेकिन उन्हें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट भेज दिया गया था। अब फिर उनकी वापसी हुई है। वो 20 जुलाई यानी रविवार को चंडीगढ़ से पटना आ रहे हैं। जस्टिस सुधीर सिंह के पिता जस्टिस एनपी सिंह भी सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके हैं। जस्टिस सुधीर सिंह की स्कूली शिक्षा की बात करें तो उन्होंने विकास विद्यालय रांची से अपनी स्कूली शिक्षा की है। वर्ष 1991 में उन्होंने अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस शुरु की. उन्होंने केंद्र सरकार के वकील और भारतीय रेलवे के अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। 15 अप्रैल 2015 को उन्हें पटना हाईकोर्ट में अस्थायी जज नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें 20 अप्रैल 2016 को स्थायी जज के रूप में पटना हाईकोर्ट में नियुक्त किया गया था। 2 नवंबर 2023 को उन्हें जज के रूप में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट स्थानांतरित किया गया था. वो 2023 से अभी तक पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में ही अपनी सेवाएं दे रहे थे।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में बिक्रमजीत मजीठिया की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**चंडीगढ़।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व मंत्री बिक्रमजीत सिंह मजीठिया की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गयी है। न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद शनिवार को पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने उन्हें मोहाली की अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने उन्हें दो अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। बिक्रमजीत सिंह मजीठिया एक तरफ जहां न्यायिक हिरासत में हैं, वहीं विजिलेंस ब्यूरो द्वारा लगातार उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है । मोहाली की अदालत द्वारा निर्देश दिए जाने के बाद अब विजिलेंस ब्यूरो की टीम मजीठिया के वकीलों की मौजूदगी में तलाशी अभियान चला रही है। इससे पहले शुक्रवार को विजिलेंस ब्यूरो ने नई दिल्ली स्थित उनके उस फार्म हाउस में छापा मारा, जिसे मजीठिया की बेनामी संपत्ति की सूची में शामिल किया गया है। इस बीच मजीठिया की कंपनियों से विजिलेंस की तरफ से रिकॉर्ड भी जब्त कर लिया गया है। उल्लेखनीय हा कि विक्रमजीत सिंह मजीठिया को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था और वह बीती 6 जुलाई से पटियाला की नाभा जेल में बंद हैं।

### टीआरएफ को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन घोषित करना देश की रणनीतिक जीत: प्रो. ख्याला

**अमृतसर।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता प्रो. सरचांद सिंह ख्याला ने लश्कर-ए-तैयबा की छिपी शाखा और पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया है। प्रो ख्याला ने कहा कि यह घोषणा वैश्विक स्तर पर भारत के सुरक्षा दृष्टिकोण तथा सीमा पार आतंकवाद को लेकर देश की दृढ़ इच्छाशक्ति की अंतरराष्ट्रीय तौर पर की गयी पुष्टि है। उन्होंने शनिवार को कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की दूरदर्शी नीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत के शीर्ष नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान और आतंकवादी गठजोड़ को लगातार बेनकाब किया है। यह मामला केवल आतंकवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

### पश्चिमी वन प्रभाग दो करोड़ की लागत से बनाएगा दो सिटी पार्क

**हल्द्वानी।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन बाघों समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार के लिए पर्यटकों की पसंद बनता जा रहा है। ऐसे में वनाधिकारियों ने पर्यटन व स्थानीय लोगों के लिए काशीपुर, जसपुर में सिटी पार्क बनाने की योजना बनाई है। इनके निर्माण के लिए विभाग ने एक-एक करोड़ का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। प्रस्ताव पास होते ही पार्क का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने चर्चा करते हुए बताया कि तराई में दो स्थानों पर सिटी पार्क बनाने की योजना बनाई गई है। इसमें जसपुर टोल प्लाजा के पास वन विभाग की 17 हेक्टेयर भूमि है जबकि काशीपुर के भवानीपुर में 12.5 हेक्टेयर भूमि है। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों पर सिटी पार्क बनाने के लिए एक-एक करोड़ का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव पास होने के बाद पार्क में झूलों, कुर्सी तालाब व ओपन जिम के अलावा साइक्लंग ट्रैक का भी निर्माण कराया जाएगा। इसमें लोग पैदल भ्रमण के साथ ही साइक्लिंम का आनंद उठा सकेंगे। साइक्लंग ट्रैक से लैस होने वाले यह तराई के पहले सिटी पार्क होंगे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज 51 साल की हो गयीं। उनके जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शुभकामनाओं का सिलसिला सुबह से ही जारी रहा। इन बधाई संदेशों में शुभकामनाओं के अलावा दिल्ली के विकास में उनकी भूमिका और समर्पण की भी सराहना की गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेखा गुप्ता को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, ''दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। पार्टी में विभिन्न भूमिकाओं से आगे बढ़ते हुए, उन्होंने सदैव दिल्ली की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने शहर के कल्याण के लिए कई पहल की हैं। ईश्वर उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन प्रदान करें। प्रधानमंत्री के इस बधाई संदेश पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनके प्रति कृतज्ञता जताई। उन्होंने अपने उत्तर में लिखा कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन उनके सार्वजनिक जीवन की प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री के ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'' के मंत्र को धरातल पर उतारने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेंगी। उन्होंने इसे एक सम्मान और सौभाग्य बताया कि उन्हें ऐसे दूरदर्शी नेतृत्व के साथ काम करने का अवसर मिल रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रेखा गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और लिखा कि वे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली को विश्व की श्रेष्ठ राजधानियों में स्थान दिलाने के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता और परिश्रम से साकार करने में जुटी हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लिखा कि अमित शाह का जीवन राष्ट्रवाद, संगठनशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है, और उनके मार्गदर्शन ने उन्हें कार्य में स्पष्टता, अनुशासन और समर्पण के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में जनसंगठन की भावना से शासन चलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं और अमित शाह जैसे वरिष्ठ नेता का सान्निध्य उन्हें निरंतर दिशा देता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी रेखा गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। उन्होंने लिखा, ल्लदिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करता हूं। इसके उत्तर में रेखा गुप्ता ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि गडकरी जी की कार्यशैली, राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और विकासोन्मुख दृष्टिकोण उनके जैसे जनप्रतिनिधियों के लिए एक आदर्श है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बुनियादी ढांचे के विकास में गडकरी का योगदान दूरगामी और उल्लेखनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री के ''विकसित भारत'' के लक्ष्य को ''विकसित दिल्ली'' के रूप में साकार करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और गडकरी जैसे अनुभवी नेतृत्व से उन्हें निरंतर प्रेरणा और सहयोग मिलता रहेगा।

# स्वर्ण मंदिर को आठवीं बार बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को शनिवार को स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला। चौदह जुलाई के बाद से यह आठवीं ऐसी धमकी है। ऐसी धमकियों के मद्देनजर पवित्र सिख तीर्थस्थल स्वर्ण मंदिर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। मंदिर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी परिसर में गश्त कर रहे हैं। अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज ने अब तक अपराधियों की पहचान करने में केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की विफलता पर सवाल उठाये हैं। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि जांच जारी है। इस मामले में हिरासत में लिये गये एक संदिग्ध शुभम दुबे से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में तकनीकी विश्लेषण में समय लगता है।

# युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर घर में नज़रबंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने शनिवार तड़के युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर को उनके परिवार सहित घर में नज़रबंद कर दिया। श्री झिंजर के 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि, 'आज सुबह चार बजे से ही पंजाब पुलिस के 8-10 जवान बिना कोई कारण बताए सरबजीत सिंह झिंजर जी के घर में घुस आए जबकि अन्य पुलिस अधिकारियों ने परिसर को घेर लिया है।

पूरे परिवार के फ़ोन ज़ब्त कर लिए गए हैं और उन्हें नज़रबंद कर दिया गया है - फिर भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। भगवंत मान सरकार असहमति की आवाज़ दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन हमारे युवा अकाली दल के अध्यक्ष इन हथकंडों से नहीं डरेंगे। टीम सरबजीत सिंह झिंजर। उल्लेखनीय है कि पंजाब विधानसभा में जालंधर के कांग्रेस विधायक परगट सिंह द्वारा यह चौंकाने वाला स्वीकारोक्ति कि कांग्रेस ने बेअदबी मामले में जानबूझकर न्याय में देरी की, के बाद युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर ने शुक्रवार को जालंधर में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जालंधर में कांग्रेस कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेताओं के पुतले भी फूँके। युवा अकाली दल ने एक साथ पंजाब के सभी जिलों में कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालयों के बाहर कांग्रेस नेताओं के पुतले फूँके थे।

# राजद विधायक मुन्ना के बिगड़े बोल, कहा- मिश्रा, सिंह, झा, शर्मा का कोई गुजारा नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की पार्टी राजद के विधायक उनके ए-टू-जेड के समीकरण की बखिया उधेड़ रहे हैं। मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर विधानसभा से निर्वाचित मुन्ना यादव ने कहा कि मिश्रा,सिंह,झा और शर्मा का कोई गुजारा नहीं है। मुन्ना यादव ने कहा कि बिहार में सत्ता की गद्दी पर अब सिर्फ बहुजन ही बैठेगा। इस दौरान उनके बोल-वचन और हाव-भाव सवर्णों को निशाने बनाने वाले और उनके खिलाफ जातिसूचक टिप्पणी करने के रहे। पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें वे पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा का नाम लेकर भी सवर्णों के खिलाफ आग उगल रहे हैं। राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव ने राजद के टिकट पर वर्ष 2015 में 80,790 वोट लाकर मीनापुर विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की। इसके पहले वे वर्ष 2010 के चुनाव में करीब 6 वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। वहीं विधानसभा चुनाव 2020 में मुन्ना यादव ने एक बार फिर राजद के टिकट पर जीत हासिल करने में सफलता पाई। लगातार दो बार विधानसभा चुनाव जीत चुके मुन्ना यादव के खिलाफ कुछ मामले भी दर्ज हैं। 2010 में विधानसभा चुनाव के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगा था। इस मामले की सुनवाई इसी महीने 17 जुलाई को हुई थी। इसके अलावा भी वे सुर्खियां बटोरते रहे हैं। रमजान के महीने में मुन्ना यादव का एक बयान वायरल हुआ था। खुद को मुस्लिम हितैषी दिखाने के चक्कर में उन्होंने कहा था लोग उन्हें 'मोहम्मद मुन्ना' समझते हैं। इफ्तार पार्टी के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमे लोग कहता है कि हम मुन्ना यादव नहीं , मोहम्मद मुन्ना हैं।


## श्रवण मास का अंतिम चरण प्रारंभ

# भगवान परशुराम ने हरिद्वार से उठायी थी पहली कांवड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। श्रावण मास का कांवड़ मेला अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। डाक कांवड़िए चारों ओर दिखाई पड़ने लगे हैं। इसके साथ ही मोटरसाइकिल वाले कांवड़िये भी पहुंच रहे हैं। श्रावण मास में जग नियंता भगवान शिव अपनी ससुराल दक्ष नगरी कनखल में पूरे महीने निवास करते हैं और यहां से ब्रह्मांड का संचालन करते है। पौराणिक मान्यता है कि कांवड़ यात्रा का प्रारंभ भगवान परशुराम ने किया था। उन्होंने ही अपनी माता रेणुका की हत्या के दोष से मुक्त होने के लिए हरिद्वार से पहली कांवड़ उठाई थी। भगवान परशुराम ब्रह्म कुंड हर की पौड़ी से कांवड़ में जल भरकर पुरा महादेव मेरठ ले गए थे। परशुराम भगवान ने अपनी कांवड़ में गंगा की रेती के साथ-साथ भगवान शिव के प्रतीक गंगा जी के पत्थर भी ले गए थे, लेकिन जब वह इन पत्थरों को लेकर कांवड़ उठाकर चलने लगे तो पत्थर विलाप करने लगे जिस पर भगवान परशुराम ने उन्हें वचन दिया वह प्रतिवर्ष हरिद्वार से गंगाजल लाकर उनका अभिषेक करेंगे। तभी से श्रावण मास का कांवड़ मेला प्रचलित है। लेकिन समय के साथ-साथ इसका स्वरूप भी बदलता चला गया। सन 60 तथा 70 के दशक में कांवड़ मेले का जो स्वरूप था वह लगातार बदलता जा रहा है। जहां 60 के दशक में कांवड़िये परंपरागत वेशभूषा में बांस के डंडे पर दोनों और बांस की टोकरी में गंगा की रेती व पत्थर तथा कुशा घास के ऊपर कांच की छोटी-छोटी शीशी में गंगाजल लेकर लोकगीत गाते हुए रवाना होते थे। वहीं 80 और 90 के दशक में इसमें बहुत परिवर्तन आ गया। 90 के दशक में राम जन्मभूमि आंदोलन के कारण चली हिंदुत्व की प्रचंड लहर ने कांवड़ यात्रा का स्वरूप ही बदल दिया। पहले जहां यह संख्या सैंकड़ों में होती थी, राम जन्मभूमि आंदोलन के बाद लाखों में पहुंच गई। बड़ी-बड़ी कांवड़ों का दौर शुरू हो गया। इसके साथ ही बैठी कांवड़ खड़ी कांवड़ जैसी कठिन और कष्टप्रद कांवड़ भी शुरू हो गई। सन 2020 के बाद तो डाक कांवड़, बड़े-बड़े डीजे, म्यूजिक सिस्टम के साथ-साथ कांवड़ियों का उग्र प्रदर्शन भी सामने आने लगा। कांवड़ियों द्वारा लगातार हिंसक प्रदर्शन तोड़फोड़ ने जहां प्रशासन की जान सांसत में डाले रखी। वहीं स्थानीय नागरिकों को भी भयंकर स्थिति का सामना करना पड़ता था।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063